फाल्गुन शुक्ल पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 19 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 31, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



उत्तरी गोलार्ध में अब लंबे होने शुरू होंगे दिन 16

नौ महीने के लीप के साथ काव्या का नया रूप 15

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

## एक नजर

### गेम खेलने से रोका तो किशोर ने लगा ली फांसी

**हल्द्वानी, अमृत विचार** : मोबाइल पर गेम खेलने की लत बच्चे की जान पर भारी पड़ गई। लत से नाराज परिजनों ने उसे डांटा तो महज 13 साल के बच्चे ने फांसी लगाकर जान दे दी। मुखानी थानाक्षेत्र के कमलुवागांजा निवासी शिवराज सिंह के 13 वर्षीय बेटे रविनेश बनकोटी ने रविवार शाम फांसी लगाई। परिजन बच्चे को फंदे से उतार कर एसटीएच लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मजिस्ट्रेट के आदेश पर पंचनामा भर बगैर पोस्टमार्टम शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। चर्चा है कि रविनेश मोबाइल फोन पर गेम बहुत खेलता था। इसी को लेकर परिजनों ने उसे डांटा था। जिसके बाद उसने फांसी लगा ली।

### प्रभा वर्मा को 2023 का सरस्वती सम्मान

**नई दिल्ली।** प्रख्यात साहित्यकार प्रभा वर्मा को उनकी मलयाली काव्यकृति 'रौद्र सात्विकम्' के लिए 2023 का प्रतिष्ठित सरस्वती सम्मान प्रदान किया जाएगा। सम्मान प्रदान करने वाली संस्था केके. बिड़ला फाउंडेशन ने सोमवार को बताया कि सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एके. सीकरी की अध्यक्षता वाली 13 सदस्यीय चयन परिषद ने 'रौद्र सात्विकम्' का चयन किया। यह सम्मान प्रतिवर्ष किसी भारतीय नागरिक की ऐसी उत्कृष्ट साहित्यिक कृति को दिया जाता है, जो भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में उल्लिखित किसी भी भारतीय भाषा में सम्मान वर्ष से ठीक पहले की 10 वर्ष की अवधि में प्रकाशित हुई हो। सम्मान के तहत 15 लाख रुपये की पुरस्कार राशि के साथ एक प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट किया जाता है।

### अंतरराज्यीय एटीएम डकैत मुस्ताक गिरफ्तार

**अलवर।** राजस्थान सहित अनेक राज्यों में एटीएम लूट और डकैती आदि के करीब आधा दर्जन से अधिक मामलों में आरोपी मुस्ताक उर्फ कन्नड़ मेव को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा द्वारा चलाए जा रहे वांछित आरोपियों की धर पकड़ अभियान के अंतर्गत मुस्ताक उर्फ कन्नड़ (26) को उसके गांव करोली जागीर से गिरफ्तार किया गया है।

# एसबीआई 21 तक दे चुनावी बॉण्ड से संबंधित जानकारियां : सुप्रीम कोर्ट



- कोर्ट ने लगाई फटकार, मामले में चुनिंदा रवैया नहीं अपनाने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तीसरी बार भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को फटकार लगाते हुए उसे चुनिंदा रवैया न अपनाने और 21 मार्च तक चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित सभी जानकारियों का पूरी तरह खुलासा करने को कहा। उच्चतम न्यायालय ने चुनावी बॉण्ड से संबंधित सभी जानकारियों का खुलासा करने को कहा जिसमें विशिष्ट बॉण्ड संख्याएं भी शामिल हैं जिससे खरीददार और प्राप्तकर्ता राजनीतिक दल के बीच राजनीतिक संबंध का खुलासा होगा। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय पीठ ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि एसबीआई को बॉण्ड की सभी जानकारियों का पूरी तरह खुलासा करना होगा। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग एसबीआई से जानकारियां मिलने के बाद अपनी वेबसाइट पर तुरंत इन्हें अपलोड करे। पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए केंद्र की चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया था और इसे असंवैधानिक करार देते हुए निर्वाचन आयोग को चंदा देने वालों, चंदे के रूप में दी गई राशि और प्राप्तकर्ताओं का 13 मार्च तक खुलासा करने का आदेश दिया था।

# पीएसी के दो पूर्व आरक्षियों को उम्रकैद

## रामपुर तिराहा कांड

- विशेष अदालत ने दोषियों पर 50 50 हजार का जुर्माना भी लगाया
- 15 मार्च को दोषी करार देने के बाद कोर्ट ने सुरक्षित रखा था निर्णय

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

मुजफ्फरनगर की एक विशेष अदालत ने करीब 30 वर्ष पहले उत्तराखंड को अलग राज्य बनाये जाने की मांग कर रही महिला आंदोलनकारियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म के जुर्म में सोमवार को पीएसी (प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी) के दो पूर्व सिपाहियों (आरक्षी) को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अभियोजन अधिकारी (सीबीआई) धारा सिंह ने बताया कि विशेष सीबीआई न्यायाधीश शक्ति सिंह ने दो पूर्व पीएसी कांस्टेबल मिलाप सिंह और वीरेंद्र प्रताप पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने दोनों को सामूहिक दुष्कर्म समेत भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं के तहत दोषी ठहराया था। रामपुर तिराहा पुलिस गोलीबारी मामले में विशेष सीबीआई अदालत ने दो पूर्व पीएसी कांस्टेबल को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी, जिन पर 1994 में पृथक उत्तराखंड की मांग करने वाली महिला कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक बलात्कार के मामले में सुनवाई चल रही थी। अदालत ने 15 मार्च को ही आरोपियों को दोषी करार दिया था और सजा के विषय पर 18 मार्च तक अपना आदेश सुरक्षित रखा था। सिंह के अनुसार इस मामले में सीबीआई ने 15 गवाहों को पेश किया है, जिनमें एक 75 वर्षीय पीड़ित महिला, एक पूर्व गृह सचिव दीप्ति विलास भी शामिल हैं। फैसला देते हुए अपर जिला न्यायाधीश शक्ति सिंह ने लिखा कि महिला आंदोलनकारी के साथ बर्बरता और अमानवीय व्यवहार किया गया है। यह अपराध पूरी मानवता को शर्मसार कर देने वाला है।

### दो अक्टूबर 1994 को हुई थी घटना

दो अक्टूबर 1994 को अलग उत्तराखंड राज्य की मांग के समर्थन में आंदोलनकारी बसों से ऋषिकेश से दिल्ली जा रहे थे। इस दौरान आंदोलनकारी रात को जब मुजफ्फरनगर जिले के रामपुर तिराहा पर पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। जब आंदोलनकारी नहीं माने तो पुलिसकर्मियों ने गोलीबारी की। उस दौरान उत्तराखंड के सात कार्यकर्ताओं की मौत हो गयी तथा महिला कार्यकर्ताओं के साथ बलात्कार किया गया। इस मामले में दो दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों पर गंभीर धाराओं के साथ ही सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ था।

# उत्तराखंड समेत छह राज्यों के गृह सचिव और बंगाल के डीजीपी हटाए

## आचार संहिता लागू होने के बाद निर्वाचन आयोग ने की पहली बड़ी कार्रवाई

- विवेक सहाय बनाए गए पश्चिम बंगाल के नए पुलिस महानिदेशक

नई दिल्ली, ब्यूरो

**अमृत विचार:** आचार संहिता लागू होने के बाद सोमवार को निर्वाचन आयोग ने 8 राज्यों पर कड़ी कार्रवाई की है। प्राप्त शिकायतों के आधार पर आयोग ने सोमवार को एक बैठक बुलाई थी जिसके तत्काल बाद उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, हिमाचल, झारखंड एवं बिहार के गृह सचिवों को हटा दिया गया। पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक, महाराष्ट्र एवं मिजोरम के एक-एक आईएएस अधिकारी को भी हटाया गया है। निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को विवेक सहाय को राज्य का नया डीजीपी नियुक्त किया है।

1989 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कुमार उस समय चर्चा में आए थे जब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनके समर्थन में धरना दिया था। सहाय के विरुद्ध प्राप्त शिकायत में आयोग ने पाया है कि वह आईजी के पद पर रहते हुए डीजीपी के पद की जिम्मेदारी भी निभा रहे थे। उत्तर प्रदेश में 1995 बैच के आईएएस अधिकारी संजय प्रसाद के पास इस समय प्रमुख सचिव गृह के अलावा प्रमुख सचिव सूचना एवं कुछ अन्य जिम्मेदारियां भी थीं। उत्तराखंड में शैलेश बगौली के पास भी गृह सचिव के अलावा अन्य विभाग भी थे। गुजरात में पंकज जोशी मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव हैं। उनके पास गृह सचिव की भी जिम्मेदारी थी। उनकी जगह एके राकेश को गृह सचिव बनाया गया है। बिहार में एस.सिद्धार्थ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रधान सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव भी हैं। उन्हें भी गृह सचिव पद से हटा दिया गया है। झारखंड में अरवा राजकमल के पास गृह सचिव के अलावा मुख्यमंत्री के सचिव व तीन अतिरिक्त पदों की जिम्मेदारी थी। हिमाचल में अभिषेक जैन मुख्यमंत्री के भी सचिव थे। महाराष्ट्र में इकबाल सिंह चहल को मुंबई नगर निगम के आयुक्त पद से हटा दिया गया है।

### आम जनता भी कर सकती है शिकायत : राजीव कुमार



मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा है कि यदि देश भर में कहीं भी आचार संहिता का उल्लंघन होता है तो आम जनता भी उसकी शिकायत चुनाव आयोग से कर सकती है। शिकायत मिलने के डेढ़ घंटे के अंदर कार्रवाई की जाएगी। कुमार के मुताबिक निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव कराने के लिए आयोग ने आम जनता को भी हिस्सेदार बनाया है और एक ऐप विकसित किया गया है। जिसकी जानकारी निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से ली जा सकती है। शिकायतों के निपटारे के लिए निर्वाचन आयोग एवं राज्यों में कंट्रोल रूम खोला गया है।

### नैनीताल में 57 उड़नदस्ता व 66 वीडियो चौकसी दल तैनात

**नैनीताल।** उत्तराखंड में आम चुनावों को निष्पक्ष, शान्ति पूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय ने कमर कस ली है और इसके लिए सख्त निर्देश दिए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी पीआर चौहान ने बताया कि निष्पक्ष चुनाव के लिए 57 उड़नदस्ता दल (एफएसटी), 66 वीडियो चौकसी दल (वीएसटी), 12 वीडियो अवलोकन दल (वीवीटी) और 18 स्टैटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) को तैनात किया गया है और सभी ने काम करना शुरू कर दिया गया है। पीआर चौहान ने बताया कि विधानसभावार टीमों का गठन किया है और सभी टीमों ने काम करना शुरू कर दिया है। टीमों को अवैध धन, शराब, मादक पदार्थ सहित सभी प्रकार की संदेहास्पद सामग्री पर लगाम लगाने के अलावा जांच करने निर्देश दिए गए हैं।

# डूंगरपुर मामले में आजम खां को 7 साल की सजा, 8 लाख जुर्माना



- रिटायर्ड सीओ, ठेकेदार और पूर्व पालिकाध्यक्ष को पांच-पांच साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** डूंगरपुर प्रकरण के एक मामले में कोर्ट ने सोमवार को सपा नेता आजम खां को सात साल की सजा सुनाई है। इनके अलावा तीन अन्य दोषियों को पांच-पांच की साल सजा हुई है। अदालत ने तीनों पर साढ़े तीन लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। शनिवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने मामले में आजम खां, रिटायर्ड सीओ आले हसन, ठेकेदार बरकत अली व पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां को दोषी करार दिया था। लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया के बीच आजम खां को सजा होने से समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका लगा है।

गंज थाना क्षेत्र में डूंगरपुर बस्ती को तीन फरवरी 2016 में खाली कराए जाने के आरोप में 2019 में 12 मामले दर्ज हुए थे। ये सभी मामले बस्ती में रहने वाले लोगों ने दर्ज कराए थे। इनमें से 25 जुलाई 2019 को एहतेशाम ने भी एक मामला दर्ज कराया था जिसमें 25,000 रुपये लूटने और मकान पर बुलडोजर चलवाने का आरोप लगाया था। आजम खां को आपराधिक षड़यंत्र रचने का आरोपी बनाया था। अन्य के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट, धमकाने व डकैती के गंभीर आरोप लगाए थे। कुल सात लोग आरोपी थे। इस मामले में सपा के प्रदेश सचिव ओमेंद्र सिंह चौहान, जिबरान नासिर, फरमान नासिर साक्ष्यों के अभाव में बरी हो गए थे। सजा के फैसले के दौरान आजम खां सीतापुर जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये सुनवाई में शामिल हुए। अजहर खां, बरकत अली, आलेहसन खां की भी वीसी के जरिये कोर्ट में पेशी हुई। एडीजीसी कुमार सौरभ ने बताया कि आजम खां को सात साल की सजा, रिटायर्ड सीओ आलेसहन, बरकत अली और पूर्व पालिका चेयरमैन को पांच-पांच साल की सजा सुनाई गई है।

### इन धाराओं में हुई सजा

आजम खां को धारा 452 में सात साल की सजा, पांच लाख का जुर्माना, धारा 427 में दो साल की सजा, एक लाख का जुर्माना, 504 में दो साल की सजा एक लाख का जुर्माना, धारा 506 में दो साल की सजा, एक लाख का जुर्माना लगा है। आले हसन, बरकत अली और अजहर खां सहित प्रत्येक को धारा 452 में पांच साल की सजा, दो लाख का जुर्माना, धारा 427 में एक साल की सजा, 50 हजार का जुर्माना, धारा 504 में एक साल की सजा, 50 हजार का जुर्माना, धारा 506 एक साल की सजा, 50 हजार का जुर्माना लगा है।

### 11 गवाहों ने दर्ज कराए बयान

डूंगरपुर के मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 11 गवाहों ने बयान दर्ज कराए गए थे। जबकि इन 11 गवाहों में से सात गवाह सरकारी कर्मचारी थे। बाकी एक वादी और अन्य गवाह थे। मामले में आजम खां के खिलाफ 12 मार्च 2021 को चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की गई थी, जबकि अन्य आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट 6 अक्टूबर 2021 को दी गई थी।

# सत्येंद्र जैन की बेल अर्जी खारिज, तिहाड़ जेल लौटे



- 26 मई 2023 से मेडिकल आधार पर चल रहे थे जमानत पर

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) नेता सत्येन्द्र जैन धनशोधन मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियमित जमानत याचिका खारिज किये जाने के कुछ ही घंटे बाद तिहाड़ जेल लौट आए। एक जेल अधिकारी ने कहा कि जैन शाम को तिहाड़ जेल पहुंचे। उन्हें जेल में रखने की औपचारिक प्रक्रिया जारी है। जैन जेल में आत्मसमर्पण करने के लिए शाम करीब छह बजे उत्तर पश्चिम दिल्ली के सरस्वती विहार स्थित अपने आवास से निकले। शीर्ष अदालत ने जैन के वकील के उस मौखिक अनुरोध को खारिज कर दिया, जिसमें उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए एक सप्ताह का समय देने का अनुरोध किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 17 जनवरी को जैन की नियमित जमानत याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शीर्ष अदालत ने 26 मई, 2023 को जैन को चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत दी थी और इसे कई बार बढ़ाया गया।

# तेलंगाना की राज्यपाल सौंदरराजन ने दिया इस्तीफा

**हैदराबाद/पुडुचेरी।** तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राजभवन ने सोमवार को यह जानकारी दी।

सौंदरराजन पुडुचेरी के उपराज्यपाल का पद भी संभाल रही थीं। उन्होंने अपना त्यागपत्र राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को भेज दिया है। बताया गया है कि तेलंगाना की राज्यपाल और पुडुचेरी की उपराज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सौंदरराजन ने इस्तीफा दे दिया है। सौंदरराजन का इस्तीफा इन खबरों के बीच हुआ है कि वह तमिलनाडु से आगामी लोकसभा चुनाव लड़ सकती हैं।

# पांच साल की बेटी की बाप ने की हत्या



बच्ची की मौत के बाद जानकारी लेती पुलिस।

- घर के बाहर खेल रही थी बच्ची बुलाने पर भीतर न आने से गुस्साए पिता ने सिर पर मार दी ईंट, इलाज के दौरान हुई बच्ची की मौत

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** घर के बाहर खेल रही पांच साल की बच्ची को उसी के पिता ने ईंट मारकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया है।

कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र के ग्राम खरमासा, हनुमान कॉलोनी निवासी नन्हे अपनी दो बेटियों व पत्नी के साथ रहता है। वह मजदूरी करता है। रविवार शाम उसकी पांच साल की बेटी योगिता घर के बाहर खेल रही थी। नन्हे ने उसे आवाज देकर भीतर बुलाया, लेकिन योगिता खेलने में मस्त रही। इससे नन्हे गुस्से में आ गया और आवेश में आकर उसने बच्ची को पास में पड़ी ईंट उठाकर मार दी, जो बच्ची के सिर पर लगी और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई। सोमवार को परिजन बच्ची के अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे, तभी किसी ने पुलिस को घटना की सूचना दे दी। काशीपुर एसपी अभय सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया है। बच्ची की मां ने भी आरोपी पिता के खिलाफ तहरीर दी है। बताया जा रहा है कि आरोपी नन्हे का करीब एक साल पूर्व एक्सीडेंट हो गया था, जिसमें उसके सिर पर चोट आई थी और तब से उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं है।

# ईडी के समक्ष पूछताछ को पेश नहीं हुए केजरीवाल



- जल बोर्ड मामले में दिए गए समन को बताया गैरकानूनी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली जल बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन पर सोमवार को उसके सामने पेश नहीं हुए। वहीं आम आदमी पार्टी (आप) ने समन को गैरकानूनी बताया और केंद्र की भाजपा सरकार पर केजरीवाल को निशाना बनाने और उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने के लिए ईडी का इस्तेमाल करने आरोप लगाया। पार्टी ने आरोप लगाया कि समन अवैध है। भाजपा ईडी का इस्तेमाल करके लोकसभा चुनाव लड़ना चाहती है। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पलटवार करते हुए कहा कि आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने ईडी के समन पर बार-बार पेश नहीं होकर अपना सम्मान गंवा दिया है और आरोप लगाया है कि दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में घोटाला हुआ है।

# ईडी ने की वर्द्धमान एजुकेशनल सोसायटी की संपत्ति अटैच

- एक करोड़ रुपये से अधिक की है संपति छात्रों का फर्जी दाखिला दिखाकर करोड़ों की छात्रवृत्ति हड़पने का है आरोप

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार:** ईडी ने छात्रवृत्ति घोटाले से संबंधित रुड़की की वर्द्धमान एजुकेशनल सोसायटी की एक करोड़ रुपये से अधिक संपत्ति को अटैच कर दिया है।

आरोप है कि इन शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति- जनजाति (एससी-एसटी) के छात्रों का फर्जी दाखिला दिखाकर करोड़ों की छात्रवृत्ति हड़पी गई। इस मामले में ईडी पहले भी कई शिक्षण संस्थानों की संपत्तियों को अटैच कर चुकी है। इस मामले में पुलिस जांच के बाद ईडी ने भी धन शोधन अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कार्रवाई शुरू की थी। ईडी ने उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश के तमाम शिक्षण संस्थानों को नोटिस भेजकर पूछताछ की थी। जांच के बाद अब इस मामले में ईडी ने रुड़की के वर्द्धमान एजुकेशनल सोसायटी की अचल संपत्ति को अटैच किया है। इस संपत्ति की कीमत करीब एक करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है। यह सोसायटी रुड़की में इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज और आईएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी नाम से शिक्षण संस्थान संचालित करती है।

जानकारी के अनुसार इन शिक्षण संस्थानों ने एससी-एसटी वर्ग के छात्रों का फर्जी दाखिला दर्शाया और इसके बाद ट्यूशन फीस व अन्य शुल्क के नाम पर समाज कल्याण विभाग से छात्रवृत्ति हासिल कर ली। कुछ धन से संपत्तियों की खरीद हुई। जबकि, कुछ धन का प्रयोग चेयरमैन आदि अधिकारियों ने किया।

# शपथ दिलाने से इनकार पर सुप्रीम कोर्ट पहुंची सरकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) विधायक के. पोनमुडी को राज्य मंत्रिमंडल में शामिल करने के लिए राज्यपाल आरएन. रवि को निर्देश देने की मांग वाली तमिलनाडु सरकार की याचिका पर शीघ्र सुनवाई करेगा। कोर्ट ने सोमवार को राज्य सरकार की याचिका सुनवाई के लिए स्वीकार कर ली।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और पी विल्सन की दलीलें सुनने के बाद शीघ्र सुनवाई के लिए मामले को सूचीबद्ध करने की उनकी गुहार स्वीकार की। पीठ की ओर से न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने सिंघवी से कहा कि वह मामले की शीघ्र सुनवाई से संबंधित ईमेल भेजें, हम गौर करेंगे। ज्ञातव्य है कि पोनमुडी आय से अधिक संपत्ति के एक मुकदमे में आरोपी हैं और सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को सजा पर रोक लगा दी थी। आदेश के बाद उनकी विधानसभा की सदस्यता बहाल कर दी थी। सीएम एमके स्टालिन ने उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल करने की सिफारिश की, पर राज्यपाल ने शपथ दिलाने से इनकार कर दिया था।

# कोलकाता में निर्माणाधीन इमारत ढही 7 लोगों की मौत, 4 अभी मलबे में दबे

- मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कड़ी कार्रवाई का दिया आश्वासन

कोलकाता, एजेंसी



हादसे के बाद मौके पर राहत के लिए जुटा बचाव दल।

कोलकाता के गार्डन रीच इलाके में एक निर्माणाधीन पांच मंजिला इमारत ढहने से दो महिलाओं सहित सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। शहर के पश्चिमी इलाके में अजान मुल्ला लेन में बचाव अभियान में लगे अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने कहा कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि कम से कम चार लोग अभी भी मलबे के नीचे दबे हुए हैं। उनमें से केवल एक के ही जीवित होने के संकेत हैं। कोलकाता के महापौर फिरहद हकीम ने कहा कि घटनास्थल पर बचाव अभियान जारी है जहां यह इमारत अवैध रूप से बनाई जा रही थी। हाकिम ने बताया कि इमारत के प्रवर्तक मोहम्मद वसीम को गिरफ्तार कर लिया गया है और कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घटनास्थल का दौरा किया और लोगों को अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिया।

# राजस्थान में साबरमती-आगरा कैंट एक्सप्रेस पटरी से उतरी

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर रेल मण्डल में अजमेर एवं मदार रेलवे स्टेशनों के मध्य मदार होम सिगनल के पास साबरमती-आगरा कैंट सवारी रेलगाड़ी रविवार देर रात पटरी से उतर गई। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 12548, साबरमती-आगरा कैंट देर रात 01.04 बजे मदार में पटरी से उतर गई जिसमें उसका इंजन और चार जनरल कोच पटरी से उतर गए। हादसे में सभी यात्री सुरक्षित बच गए, किसी के हताहत एवं घायल होने की सूचना नहीं हैं। इससे इस मार्ग पर रेल यातायात प्रभावित हुआ।

## एक नजर

### विश्वकुलम के तीन बच्चों का सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में प्रवेश

**नैनीताल :** विश्वकुलम दि ग्लोबल स्कूल मेहरागांव के तीन विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल घोड़ाखाल की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। प्रवेश पाने वाले छात्रों में बृजेश जोशी, कार्तिक चंद्रा व हर्षित मेहरा शामिल हैं। विद्यालय प्रबंधक दिनेश चंद्र पांडे ने बताया कि विद्यालय के लिए यह बड़ी उपलब्धि है।

### होली से पहले पालिका कर्मियों को वेतन का तोहफा

**नैनीताल :** भवन व सफाई कर वसूली में पार्किंग टेंडर होने से हुई आमदनी से पालिका इस माह होली पर कर्मचारियों को राहत देगी। बीते एक माह का वेतन होली के पूर्व कर्मचारियों को दिया जाएगा। पिछले सालों में खराब वित्तीय प्रबंधन की वजह से कर्मचारियों को वेतन व पेंशन के लिए परेशान होना पड़ता था। पालिका अधिकारियों के प्रयासों से फरवरी माह का ही वेतन पेंशन भुगतान शेष है। ईओ राहुल आनंद ने बताया कि होली से पूर्व कर्मचारियों को एक माह का वेतन भुगतान कर दिया जाएगा। साथ ही मासिक ग्रांट के लिए शासन स्तर पर पत्राचार कर दिया गया है।

### चिप्स और पापड़ बनाने के लिए महिलाओं को ज्यादा दाम चुकाकर खरीदना होगा आलू

# होली में आलू पर चढ़ा महंगाई का रंग

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** जो लोग आलू को भाव नहीं देते थे, वे भी अब उसकी अहमियत समझ रहे होंगे, क्योंकि मटमैले आलू पर होली का 'गुलाबी' रंग चढ़ चुका है और वह इठलाने लगा है।

ऐसे में, जो महिलाएं होली पर आलू के चिप्स व पापड़ बनाने की सोच रही हैं, उन्हें अब बढ़े दाम में आलू खरीदना पड़ेगा। नवीन मंडी के आढ़तियों ने बताया कि आलू के दाम में अचानक से बढ़ोतरी हुई है। मंडी में आलू की करीब 50 किलो की बोरी की कीमत 350-400 रुपये से बढ़कर 700-750 रुपये हो गई है। इसी तरह बाजार में प्रति किलो आलू के दाम 15 रुपये से बढ़कर 20-25 रुपये पहुंच गए हैं।

आढ़तियों ने बताया कि आलू की आमद कम होने व होली की वजह से मांग बढ़ी है, इसलिए उसके भाव अचानक से बढ़ गए। उन्होंने बताया कि इन दिनों आलू कोल्ड स्टोर में जाता और बाजार में भी उसकी मांग रहती है। आढ़तियों ने कहा कि होली पर चिप्स, पापड़ आदि का कारोबार करने वाले लोग व कंपनियां इन दिनों सीधे किसानों से संपर्क कर आलू खरीद रही हैं। उन्होंने बताया कि शहर की मंडी में यूपी व पंजाब से आलू आता है और प्रतिदिन करीब 7-8 बड़ी गाड़ियां यहां पहुंच रही हैं।

> बाजार में आलू की मांग है और किसान इसे कोल्ड स्टोर में भी भेज रहे हैं, जिससे इसके दाम बढ़े हैं। होली तक आलू के दाम कम होने के आसार नहीं हैं।
>
> **-कैलाश जोशी**, अध्यक्ष, आढ़ती एसोसिएशन



नैनीताल में तल्लीताल स्थित सब्जी की दुकान। ● अमृत विचार

### एक बार फिर सब्जियों के दामों में बढ़ोतरी

**नैनीताल।** मौसम में बदलाव का असर अब सब्जियों पर देखने को मिल रहा है। गर्मियों की मौसम आते ही हरी सब्जियों के दाम बढ़ गए हैं। मटर से लेकर शिमला मिर्च तक के दामों में बढ़ोत्तरी हुई है। एक बार फिर से गृहणियां परेशान हो रही हैं। मौसम में आए बदलाव से सब्जियों के दाम आसमान छूने लगे हैं। मटर के दाम चार दिनों में दोगुने हो गए हैं, जबकि टमाटर, बैगन, शिमला मिर्च, पालक, मेथी, सेम आदि के दाम भी बढ़ गए हैं। इससे रसोई का बजट बिगड़ गया है। बाजार में पहले जहां मटर 30 रुपये प्रति किलो बिक रही थी, वह अब 80 रुपये प्रति किलो हो गई है। बैगन एक माह पूर्व जहां 20 रुपये प्रति किलो था, अब बढ़कर 50 रुपये प्रति किलो हो गया है। अब टमाटर भी 40 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। शिमला मिर्च 80 रुपये प्रति किलो, आलू 20 रुपये प्रति किलो प्याज़ 40, गोभी 80, लौकी 40, बीन 80, करेला 100, नींबू 150, हरी मिर्च 120, भिंडी 80 में बिक रहे हैं।

# महंगी हुई गुजिया की मिठास

- **सिर्फ सौंफ के दाम 40 रुपये गिरे, गोले के दाम स्थिर**
- **घी, मावा, चिरौंजी, खरबूजे गिरी, इलाइची, काजू, बादाम के दाम अचानक से बढ़े**

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** होली पर घर में गुजिया बनाने की सोच रही महिलाओं को अब थोड़ा ज्यादा जेब ढीली करनी होगी, क्योंकि इसमें इस्तेमाल होने वाली ज्यादातर वस्तुओं की कीमत बढ़ गई हैं। घी, मावा, चिरौंजी, खरबूजे गिरी, इलाइची, काजू, बादाम आदि के दामों में बढ़ोत्तरी हुई है।

बाजार में उपलब्ध अलग-अलग कंपनियों के घी के दाम बढ़ गए हैं। नवीन गल्ला मंडी के थोक विक्रेताओं ने बताया कि 1540 रुपये प्रति किलो घी अब 1640 रुपये का हो गया है। इसी तरह मावा के दाम में भी एकदम से बढ़ोत्तरी हुई है। 240-260 रुपये किलो बिक रहे मावा की कीमत अब 300-360 रुपये पहुंच गई है। आंचल डेयरी का मावा 400 रुपये किलो और अन्य दुग्ध कंपनियों का मावा 450 रुपये बिक रहा है। आढ़ती दीपांशु गुप्ता ने बताया कि चिरौंजी के दाम पिछली होली में 1200 रुपये थे लेकिन अब दोगुना होकर 2300 रुपये प्रति किलो पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि अलग-अलग वैरायटी में इलायची 1650 से 3200 रुपये किलो बिक रहा है। हालांकि, फुटकर में इलायची के दाम 1800 रुपये किलो से शुरू हैं। इसी तरह काजू, बादाम, किशमिश आदि की भी अलग-अलग वैराइटी बाजार में उपलब्ध है। गल्ला मंडी में काजू के 540 से 690 रुपये, बादाम 590 से 680 रुपये और किशमिश 290 से 500 रुपये के बीच बिक रहा है।

आढ़तियों ने बताया कि सिर्फ सौंफ के दाम 40 रुपये गिरे हैं। पहले 280 रुपये किलो में बिक रहे सौंफ के दाम अब 240 हो गए हैं। गोले के दाम 130 रुपये पर स्थिर हैं।



### तेल के दामों में भी हुई बढ़ोत्तरी

सरसों व रिफाइंड के दामों में भी अचानक से बढ़ोत्तरी हुई है। आढ़तियों ने बताया कि सरसों का तेल पहले 110 रुपये लीटर था, जो अब 125-130 रुपये हो गया है। इसी तरह रिफाइंट के दाम पहले 115 से अब 125-130 रुपये हो गए हैं।



> अब सामान्य वर्ग के लिए त्योहार मनाना महंगा हो गया है। हर साल घर पर गुजिया बनाती थी लेकिन इस बार थोड़ा बहुत बाजार से ही खरीद लेंगे।
>
> **- शांति बिष्ट, गृहणी**



> महंगाई का असर त्योहारों पर भी दिखने लगा है। अब लोग त्योहारों को सामान्य तरीके से मना रहे हैं। जितना जरूरी हो, उतना ही सामान ला रहे हैं।
>
> **- रमा पांडे, शिक्षिक**

# होली गीतों पर झूमे पांच कुमाऊं के पूर्व सैनिक, उड़ाया अबीर-गुलाल

## 63वें स्थापना दिवस पर पुनर्मिलन और होली मिलन समारोह का आयोजन, शहीदों को दी श्रद्धांजलि, यूनिट के सफल अभियानों को किया याद

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** 63वें स्थापना दिवस पांच कुमाऊं के पूर्व सैनिक जमकर झूमे। अबीर-गुलाल उड़ाए और शहीदों को नमन कर यूनिट के सफल अभियानों को याद किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित हुए पुनर्मिलन और होली मिलन समारोह के दौरान वीर नारियों को सम्मानित किया गया।

सोमवार को आरटीओ रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में पांच कुमाऊं का 63वां स्थापना दिवस मनाया गया। पूर्व सैनिक कैप्टन टीएस सुयाल ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मेजर कुंवर सिंह माहरा रहे। उन्होंने पांच कुमाऊं यूनिट का इतिहास साझा करते हुए बताया कि 1788 में यूनिट की शुरुआत हुई थी। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद इस पलटन को तोड़ दिया गया। 20 मार्च 1962 को कर्नल एचएस ढिल्लन ने चौबटिया में दोबारा इसकी स्थापना की। बताया कि वर्तमान में यह यूनिट देहरादून में तैनात है। यूनिट की सफलता के लिए वर्ष 2012 में दक्षिण पश्चिम कमान के आर्मी कमांडर और 2016 में उत्तरी कमान के आर्मी कमांडर ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। स्थापना दिवस के मौके पर ही पूर्व सैनिकों ने पुनर्मिलन और होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया। इस दौरान 'हम छूं कुमाय्यां हमरो कुमाऊं', और 'खोल दे माता खोल भवानी' चाचरी गाकर पूर्व सैनिक और उनके परिजन जमकर थिरके। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।



समारोह के दौरान होली गीतों पर झूमते पांच कुमाऊं के पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार



इनरव्हील क्लब ऑफ राइजिंग स्टार के होली समारोह में शामिल सदस्य। ● अमृत विचार

### होली उत्सव मनाकर की खूब मस्ती

**हल्द्वानी :** इनरव्हील क्लब ऑफ राइजिंग स्टार्स की महिला सदस्यों ने होली उत्सव पर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। सोमवार को क्लब की सदस्यों द्वारा होली पर्व के अवसर पर नानक स्वीट्स में होली उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान सदस्यों ने शगुन का गुलाल लगाया और हाउजी समेत अन्य खेल खेलकर खूब मस्ती की। कार्यक्रम में अपने-अपने क्षेत्र में सफलतापूर्वक कार्य कर हल्द्वानी का नाम रोशन कर रहीं सुजाता माहेश्वरी, पाला मेहता और पल्लवी शाह को महिला दिवस के अवसर पर स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया गया। वहां पर क्लब की संयुक्त सचिव शिखा अग्रवाल, सचिव शैली, मीनू, शिखा, दीपा आदि मौजूद रहीं।



रंग बिरंगे कपड़ों में सजी-धजी महिलाएं व स्कूली छात्राएं। ● अमृत विचार

### होली खेले पशुपतिनाथ नगर नेपाला में...

**नैनीताल।** श्री राम सेवक सभा की ओर से आयोजित 28वें फागोत्सव में सोमवार को तल्लीताल धर्मशाला से होली जुलूस निकाला गया। इसमें नगर के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं सहित स्थानीय लोगों व होलियारों ने प्रतिभाग किया। वहीं होली जुलूस में होल्यार हो रही जय-जयकार, जनकपुर जाना है...,जो नर जीवे खेले फाग..., होली खेले पशुपतिनाथ नगर नेपाला में.... बृज में होरी रे रसिया... आज बिरज में होली रे रसिया..रंग डारो पिया रे...होली बृज में कैसे खेलूं सांवरिया के संग...गीत गाकर समा बांध दिया। होली जुलूस मल्लीताल बाजार, आर्य समाज, कमेटी लाइन, जयलाल साह बाजार से होता हुआ वापस राम सेवक सभा प्रांगण तक पहुंचा। इस दौरान महिला दलों ने नाटकों के जरिए प्रकृति संरक्षण पलायन पर रोकथाम आदि का संदेश दिया। इस दौरान अध्यक्ष मनोज साह, महासचिव जगदीश बवाड़ी, भुवन बिष्ट, हरीश राणा, मुकेश जोशी मंटू, संरक्षक गिरीश जोशी मक्खन, विमल चौधरी, भुवन बिष्ट, राजेंद्र बिष्ट, हिमांशु जोशी, अशोक शाह आदि मौजूद रहे।

## मंसूरी, खटीमा कांड के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**रामनगर।** राज्य आंदोलनकारी उपपा के प्रधान महासचिव प्रभात ध्यानी ने मुजफ्फरनगर कांड के दो आरोपियों को आजीवन कारावास एवं 40000 रुपये अर्थदंड लगाने के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने उत्तराखंड सरकार से मांग की है कि रामपुर तिराहा कांड, मंसूरी कांड के दोषियों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की है। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रधान महासचिव प्रभात ध्यानी ने बताया कि 30 वर्ष पूर्व एक एवं दो अक्टूबर 1994 को राज्य निर्माण की मांग को लेकर दिल्ली रैली में भाग लेने जा रहे आंदोलनकारियों को तत्कालीन उत्तर प्रदेश की सरकार के निर्देश पर पुलिस-प्रशासन द्वारा जबरन रोकते हुए बर्बरता की गई तथा महिला आंदोलनकारी के साथ छेड़छाड़ करते हुए उनकी अस्मिता के साथ खिलवाड़ किया गया। 30 साल का लंबा समय बीतने के बाद माननीय न्यायालय द्वारा दो आरोपियों को आजीवन कारावास एवं अर्थदंड की सजा से दुष्कर्म की पीड़ित बहनों एवं उत्तराखंड के लोगों के घाव पर पड़े जख्मों को शीतलता मिली है।



प्रभात ध्यानी।

# युवाओं ने ली भाजपा की सदस्यता

**संवाददाता भीमताल**

**अमृत विचार :** भीमताल में कांग्रेस को झटका देते हुए कई युवाओं ने देहरादून में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भाजपा की सदस्यता ले ली है। इन युवकों ने प्रदेश अध्यक्ष भाजपा महेन्द्र भट्ट और कैबिनेट मंत्री सौरव बहुगुणा के सम्मुख भाजपा का दामन थामा है।

इनमें जहां कई वर्षों तक कांग्रेस के विभिन्न पदों पर रहने वाले नितेश बिष्ट समेत वर्तमान में यूथ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष कार्तिक कर्नाटक, व्यापारी नेता मनोज दुर्गापाल समेत निवर्तमान सभासद नीरज रैकुनी, पंकज गिरी, विक्रम कंडारी, दीपक तिवाड़ी, निखिल आर्या, कृष्णा चंद्र, विनोद पांडे, जीवन पोखरिया, प्रकाश आर्या और मनीष कुमार शामिल हैं। इस दौरान नितेश बिष्ट ने कहा कि भाजपा की नीतियों से खासा प्रभावित हूं।

भाजपा विकास की सोच रखने वाली पार्टी है। कार्तिक कर्नाटक बोले कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगता है कि देश विशेष उपलब्धि हासिल करेगा।

मनोज दुर्गापाल ने कहा कि जिस तरह से इस समय विकास हो रहा है। आने वाले दिनों में क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी। व्यापारियों को भी विशेष लाभ मिलेगा।



भाजपा की सदस्यता लेते भीमताल के युवक। ● अमृत विचार

## स्टार्टअप शुरू करने की प्रक्रिया के बारे में जाना

**भीमताल :** देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत कुमाऊं विश्वविद्यालय की भीमताल परिसर में 6 दिवसीय प्रशिक्षण जारी है। पांचवें दिन सतधन इंडिया नामक स्टार्टअप के सहसंस्थापक एवं निदेशक डॉ. रितिक दुबे ने उद्यमिता के तहत स्टार्टअप प्रारंभ करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। विनग्योर सनराइज इंडिया से संबद्ध उद्यमी रिंकी गीता प्रकाश ने एक उद्यमी के तौर पर स्टार्टअप प्रारंभ करने के लिए प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। नोडल अधिकारी कुमुद उपाध्याय, महेश चंद्र पनेरू, सीमा बिष्ट, डॉ. आशीष बिष्ट, राकेश तिवारी आदि शामिल रहे।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षक सम्मानित

**संवाददाता भीमताल**

**अमृत विचार :** विद्यार्थियों का बेहतर भविष्य बनाने में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है। यह बात ग्राफिक एरा ग्रुप समूह के अध्यक्ष प्रोफेसर कमल घनशाला ने ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में कही।

ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल में जिले के 172 शिक्षक शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान ग्रुप के चेयरमैन ने बताया कि वह बीते 30 साल से विद्यार्थियों का बेहतर भविष्य बनाने का प्रयास कर रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके लिए सभी शिक्षण संस्थानों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए तैयार होने की जरूरत है। ग्राफिक एरा हिल विश्वविद्यालय इसके लिए अपना योगदान देने के लिए हमेशा तैयार है। चेयरमैन ने बताया कि भविष्य में डाटा बहुत कीमती चीज है। डाटा की जानकारी होने से हम कई महत्वपूर्ण तथ्यों का पता कर सकते हैं। इसके अलावा चेयरमैन ने अपने बचपन के मित्र आर्मी स्कूल रानीखेत के प्रधानाचार्य कमलेश जोशी का स्वागत किया।

इस मौके पर कमलेश जोशी ने कहा कि समाज में छात्र-छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर दिशा दिखाने में शिक्षकों का योगदान महत्वपूर्ण रहा है। कार्यक्रम का संचालन प्रो. मोहित पंत ने किया। इस मौके पर भीमताल निदेशक कर्नल अरुण नायर, डॉ. नवनीत जोशी, विमल बिष्ट, गोविंद सेठी आदि उपस्थित रहे।



कमल घनशाला।



ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय में चेयरमैन के साथ सम्मानित शिक्षक। ● अमृत विचार

**नई पहल** | भीमताल के पॉलीहाउस में हो रहा है चाइनीज बांस का उत्पादन, 15 फीट तक होता है लंबा

# पहाड़ियों को दरकने से रोकेगा ब्लैक बैंबू

**राकेश सनवाल, भीमताल**

**अमृत विचार :** बरसात व अतिवृष्टि के समय पहाड़ियों के दरकने को अब बेहद कम खर्चे पर रोका जा सकेगा। नगर के पॉलीहाउस में फिलोस्टैकाइस निग्रा की पौध उगाई जा रही है। यह बांस की एक प्रजाति है, जो चीन में पाई जाती है। इसे आमतौर पर ब्लैक बैंबू (काला बांस) भी कहा जाता है। सामान्य बांस से भिन्न फिलोस्टैकाइस निग्रा भूस्खलन रोकने के लिए बेहद कारगर है।

आमतौर पर भारतीय बांस (बंबूसा कटंग बास), स्टिकहस (लाठी बांस) समुद्र तल से ढाई हजार फीट की ऊंचाई तक के गर्म स्थान वाले इलाकों में पाए जाते हैं लेकिन फिलोस्टैकाइस निग्रा माइनस 15 डिग्री सेल्सियस के तापमान तक उग सकता है। भारतीय बांस में पाले की मार का असर होता है। लेकिन फिलोस्टैकाइस निग्रा पर पाला बेअसर है। इसमें भूस्खलन रोकने की क्षमता ज्यादा है। चीन समेत अन्य देशों में इसका उपयोग संवेदनशील क्षेत्रों में भूस्खलन रोकने के लिए किया जाता है। 15 फीट तक की लंबाई तक उगने वाले फिलोस्टैकाइस निग्रा बांस का तना (राइजोम) तेजी से धरती के भीतर फैलता है और मिट्टी को बांधे रहता है। फ्लोरीवैल नर्सरी के स्वामी डॉ. अखिलेश त्यागी बताते हैं कि आमतौर पर बांस सिम्पोडियम गुच्छे के रूप में उगने वाले पौधे होते हैं लेकिन फिलोस्टैकाइस निग्रा बस मोनोपोडियम (अकेले और पुरानी पौध से दूर उगने वाले) पौधे हैं। इस कारण यह बड़े क्षेत्र को लाभांवित करते हैं। वर्तमान में इस बांस का उपयोग भारत में डेकोरेशन में होता है। देश के फूल बाजार में फिलोस्टैकाइस निग्रा की मांग दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। वर्तमान में इस पौधे की कीमत 400 से 600 रुपये तक है। नवयुवकों का सर्वाधिक पलायन उच्च स्थलीय क्षेत्र से होता है। चीनी बांस के पौधों के नर्सरी निर्माण में पर्वतीय क्षेत्र से पलायन रोका जा सकता है।



फिलोस्टैकाइस निग्रा की पौध।

# ट्रेनिंग व टीचिंग प्रोसेस के एकीकरण पर जोर

- **यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षण प्रशिक्षण केंद्र की हुई बैठक**
- **केंद्र की ओर से शुरू होने वाले नए विषयों की जानकारी दी**

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** कुमाऊं विश्वविद्यालय में यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र की नेशनल एडवाइजरी कमेटी की सोमवार को बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने की।

बैठक में केंद्र की तरफ से शुरू किए जाने वाले नए विषयों की जानकारी दी गई। बैठक में कुलपति ने यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर, ट्रेनिंग और टीचिंग प्रोसेस के एकीकरण पर जोर दिया। बैठक में बाबा आम्टे दिव्यांग विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. देव स्वरूप, यूजीसी प्रतिनिधि संजीत कुमार मिश्रा, आईआईटी रुड़की के शेखर रंजन, यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के निदेशक आनंद शर्मा, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के निदेशक संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

## महाविद्यालय में चलाया स्वच्छता अभियान

**भीमताल :** पंडित पूर्णानंद तिवारी राजकीय महाविद्यालय दोषापानी में एनएसएस के विशेष शिविर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान महाविद्यालय की एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनीता नेगी, संजय सिंह डंगवाल, मोहन चंद्र सनवाल, चंदन बिष्ट, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि रजनी बिष्ट, कविता, हिमानी आदि मौजूद थे।



# शक्ति केंद्र के जरिए बूथों की रैंकिंग सुधारेगी भाजपा

## भाजपा ने नैनीताल संसदीय सीट के 2472 बूथों को ए, बी, सी श्रेणी में बांटा, 500 से अधिक शक्ति केंद्र बनाए

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



आईटीआई निदेशालय में शत प्रतिशत मतदान की शपथ लेते कर्मचारी। ● अमृत विचार



भाजपा में शामिल महिलाओं के साथ विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भाजपा ने लोकसभा चुनाव जीतने के लिए कमर कस ली है। भाजपा ने बूथों को तीन श्रेणियों ए, बी, सी में बांटा है। प्रदेश से लेकर जिला स्तरीय पदाधिकारियों को सी श्रेणी के बूथों को बी और बी को ए में लाने का जिम्मा दिया गया है।

भाजपा के मुताबिक नैनीताल-ऊधम सिंह नगर में 2,472 बूथ हैं। इन बूथों को ए, बी, सी श्रेणी में बांटा गया है। ए श्रेणी में वे बूथ हैं जहां हमेशा भाजपा जीती है। बी श्रेणी में वे बूथ जहां भाजपा को कभी जीत तो कभी हार हुई है जबकि सी श्रेणी में ऐसे बूथ हैं जहां भाजपा कभी नहीं जीती है। सभी बूथों को शक्तिकेंद्र के अधीन किया गया है। संसदीय सीट पर 500 से अधिक शक्ति केंद्र हैं। एक-एक शक्ति केंद्र में 3 से 5 बूथ आते हैं। प्रत्येक शक्ति केंद्र में प्रदेश से जिला स्तरीय पदाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ये जिम्मेदार बूथ पदाधिकारियों, पन्ना प्रमुखों का सत्यापन करेंगे। फिर लाभार्थियों से भी मुलाकात करेंगे। इसके अलावा बूथों पर ऐसे लोग जो संबंधित क्षेत्र छोड़कर गए हैं, उनकी मौत हो गई है लेकिन मतदाता सूची में उनका भी नाम हैं तो ऐसे लोगों को भी चिन्हित किया जाएगा। उनका लक्ष्य रहेगा कि सी श्रेणी के बूथों को बी और बी को ए श्रेणी में लाया जाए। फिलहाल 16 मार्च से शुरू हुई शक्ति केंद्रों की बैठकें 20 मार्च तक संचालित होंगी। मतदान के बाद फिर से इन बूथों की समीक्षा की जाएगी और आगामी रणनीति तैयार की जाएगी।

> भाजपा ने बूथों को ए, बी, सी श्रेणी में बांटा गया है। 20 मार्च तक शक्तिकेंद्र की बैठकें होंगी इनमें बूथ कमेटियों, पन्ना प्रमुखों के सत्यापन के साथ ही सी श्रेणी के बूथों को बी और बी को ए में लाने का प्रयास किया जाएगा।
> **-चंदन बिष्ट**, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी, भाजपा

### कैड़ा ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली



**भीमताल :** विधायक राम सिंह कैड़ा ने ओखलकांडा मंडल के पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष व कार्यकर्त्ताओं की बैठक की। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि हर गांव हर घर जाकर सरकारी की उपलब्धियों के बारे में बताएं। इस दौरान गोपाल सिंह रावत, गिरीश जोशी, नरेश नयाल मौजूद रहे।

### चुनाव ड्यूटी से नहीं हटा दिव्यांग शिक्षकों का नाम

**हल्द्वानी :** लोकसभा चुनाव में कई दिव्यांग शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है जिससे शिक्षकों में नाराजगी है। शिक्षकों ने चुनावी ड्यूटी से अपना नाम हटवाने की अपील की थी लेकिन अभी तक शिक्षकों की ड्यूटी नहीं हटाई गई है। शिक्षकों का कहना है कि विभागीय लापरवाही के कारण उनका नाम चुनावी ड्यूटी में शामिल है। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन के जिला मंत्री डिकर सिंह पडियार ने बताया कि इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात की जाएगी और दिव्यांग शिक्षकों की ड्यूटी हटवाने की अपील की जाएगी।

# विधायक भगत ने 40 महिलाओं और युवाओं को भाजपा की सदस्यता दिलाई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** विधायक बंशीधर भगत ने कालाढूंगी विस सीट के अंतर्गत डहरिया में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालीं 40 महिलाओं व युवाओं को भाजपा की सदस्यता दिलाई।

सोमवार को निलियम कॉलोनी स्थित एक होटल में हुए कार्यक्रम में भारी संख्या में पहुंचीं महिलाओं विधायक बंशीधर भगत व प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट ने भाजपा की टोपी व फूलमाला पहनाकर भाजपा में शामिल कराया।

इस अवसर पर युवा मतदाताओं को संबोधित करते हुए विधायक भगत ने कहा देशभर का युवा 18 वर्ष की उम्र में देश की 18वीं लोकसभा के लिए पहला मतदान करने जा रहा है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के नरेंद्र मोदी के संकल्प को पूरा करने को नौजवान उतावला है। सदस्यता ग्रहण करने वाली महिलाओं में ऋतु तिवारी, सुषमा नेगी, हेमा जोशी, कमला मेहता, हेमा नेगी, अनीता नौटियाल, वंदना खंडूरी, ज्योति भार्गव, पंकज, प्रियांशु, मोनू, बबलू, अजीत, धीरज, विवेक, योगेश आदि मौजूद रहे।

### विपक्ष मान चुका है अपनी हार : भगत

**हल्द्वानी :** कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार पर तानाशाही एवं संविधान के खात्मे का आरोप लगाकर कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे एवं राहुल गांधी यह मान चुके हैं कि देश की जनता इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 400 पार के साथ लोक सभा भेजने वाली है। कांग्रेस ने 70 सालों में देश को लूटा नहीं होता तो आज यह दिन नहीं देखने पड़ते। सोमवार को विधायक भगत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का गांधी परिवार एक के बाद एक अपनी पारंपरिक सीट को छोड़कर सुरक्षित सीट से सदन में पहुंचने की जुगत लगा रहा है। विगत 10 वर्षों में दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यकों का सामाजिक, आर्थिक उत्थान कर लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा करने का काम देश के प्रधानमंत्री ने किया है।

सतर्कता

# हथियार साथ लेकर चले तो अब खैर नहीं

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव-2024 को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिले के सभी बॉर्डर पर धारा-144 लागू कर दी गई है। प्रशासन ने इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी फिंचाराम चौहान ने कहा कि जिले के सभी सीमाओं पर धारा-144 लागू की गई है। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनैतिक दल, व्यक्ति को बिना अनुमति के सार्वजनिक स्थल पर जनसभा, ध्वनि विस्तारक यन्त्र, जुलूस निकालने का प्रयोग करने पर पाबंदी है। इसके अतिरिक्त कोई भी अस्त्र-शस्त्र, धारदार हथियार, लाठी-डंडे, विस्फोटक सामग्री, सोडा बोतल सार्वजनिक स्थानों पर नहीं ले जा सकता है हालांकि वयोवृद्ध व अपंग को सहारे के लिए लाठी का प्रयोग करने और कृपाण के प्रयोग पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। कोई भी राजनैतिक दल या व्यक्ति धार्मिक स्थल से राजनैतिक भाषण, पोस्टर, संगीत आदि का प्रयोग नहीं करेगा। साथ ही किसी भी सार्वजनिक संपत्ति का विरूपण नहीं करेगा। निजी संपत्तियों पर भी बैनर, पोस्टर, वॉल पेंटिंग संबंधित संपत्ति स्वामियों की अनुमति से ही होगी। आदर्श आचार संहिता एवं चुनाव आयोग के निर्देशों का कड़ाई से पालन करना होगा। यह धारा4 जून तक नैनीताल की सीमाओं में प्रभावी रहेगी। आदेश का उल्लघंन करने पर संबंधित के खिलाफ आईपीसी की धारा-188 में दंडनीय अपराध है। इसमें किसी प्रकार की शिथिलीकरण लिखित अनुरोध पर किया जा सकेगा लेकिन इसके लिए 24 घंटे पूर्व लिखित प्रार्थना पत्र सक्षम अधिकारी को पेश करना होगा।

### आईटीआई कर्मचारियों को दिलाई शपथ

**हल्द्वानी :** आईटीआई निदेशालय में कर्मचारियों को शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई। सोमवार को निदेशक संजय खेतवाल व अपर निदेशक ऋचा सिंह ने आईटीआई निदेशालय परिसर में कर्मचारियों को शपथ दिलाई कि वे लोकसभा चुनाव-2024 में मतदान जरूर करेंगे और लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निभाएंगे।



दीवार पर सरकारी प्रचार को पेंट करके मिटाता कर्मी। ● अमृत विचार

### आज घोषित करेगी उक्रांद अपने प्रत्याशियों के नाम

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड क्रांति दल (उक्रांद) राज्य की पांचों सीटों पर अपने उम्मीदवार के नामों की घोषणा आज (मंगलवार) करेगी। पार्टी की देहरादून कार्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई, जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर गहन मंथन किया गया। पार्टी के कुमाऊं मंडल प्रभारी भुवन चंद्र जोशी ने कहा कि लोकसभा चुनाव को गंभीरता से लड़ा जाएगा और चुनाव में जनता के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा।



लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियों का जायजा लेतीं जिलाधिकारी वंदना सिंह। ● अमृत विचार

# उड़नदस्ता समेत सभी टीमें बरतें सतर्कता

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

तैयारी

▸▸ **जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना सिंह ने लोकसभा चुनाव के सभी नोडल अधिकारियों के साथ हुई बैठक में दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम वंदना सिंह ने सोमवार को एमबीपीजी कॉलेज में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

डीएम ने बिजली, पेयजल, बैरिकेडिंग, फर्नीचर, मतपत्र, वेबकास्टिंग समेत सभी नोडल अधिकारियों को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। सभी नोडल नियमित तौर पर कार्यों की मॉनीटरिंग करते रहे। सभी नोडल आपसी समन्वय बनाकर काम करें ताकि परेशानी नहीं हो। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग को जाने वाली रिपोर्ट हर हाल में सुबह 8 बजे तक नोडल कंट्रोल रूम में दी जाए, यह जिम्मेदारी सभी नोडल अधिकारियों की है। नोडल वेलफेयर को कॉलेज में एक मेडिकल टीम की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए।

डीएम ने कहा कि चुनाव का पूरी तरह बहिष्कार करने वाले गांवों के ग्रामीणों के साथ बैठक कर मतदान के लिए जागरूक किया जाए। एफएसटी, वीएसटी, वीवीटी, एसएसटी टीमें अवैध ढंग से अभिवहन करने वाले धन, शराब, अन्य पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए लगातार गश्त करें और सतर्कता बढाएं। आचार संहिता लगने के बाद इलेक्ट्रानिक मीडिया, समाचार पत्रों, पोर्टल में प्रकाशित चुनाव से संबंधित खबरों पर निगरानी के निर्देश दिए।

## चंदन बिष्ट बने नैनीताल संसदीय सीट के मीडिया समन्वयक

**ब्यूरो, देहरादून/अमृत विचार :** भाजपा मीडिया विभाग ने लोकसभा चुनाव को लेकर मीडिया समन्वय के लिए लोकसभा प्रभारी एवं विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने वर्चुअल बैठक में मीडिया टीम, जिलाध्यक्ष एवं जिला मीडिया प्रभारियों को उनकी भूमिका के संबंध में जरूरी निर्देश दिए। इसी के साथ ही मंगलवार को मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी की ओर से प्रदेश मीडिया सेंटर के उद्घाटन के बाद आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी।

चौहान ने कहा कि प्रतिदिन सभी मीडिया टीम, प्रवक्ता, पैनलिस्ट एवं लोकसभा मीडिया प्रभारियों की सुबह वर्चुअल बैठक होगी, जिसमें मीडिया विषयों पर समीक्षा की जाएगी। बताया कि लोकसभावार मीडिया समन्वय के लिए मीडिया प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।

### डबल लॉकर में सामग्री रखने का जिम्मा सौंपा

**हल्द्वानी :** जनपद में फ्लाइंड स्कॉवयड व स्टैटिक सर्विलांस टीमों की तैनाती कर दी गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी वंदना ने निर्देश दिए हैं कि सभी टीमें अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं में किसी भी प्रकार के मादक पदार्थ, अवैध सामग्री एवं नकदी जब्त करने के बाद उसका सील पैकेट तैयार कर कोषागार के डबल लॉकर में रखेंगे। डबल लॉकर खुलवाने, जमा करवाने के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी फिंचाराम चौहान को अधिकृत किया गया है।

### आचार संहिता के उल्लंघन पर बेस को नोटिस

**हल्द्वानी :** आचार संहिता के उल्लंघन पर बेस अस्पताल को नोटिस भेजा गया है। अस्पताल में सरकारी योजनाओं से संबंधित होर्डिंग्स लगे हुए थे। जिनमें सत्ताधारी दलों के नेताओं की फोटो भी लगी हुई थी। नगर मजिस्ट्रेट और सहायक रिर्टनिंग ऑफिसर एपी वाजपेयी की ओर से पीएमएस डॉ. केके पांडेय को नोटिस भेजा गया है। जिसमें उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है। आचार संहिता जारी होने के साथ ही सरकारी कार्यालयों से योजनाओं से संबंधित होर्डिंग्स हटाने का निर्देश दिए थे।

# एसडीएम समेत चार की केंद्रीय चुनाव आयोग से की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

आरोप

▸▸ **भीमताल निवासी युवक ने लगाया आरोप, जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना सिंह ने जांच एडीएम को सौंपी**

**अमृत विचार :** नैनीताल जनपद के चार प्रशासनिक अधिकारियों-कर्मचारी पर राजनैतिक दलों के बिल्डर्स के समर्थन में काम करने के आरोप लगे हैं। शिकायतकर्ता ने चारों के तबादले की मांग की है।

विकास भारती निवासी भीमताल ने केंद्रीय मुख्य निर्वाचन आयुक्त और जिला निर्वाचन अधिकारी नैनीताल को शिकायती पत्र सौंपकर नैनीताल जिले के एक एसडीएम, कानूनगो, राजस्व निरीक्षक, पटवारी पर भाजपा-कांग्रेस के नेताओं के साथ मिलकर काम करने और संरक्षण देने का आरोप लगाया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि बिल्डर्स के दवाब में आकर उनके पिता सतीश कुमार की बोहरा गांव स्थित भूमि का सीमांकन जानबूझ कर नहीं किया जा रहा है। अनुसूचित जाति व सामान्य जाति की भूमि पैमाइश में अलग-अलग मापदंड अपनाए जा रहे हैं। बिल्डर्स को मानकों को ताक पर रखकर भूति हस्तांरित की जा रही है। उन्होंने चारों के तबादले की मांग की है। इस पर जिला प्रशासन ने शिकायत की जांच शुरू कर दी है।

> शिकायत मिली है, इसकी जांच करवाई जा रही है। जांच एडीएम को सौंपी गई है, जांच रिपोर्ट मिलते ही नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
> **-वंदना सिंह**, डीएम नैनीताल

### 30 सरकारी विभागों को भेजे नोटिस

**हल्द्वानी :** सिटी मजिस्ट्रेट/एआरओ एपी वाजपेयी ने लोकसभा चुनाव की आचार संहिता का सख्ती से पालन करने के लिए 30 सरकारी विभागों को नोटिस भेजे हैं। एआरओ वाजपेयी ने कहा कि सभी सरकारी कार्यालयों, आवासीय परिसर, परिसंपत्तियां, अधिकारिक वेबसाइट, पेट्रोल पंप, राशन की दुकानें, वृक्षों, सरकारी संपत्तियों की दीवारें, बसों इत्यादि से प्रचार सामग्री हटाई जाए। साथ ही इसका प्रमाण पत्र भी एआरओ कार्यालय में जमा किए जाए।

### इन्हें भेजे गए नोटिस

एसटीएच, लोनिवि निर्माण खंड, लोनिवि एनएच, जल संस्थान, सिंचाई, बेस अस्पताल, महिला अस्पताल, तहसील, खंड शिक्षा, उपशिक्षा, रोडवेज आरएम, काठगोदाम रेलवे स्टेशन, डाक, खंड विकास दफ्तर, मंडी, बिजली, पेयजल निगम, अग्निशमन, जेल, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राजकीय महिला कल्याण एवं पुनर्वास, डेयरी विकास, दूरसंचार, आरटीओ, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास, समाज कल्याण, नलकूप, खाद्य आपूर्ति विभाग को नोटिस दिए गए हैं।

### 48 घंटे में 4,080 स्थलों से होर्डिंग्स, झंडे हटाए गए

**हल्द्वानी :** आचार संहिता लागू होने के 48 घंटे के भीतर जिले में सार्वजनिक, निजी संपत्तियों से प्रचार सामग्री हटाना जारी है। आचार संहिता के नोडल अधिकारी शिव चरण द्विवेदी ने बताया कि रेलवे स्टेशन, केमू बस अड्डा, रोडवेज, सरकारी बसों, बिजली-टेलीफोन के खंभों पर लगे 4,080 स्थानों से 15,140 से अधिक पोस्टर्स, पंफलेट्स, बैनर्स, झंडे, होर्डिंग्स, वॉल पेंटिंग, कटआउट हटा दिए गए हैं।





### मतदान वाले दिन नहीं चलेंगी बस व टैक्सी

**हल्द्वानी :** लोक सभा चुनाव को देखते हुए टैक्सी, मैक्सी, बस एवं स्कूल बसों को चुनाव ड्यूटी में लगाया जाना हैं। संभागीय परिवहन अधिकारी संदीप सैनी ने बताया कि आगामी 19 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर इन वाहनों का संचालन बंद रहेगा।

# छुट्टी पर घर आए फौजी की सड़क हादसे में मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** टांडा बैरियर रामपुर रोड के पास कैंटर और स्कूटी में आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर में स्कूटी सवार फौजी की मौत हो गई। पुलिस ने कैंटर और चालक को हिरासत में ले लिया है।

मूलरूप से पिथौरागढ़ निवासी ललित सिंह पुत्र प्रताप सिंह मुखानी में परिवार के साथ रहते थे और बताया जाता है कि वह फौज में दिल्ली में तैनात थे। सोमवार रात दिल्ली का कैंटर सामान छोड़कर रुद्रपुर की तरफ जा रहा था।


जबकि स्कूटी संख्या यूके 04 एसी 5996 से रुद्रपुर से मुखानी अपने घर लौट रहे थे। टांडा बैरियर के पास कैंटर और स्कूटी में टक्कर हो गई। चौकी इंचार्ज दीपक बिष्ट ने बताया कि कैंटर और उसके चालक दिल्ली उत्तम नगर निवासी जवाहर सिंह को पुलिस ने पकड़ लिया है। ललित सिंह छुट्टी पर घर आए थे।

### संदिग्ध अवस्था मे मिला ग्रामीण का शव

**रामनगर :** निकटवर्ती ग्राम तेलीपुरा मजार के पास एक व्यक्ति का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला। उसकी शिनाख्त मृतक के पिता सद्दीक ने अपने पुत्र शाहिद उर्फ गुड्डू निवासी ग्राम लुकमानपुर चोपड़ा तेलीपुरा रोड रामनगर के रूप में की।

# मतदान का महत्व बताने वाला डेमोक्रेसी कैफे आज से शुरू

संवाददाता, हल्द्वानी





भवाली में स्थित डेमोक्रेसी कैफे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** स्वीप टीम नैनीताल ने पर्यटन स्थल श्यामखेत, भवाली में एक डेमोक्रेसी कैफे का निर्माण किया है, जिसका उद्घाटन आज (मंगलवार) को कुमाऊं मंडल आयुक्त करेंगे। कैफे में वर्ष 1950 से अब तक हुए चुनावों की लोकतांत्रिक यात्रा पर पेंटिंग, स्लोगन और फोटो प्रदर्शित की गई हैं।

स्वीप टीम के समन्वयक, नैनीताल सुरेश अधिकारी ने बताया कि कैफे के मूल स्वरूप को नुकसान पहुंचाए बिना इस विलक्षण संकल्पना को तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि कुमाउनी, हिंदी और अंग्रेजी में संदेश देते स्लोगन से मतदाताओं व पर्यटकों को आकर्षित करने का प्रयास किया गया है। चाय के पौधों के बीच 'वोट करेगा नैनीताल' का संदेश सभी को आकर्षित कर रहा है। कैफे के अंदर मधुर मतदाता जागरूकता संगीत के बीच भोजन का मेन्यू, फर्नीचर आदि डेमोक्रेसी के हिसाब से तैयार किया गया है। पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को आकर्षित करने के लिए भोजन मेन्यू में 18 नंबर पर आर्डर करने पर विशेष लोकतांत्रिक भोजन परोसा जाता है, जिसे चुनाव होने तक 25 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

### दो घंटे चला शहर की हर सड़क पर चेकिंग अभियान

**हल्द्वानी :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने जिले की सीमाओं से लेकर ग्रामीण सड़कों तक एक साथ चेकिंग अभियान चलाया। ये अभियान दो घंटे तक चला। पुलिस ने वाहनों को रोक-रोकर उसकी जांच की। कार की डिग्गी खोलकर भी देखा गया। पुलिस की चेंकिंग के कारण सड़कों पर वाहनों की कतार लग गई। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देश पर सुबह नौ बजे से 11 बजे तक पुलिस ने टांडा बैरियर, गन्ना सेंटर, मोटाहल्दू बाइपास, सुभाष नगर बैरियर, मोतीनगर, गौलापुल, चोरगलिया, काठगोदाम, कालाढूंगी, रामनगर सहित शहर की मुख्य सड़कों पर चेकिंग अभियान चलाया।



हल्द्वानी में गौला पुल रोड पर बाहर से आने वाले वाहनों की चेकिंग करती पुलिस।

### बिलिंग घोटाले के बाद जागा मेडिकल कॉलेज प्रशासन, बहीखाता, बिलिंग और आईटी सेक्शन में काम शुरू

# एसटीएच में मिलेगी ऑनलाइन बिलिंग की सुविधा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** सुशीला तिवारी अस्पताल में बिलिंग घोटाले के बाद अब कॉलेज प्रशासन ऑनलाइन बिलिंग की प्रक्रिया शुरू करवा रहा है। बहीखाता, बिलिंग और आईटी सेक्शन में ऑनलाइन बिलिंग के लिए काम शुरू हो गया है।

अस्पताल में विगत दिनों लाखों रुपये के बिलिंग घोटाले की वजह से काफी किरकिरी हुई थी। अस्पताल के केन्द्रीय लैब व रेडियोलॉजी में होने वाली जांचों के बिल के रुपयों को सरकारी खाते की जगह कुछ कर्मचारी अपने पास रख रहे थे। मामले की जांच मेडिकल कॉलेज के वित्त नियंत्रक कर रहे हैं। यह भी सामने आया था कि हाथ से बिल बनाने की वजह से यह घोटाला हुआ है, अगर ऑनलाइन बिलिंग की प्रक्रिया होती तो घोटाला नहीं होता। कॉलेज प्रबंधन की ओर से चिकित्सा शिक्षा विभाग में पत्र भेजकर भी मांग की गई थी अस्पताल में ऑनलाइन बिलिंग को फिर से शुरू किया जाए।

शुरू में अस्पताल में ऑनलाइन बिलिंग की ही सेवा थी। बाद में मरीजों की संख्या बढ़ने पर सेवा बंद कर दी गई थी। अब कॉलेज प्रबंधन ने बिलिंग प्रक्रिया को ऑनलाइन करने के लिए बहीखाता, बिलिंग व आईटी सेक्शन को बिलिंग की प्रक्रिया को ऑनलाइन करने के लिए कहा है। तीनों सेक्शन ने मामले में काम करना शुरू कर दिया है। उम्मीद है कि जल्द ही अस्पताल में ऑनलाइन बिलिंग सेवा शुरू हो जाएगी।



**बिलिंग बुक खंगालने में जुटी टीम**

**हल्द्वानी :** एसटीएच में बिलिंग घोटाले में जांच चल रही है। बिलिंग खंगालने में अस्पताल प्रशासन लगा हुआ है। मामले में तीन आरोपियों पर गाज गिर चुकी है। मुख्य आरोपी की सेवा भी चली गई है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार ये एक लंबे समय तक किया गया घोटाला था। इस वजह से बिलिंग बुकों को खंगाला जा रहा है। जिसमें समय लग सकता है। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी के अनुसार जांच में तेजी के साथ काम किया जा रहा है।



अस्पताल में बिलिंग सिस्टम को ऑनलाइन किया जा रहा है। कार्यभार बढ़ने की वजह से अस्पताल के इन्फार्मेशन सिस्टम पर काफी भार बढ़ गया है। ऑनलाइन बिलिंग करने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।
**-डॉ. अरुण जोशी**, प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी

# बेस में तीन डॉक्टरों का अनुबंध नवीनीकरण

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** बेस अस्पताल को तीन नए डॉक्टर अनुबंध के आधार पर मिल गए हैं। बीती फरवरी में अनुबंध समाप्त होने पर बेस अस्पताल के चार डॉक्टरों को सेवाएं छोड़नी पड़ी थीं। नियुक्त होने वाले डॉक्टर में चर्म रोग विशेषज्ञ भी हैं।

शहर की सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हुआ है। बेस अस्पताल में तीन डॉक्टरों की सेवा के लिए अनुबंध हो गया है। फरवरी में अनुबंध समाप्त होने पर चार डॉक्टरों को सेवा छोड़नी पड़ी थी, इनमें से तीन डॉक्टरों की सेवा फिर से शुरू हो गई है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार चौथे डॉक्टर के साथ भी जल्द अनुबंध होने की संभावना है।

बेस अस्पताल के पीएमएस डॉ. केके पांडे ने बताया कि त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. किरण केसी, सेवानिवृत्त रेडियोलॉजिस्ट डॉ. डीएस नेई, एनेस्थेसिस्ट डॉ. आरएस सामंत को सेवा देने के लिए अनुबंध मिल गया है। अस्पताल में चर्म रोग विशेषज्ञ नहीं होने पर मरीजों को काफी परेशानी हो रही थी। मुख्यालय ने इनका अनुबंध बढ़ गया है। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. पीपी पंत का अनुबंध भी नवीनीकरण होने की संभावना है।

## एसटीएच में ट्यूमर का जटिल ऑपरेशन हुआ

**हल्द्वानी, अमृत विचारः** डॉ सुशीला तिवारी अस्पताल में न्यूरो सर्जरी विभाग में मेरुदंड (स्पाइनल कॉर्ड) में बने ट्यूमर का सफल ऑपरेशन हुआ है। न्यूरोसर्जन डॉ. अभिषेक राज ने बताया कि बरेली निवासी 36 वर्षीया महिला कमर में असहनीय दर्द से पीड़ित थी।

जांच में पता चला कि मेरूदंड में ट्यूमर है। इसके अलावा लालकुआं के 7 साल के बच्चे की चर्बी की गांठ में जांच में ट्यूमर मिला। ऑपरेशन के माध्यम से मरीजों का ट्यूमर निकाल दिया गया।

बताया कि प्राइवेट हॉस्पिटल में उक्त ऑपरेशन के लिए 3-4 लाख रूपये खर्च करने पड़ते, लेकिन एसटीएच में उक्त ऑपरेशन मामूली खर्च में आयुष्मान कार्ड की मदद से किए गए।

## सार-संक्षेप



कालाढूंगी में जनसंपर्क करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुरू किया घर-घर जनसंपर्क

**कालाढूंगी :** कालाढूंगी विधानसभा के लामाचौड़ मंडल में बूथ नंबर 199 हरिनगर में मंडल अध्यक्ष धीरज पांडेय के नेतृत्व में भाजपा के सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट के पक्ष में जनसंपर्क कर वोट देने की अपील की गई। सोमवार को जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रवक्ता विकास भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार के कार्यों से भाजपा नैनीताल लोकसभा क्षेत्र को भारी अंतर से विजय करने जा रही है। इस अवसर पर मंडल महामंत्री चंद्र प्रकाश, माया तिवारी, प्रमोद पंत, मनमोहन पांडेय, रमेश पांडेय, नवीन भट्ट उपस्थित रहे।

### एक सप्ताह से हाथियों का झुंड मचा रहा उत्पात

**हल्दूचौड़ :** तराई केंद्रीय वन प्रभाग के हल्द्वानी रेंज से सटे तमाम गांवों में हाथियों का आतंक जारी है। हाथियों का झुंड सीमावर्ती जंगलों से प्रवेश करता है और किसानों की फसलों को बर्बाद करते हुए पुन: जंगल में प्रवेश कर जाता है। लेकिन वन विभाग मूकदर्शक बना है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। हाथियों के आतंक से भयभीत लोगों को फसलों और स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए रतजगा करना पड़ रहा है।

### व्यापार मंडल की महानगर व युवा इकाई भंग

**हल्द्वानी :** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष मोगा और प्रदेश महामंत्री राजेंद्र फर्स्वाण ने हल्द्वानी महानगर और हल्द्वानी युवा इकाई को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। संगठन प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता ने बताया कि संगठन की मजबूती और व्यापारी हितों के संघर्ष के लिए संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन शीघ्र किया जाएगा। जो व्यापारी हितों और संगठन की मजबूती के लिए कार्य करेगी।

### 12 बोतल और 240 पव्वे देशी शराब के साथ दो दबोचे

**हल्द्वानी :** आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद पुलिस ने भी सख्ती करना शुरू कर दी है। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। टीम ने गौलापार खेड़ा क्षेत्र में महेंद्र कुमार निवासी सुल्तान नगरी गौलापार को ऑटो में अवैध 12 बोतल व 48 पव्वे देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।वहीं नैनीताल रोड मुख्य मार्ग काठगोदाम के पास से हेमंत आर्या निवासी नारायण नगर बिठौरिया नं. 1 कुसुमखेड़ा को स्कूटी में अवैध 192 पव्वे देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

### कथा श्रवण मात्र से ही मनुष्य के कट जाते हैं कष्ट



**कालाढूंगी :** ब्रहमबुबु मंदिर में चल रहे श्रीमद् देवी भागवत कथा पुराण के आठवें दिन कथावाचक मुकुल पंत ने मां भगवती के अवतारों का वर्णन किया। कालाढूंगी-कोटाबाग के घने जंगल में स्थित ब्रहमबुबु मंदिर में चल रहे श्रीमद् देवी भागवत कथा में कथावाचक शास्त्री मुकुल पंत ने बताया कि मां भगवती के कथा श्रवण मात्र से मनुष्य जीवन का कष्ट कट जाता है। कथा के बाद देर रात तक श्रद्धालुओं ने भजनों का आनंद लिया।

### पाकिस्तानी जालसाजों ने की ठगी की कोशिश

**हल्द्वानी :** गैंग रेप के मामले में बेटे की गिरफ्तारी की बात कहकर जालसाजों ने एक सामाजिक कार्यकर्ता को ठगने की कोशिश की। जालसाजों ने पाकिस्तानी नंबर से फोन किया था। हल्द्वानी निवासी हेमंत गौनिया ने बताया कि सोमवार को उनके पास एक अंजान नंबर से कॉल आई। ये नंबर पाकिस्तान का था। बातचीत में जालसाज ने उनके बेटे की गिरफ्तारी की बात कही और कहा उसने गैंगरेप किया है। उसे छोड़ने के एवज में 60 हजार रुपये की मांग रखी। सामाजिक कार्यकर्ता ने रिकॉर्डिंग की और साक्ष्यों के साथ साइबर सेल व पुलिस को शिकायत की है।



रामनगर में शिविर में मौजूद लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

### जल संस्थान के शिविर में बिल जमा करने पहुंचे लोग

**रामनगर :** पंपापुरी, भरतपुरी क्षेत्र में जल संस्थान की ओर से लगाए शिविर में पेयजल बिलों में संशोधन के बाद लोगों ने अपने बिलों का भुगतान किया। पूर्व में बिलों के अधिक होने पर लोगों ने अपना विरोध प्रदर्शन किया था। सोमवार को पंपापुरी पार्क के समीप लगे शिविर में संस्थान के गोविन्द सिंह महरा, सन्दीप कुमार ने पेयजल बिलों मे संशोधन कर बिलों को जमा किया। पूर्व छात्र संघ सचिव नवीन सुनेजा ने कहा कि जो उपभोक्ता कैंप में नहीं आ पाए हैं वो नगरपालिका पेयजल विभाग में संशोधन कराकर बिलो का भुगतान कर सकते हैं।

### सोमेश्वर के युवक ने जहर खाया

**हल्द्वानी :** एक युवक ने जहर खा लिया और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक अल्मोड़ा के सोमेश्वर में रहने वाले मनीराम (45 वर्ष) पुत्र गोंसाईंराम ने बीते शनिवार को जहर खा लिया था। परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए एसटीएच में भर्ती कराया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# 13 मार्गों पर निजी बसों को अनुमति देने का विरोध, प्रदर्शन किया

### रोडवेज के संविदा चालक, परिचालक एवं कार्यशाला कर्मियों को नियमित करने की उठाई मांग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** राज्य के 13 प्रमुख मार्गों पर निजी बसों को परमिट देने का उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन एवं परिवहन निगम के कर्मचारियों ने विरोध करना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में यूनियन की शाखा काठगोदाम की मासिक बैठक में सोमवार को कर्मचारियों ने काठगोदाम डिपो परिसर में ही सांकेतिक प्रदर्शन कर विरोध जताया।

यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै ने बताया कि बीते दिनों ही शासन की ओर से राज्य के विभिन्न मार्गों पर परमिट के लिए आवेदन मांगे गए हैं, जिसके बाद मार्गों के परमिट के लिए आवंटन किए जाने हैं। उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन इसका पुरजोर विरोध करती है। निजी हाथों में मार्गों का परमिट जाने से कर्मियों में रोष व्याप्त है वहीं 2026 से कार्यरत विशेष श्रेणी-संविदा के चालक, परिचालक एवं कार्याशाला में तैनात कर्मचारियों को नियमित किया जाए।

इधर काठगोदाम डिपो का संचालन हल्द्वानी से बस स्टेशन की बजाए काठगोदाम डिपो से किया जाए। इसके चलते हल्द्वानी स्टेशन से परिचालक को 12 किलोमीटर कम दिए जा रहे हैं। इस मौके पर दयाल जोशी, प्रदीप शर्मा, आनंद बिष्ट, शशिकांत गौतम, गर्वित तिवारी समेत कई लोग मौजूद रहे।



प्रदर्शन करते उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के सदस्य। ● अमृत विचार

**निजी हाथों में परमिट जाने से 15 सेवाएं हो जाएगी बंद**

निजी हाथों में परमिट जाने से रोडवेज की ओर से संचालित होने वाली 15 सेवाएं भी बंद हो जाएगी। इसमें मेरे बुजुर्ग, छात्रावास, राज्य आंदोलनकारी, विकलांग, स्वतंत्रता सेनानी, मान्यता प्राप्त पत्रकार समेत कुल 15 योजनाएं रोडवेज संचालित करता हैं। लेकिन निजी हाथों में परमिट जाने के बाद ये योजनाएं भी बंद होने की कगार पर पहुंच जाएगी।



खनन मार्ग पर खुला वन विभाग का बैरियर। ● अमृत विचार

# सुबह खनिज निकासी कर दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रालियां चंपत

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार :** गौला नदी में फिर से अवैध खनन का धंधा जोर पकड़ने लगा है। वन विभाग के पहुंचने से पहले तस्कर सुबह-सुबह खनिज निकासी कर दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लेकर चंपत हो गए।

खुरिया खत्ता बिंदुखत्ता स्थित वन देवी मंदिर के समीप ग्रामीणों की आवाजाही के लिए बनाए गए संपर्क मार्ग से सोमवार सुबह गौला नदी में तस्करों ने योजनाबद्ध तरीके से 10 बजे तक दर्जनों ट्रैक्टर ट्रॉलियों के माध्यम से अवैध खनिज की निकासी की। पहले तो ग्रामीण भी समझ नहीं पाए कि इतनी बड़ी संख्या में ट्रैक्टर ट्रॉलियां नदी से कतारबद्ध होकर खनन निकासी कैसे कर रही हैं। मजेदार बात यह रही कि उक्त मार्ग पर लगा वन विभाग का गेट भी लावारिस हालत में खुला रहा। इससे अवैध खनन में वन विभाग के कर्मचरियों की भी मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता। इधर सूचना के बाद वन विभाग जब मौके पर पहुंचा तब तक अवैध खनन में लिप्त तस्कर चंपत हो चुके थे। वन विभाग के ढुलमुल रवैये से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने कहा कि अवैध खनन से आने वाली बरसात में ग्राम वासियों पर पुनः बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। वन राजि अधिकारी चंदन सिंह अधिकारी ने बताया कि वह शीघ्र ही मामले की जांच कराएंगे।

# बर्खास्त कर्मचारियों के मामले में सुनवाई 10 को

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट ने विधानसभा सचिवालय से बर्खास्त कर्मचारियों के मामले पर सुनवाई की। मामले को सुनने के बाद न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने अगली सुनवाई के लिए 10 अप्रैल की तिथि नियत की है।

मामले के अनुसार बर्खास्तगी के आदेश को बबिता भंडारी, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, कुलदीप सिंह व 102 अन्य ने एकलपीठ में चुनौती दी है। याचिकाओं में कहा गया है कि विधानसभा अध्यक्ष के द्वारा लोकहित को देखते हुए उनकी सेवाएं 27, 28 व 29 सितंबर 2022 को समाप्त कर दी। बर्खास्तगी आदेश में उन्हें किस आधार पर किस कारण की वजह से हटाया गया कहीं इसका उल्लेख नहीं किया गया न ही उन्हें सुना गया। जबकि उनके द्वारा सचिवालय में नियमित कर्मचारियों की भांति कार्य किया है। एक साथ इतने कर्मचारियों को बर्खास्त करना लोकहित नहीं है। यह आदेश विधि विरुद्ध है। विधानसभा सचिवालय में 396 पदों पर बैक डोर नियुक्तियां 2001 से 2015 के बीच में भी हुई हैं, जिनको नियमित किया जा चुका है। याचिकाओं में कहा गया है कि 2014 तक हुई तदर्थ नियुक्त कर्मचारियों को चार वर्ष से कम की सेवा में नियमित नियुक्ति दे दी गई। किन्तु उन्हें 6 वर्ष के बाद भी नियमित नहीं किया अब उन्हें हटा दिया गया। पूर्व में उनकी नियुक्ति को 2018 में जनहित याचिका दायर कर चुनौती दी गयी थी। जिसमे कोर्ट ने उनके हित में आदेश देकर माना था कि उनकी नियुक्ति वैध है।

## बोर्ड मूल्यांकन को मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण आज

**रामनगरः** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाओं के मूल्यांकन के लिए मंगलवार को मास्टर्स ट्रेनर्स का प्रशिक्षण होगा। बोर्ड मुख्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए 58 परीक्षक बुलाए गए हैं।

उत्तराखंड बोर्ड के अपर सचिव बृजमोहन सिंह रावत ने बताया कि मास्टर्स ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 19 मार्च को सुबह 11 बजे से शुरू होगा। इसके प्रत्येक मूल्यांकन केंद्र से दो यानी कुल 58 मास्टर्स ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद ये शिक्षक मूल्यांकन केंद्रों में अन्य प्रशिक्षकों को ट्रेनिंग देंगे। बता दें कि 19 दिनी परीक्षा कार्यक्रम के बाद 27 मार्च से 10 अप्रैल तक मूल्यांकन का कार्य पूरा किया जाना है। इसके लिए कुल 3,574 परीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है।

# अभिलेखों की गुणवत्ता व कार्य प्रणाली में सुधार करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** सीओ ने कोतवाली का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण कर पुलिस अधिकारियों को अभियोगों व अभिलेखों की गुणवत्ता एवं कार्य प्रणाली में सुधार किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान निर्वाचन के संबंध में कांस्टेबल क्लर्क कुंदन सिंह द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना कर पुरस्कृत किया गया।

सोमवार को सीओ नितिन लोहनी ने कोतवाली हल्द्वानी का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। सीओ लोहनी ने थाना भवन, मालखाना, कार्यालय व बैरिकों को देखा। उन्होंने थाने के अभिलेख व लंबित अभियोग के बारे में समीक्षा कर थाना कार्यालय में नियुक्त स्टाफ और विवेचना अधिकारियों को अभियोगों व अभिलेखों की गुणवत्ता एवं कार्य प्रणाली में सुधार किए जाने के निर्देश दिए।

लोहनी ने थाने में सीसीटीएनएस समेत सभी ऑनलाइन कार्यों की समीक्षा कर प्रभारी निरीक्षक को इन कार्यों को अध्यावधिक करने के निर्देश दिए। हेल्प डेस्क में आगंतुकों की समस्या के संबंध में उनकी शिकायतों पर फीडबैक लिए जाने को कहा। इस दौरान आगामी लोकसभा निर्वाचन के संबंध में सभी तैयारी किए जाने के निर्देश दिए गए। वहां पर कोतवाल उमेश कुमार मलिक, महेंद्र प्रसाद, एसएसआई मनोज कोठरी समेत सभी चौकी प्रभारी मौजूद रहे।



हल्द्वानी में कोतवाली का निरीक्षण करते सीओ नितिन लोहनी। ● अमृत विचार

# नैनीताल व हरिद्वार के जिलाधिकारियों को अवमानना का नोटिस जारी किया

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने पूर्व के आदेश का पालन नहीं करने के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने नैनीताल व हरिद्वार के जिलाधिकारियों को अवमानना का नोटिस जारी करते हुए चार सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है।

मामले के अनुसार हल्द्वानी चोरगलिया निवासी भुवन चन्द्र पोखरिया ने अवमानना याचिका दायर कर कहा है कि उत्तराखंड में बरसात के समय नदियां उफान में रहती है। नदियों के मुहाने अवरुद्ध होने के कारण बाढ़ व भू-कटाव होता है। जिसके चलते आबादी क्षेत्र में जलभराव होता है। नदियों के उफान पर होने के कारण हजारों हैक्टेयर वन भूमि, पेड़, सरकारी योजनाएं बह जाती हैं। नदियों का चैनलाइजेशन नहीं होने पर नदियां अपना रुख आबादी की तरफ कर देती हैं। जिसकी वजह से ऊधम सिंह नगर, हरिद्वार, हल्द्वानी, रामनगर, रुड़की, देहरादून में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। पिछले साल बाढ़ से कई पुल बह गए थे। आबादी क्षेत्रों में बाढ़ आने का मुख्य कारण सरकार की लापरवाही है। सरकार ने नदियों के मुहानों पर जमा गाद, बोल्डर, मलवा को नहीं हटाना है। अवमानना याचिका में कहा गया कि सरकार ने उच्च न्यायालय के आदेश 14 फरवरी 2023 का पालन नहीं किया गया। जिसकी वजह से प्रदेश में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हुई है और सरकार को एक हजार करोड़ रुपया का नुकसान बाढ़ आपदा से हुआ है। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि राज्य सरकार संबंधित विभागों को साथ लेकर नदियों से गाद, मलवा, बोल्डर हटाकर उन्हें चैनलाइजेशन करे। ताकि बरसात में नदियों का पानी बिना रूकावट के बह सके। लेकिन अभी तक सरकार ने कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया। जबकि कुछ महीनों के बाद बारिश का सीजन शुरू हो जाएगा।

अवमानना याचिका में उनके द्वारा नैनीताल व हरिद्वार के वर्तमान जिलाधिकारियों को पक्षकार बनाया गया है। अपने केस की पैरवी उनके द्वारा स्वयं की गई।

## आबकारी अधिनियम के मामलों का निस्तारण

**हल्द्वानी, अमृत विचारः** न्यायालय से निस्तारित हुए आबकारी अधिनियम से संबंधित 9 मालों को थाना काठगोदाम में न्यायालय द्वारा गठित कमेटी में शामिल सीओ नितिन लोहनी, तहसीलदार सचिनऔर एसओ काठगोदाम विमल कुमार मिश्रा के समक्ष थाना परिसर में फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी कर मालों का निस्तारण किया गया।

## शराब तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**भीमताल, अमृत विचार :** भीमताल पुलिस ने थानाध्यक्ष जगदीप नेगी के नेतृत्व में अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस ने नीरज पलडिया निवासी ग्राम बनाना को 70 पव्वे देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

# सदमार्ग पर चलने वालों की ईश्वर करते हैं मदद

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** समीपवर्ती डौरव गांव में श्रीमद भागवत व श्रीमद् देवी भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ से माहौल भक्तिमय हो उठा। कथा श्रवण को आसपास के गांवों से आस्था का सैलाब उमड़ा। देर शाम तक भजन कीर्तनों का दौर जारी रहा। बीस मार्च को हवन, पूर्णाहुति व महाआरती के बाद भंडारा लगेगा।

डौरव गांव में सुबह धर्माचार्यों ने यजमान नारायण दत्त जोशी व शीला जोशी से धार्मिक अनुष्ठान पूरे कराए।कथा व्यास तुलसी प्रसाद सती व दिनेश गौड़ ने कहा की ईश्वर संसार के कण कण में विराजमान हैं। जो भी भक्त सच्चे मन से कथा श्रवण करते हैं उनके कष्टों का निदान हो जाता है साथ ही सत्य के मार्ग पर चलने वाले भक्तों की ईश्वर मदद करते हैं। कथा श्रवण को आसपास के बजोल, बमस्यूं, पातली, टूनाकोट, मंडलकोट, तिपोला, सुखोली, भुजान, गरमपानी, खैरना समेत आसपास के गांवों से सैकड़ों श्रद्धालु कथा श्रवण को डौरव गांव पहुंचे। इस दौरान बाला दत्त, मोहन, भुवन, त्रिभुवन, भुपेश, गणेश, दुर्गा पंत, सरिता, हिमांशु आदि व्यवस्था बनाने में जुटे रहे।

**कार्यक्रम**

- डौरव गांव में धार्मिक अनुष्ठान से माहौल भक्तिमय
- आसपास के गांवों से उमड़ा आस्था का सैलाब

## सार संक्षेप

### भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाने की अपील



नौकुचियाताल में आयोजित शक्ति केन्द्र की बैठक का शुभारंभ करते पदाधिकारी।

**भीमताल** : नौकुचियाताल में शक्ति केंद्र की बैठक मुख्य वक्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस दौरान शक्ति केंद्र, बूथ अध्यक्षों, पन्ना प्रमुखों की बैठक में लोकसभा के उम्मीदवार अजय भट्ट को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर शक्ति केंद्र संयोजक, कैप्टन महेश चंद्र जोशी, शक्ति केंद्र प्रभारी कमल जोशी, जिला पंचायत सदस्य अनिल चनौतिया, मंडल उपाध्यक्ष भुवन भट्ट, मथुरा दत्त पाठक आदि उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य शिविर का 80 लोगों ने उठाया लाभ



शिविर में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**रामनगर** : मोहल्ला मोतीमहल में उत्तराखंड रूलर हेल्थ डिपार्टमेंट की ओर से लगाए गए फ्री मेडिकल कैंप का लाभ करीब 80 रोगियों ने उठाया। सोमवार को लगाए गए कैंप में फिजिशियन चिकित्सक डॉ. विभु उपाध्याय, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मुजीब आलम ने रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस मौके पर पीएचएम सचिन बिष्ट, एएनएम दीपा, ज्योति, आशा वर्कर उषा शर्मा, अनिता मसीह, सुमाइला, ब्राह्मण सभा समिति के महामंत्री रवि शंकर शुक्ला, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा मौजूद रहे।

### मतदान करने वाले ही देश के जागरूक नागरिक




एनएसएस कार्यक्रम में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

**रामनगर** : मतदान करने वाला ही देश का जागरूक नागरिक है। इसलिए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। यह बात शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के कुमाऊं मंडलीय समन्वयक ललित मोहन पांडे ने कही। पांडे ने शिविर का निरीक्षण किया। स्थानीय लोगों को निर्वाचन में शत प्रतिशत प्रतिभागिता सुनिश्चित करने के लिए स्वयंसेवियों को प्रेरित किया।

### नए मतदाताओं का स्वागत करने में जुटी भाजपा



नए मतदाताओं का स्वागत करते भाजयुमो कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**रामनगर** : पैठपड़ाव में भाजयुमो ने नव मतदाताओं का स्वागत किया। युवा मोर्चा की बैठक को संबोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी प्रताप सिंह बोरा ने युवाओं से चुनाव प्रचार में जुटने का आह्वान किया। इस दौरान प्रताप सिंह बोरा, मंडल अध्यक्ष मदन जोशी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र रावत, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रेम मेहरा, ग्रामीण युवा मोर्चा अध्यक्ष राजेश पाल, चंदन बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### स्पोर्ट्स इंजरी मैनेजमेंट पर कार्यशाला शुरू




कार्यक्रम का शुभारंभ करते कुलपति व अन्य। ● अमृत विचार

**नैनीताल** : डीएसबी परिसर के शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से सोमवार को स्पोर्ट्स इंजरी मैनेजमेंट एंड रिहैबिलिटेशन पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का हरमिटेज भवन में कुलपति ने शुभारंभ किया। विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार ने सभी का स्वागत किया। मुख्य वक्ता डॉ. रमनदीप कौर डायरेक्टर इंस्टीट्यूट ऑफ़ फिजियोथेरेपी एंड हेल्थ केयर दिल्ली ने खेलों में लगने वाली चोट तथा प्राथमिक उपचार की जानकारी दी। इस अवसर पर ओलंपियन मनीष रावत, अंतरराष्ट्रीय धावक सुरेश पांडेय भी मौजूद रहे।

मंच का संचालन हेमंत बिष्ट ने किया।

### छात्रों को दी शेयर मार्केट की जानकारी



कार्यक्रम से पूर्व मालधन में एकत्रित समस्त छात्र छात्राएं व शिक्षक। ● अमृत विचार

**रामनगर** : राजकीय महाविद्यालय मालधनचौड़ में आयोजित कार्यशाला के दौरान मास्टर ट्रेनर अविताभ चंदोला ने विद्यार्थियों को शेयर मार्केट, स्टॉक मार्केट, एक्सचेंज ट्रेडेड, म्यूचल फंड के बारे में जानकारी दी। प्रभारी प्राचार्य डॉ. जीसी पंत, समीर नंदवानी, प्रदीप चंद्र आदि मौजूद रहे।

### 34 लोगों ने जमा किए असलहे

**नैनीताल** : आदर्श आचार संहिता प्रभावी होते ही पुलिस इसके अनुपालन में जुट गई है। कोतवाली पुलिस की ओर से असलहे जमा करने के लिए लोगों से अपील की जा रही है। दो दिन में कोतवाली पुलिस 34 असलहे जमा करवा चुकी है। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र में 302 असलहे पंजीकृत हैं। उन्होंने शस्त्र स्वामियों से समय रहते कोतवाली में शस्त्र जमा कराने की अपील की है।

पिथौरागढ़ और चंपावत जिले में एयर क्वालिटी मापने को लगनी हैं मशीनें, करीब एक साल से मशीनें फांक रही धूल

# बिन कर्मचारी आखिर कैसे हो एयर क्वालिटी की जांच

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**मुश्किल**

▸▸ **पीसीबी के पास मशीनें तो उपलब्ध, लेकिन नहीं मिल रहे चलाने वाले कर्मचारी**

**अमृत विचार:** पिथौरागढ़ और चंपावत जिले में एयर क्वालिटी की जांच के लिए मशीनें लगभग एक साल पहले आ चुकी हैं, लेकिन कर्मचारियों की भारी कमी होने के चलते यह मशीनें कार्यालय में धूल फांक कर रही हैं।

उत्तराखंड पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) का हल्द्वानी में क्षेत्रीय कार्यालय है। यहां से पीसीबी की टीम न केवल पांच जिलों के उद्योगों बल्कि शहरों के प्रदूषण पर भी लगातार निगरानी करती है। हल्द्वानी समेत अल्मोड़ा, बागेश्वर, नैनीताल में वायु प्रदूषण के साथ सल्फर डाई ऑक्साइड और नाइट्रोजन गैसों की स्थिति को मापने के लिए मशीनें लगी हैं।

इसी को देखते हुए क्षेत्रीय कार्यालय ने पर्यटन स्थलों में शामिल पिथौरागढ़ और चंपावत जिले में भी वायु की क्वालिटी मापने के लिए मशीनें उपलब्ध कराने का प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय भेजा था। करीब एक साल पहले प्रस्ताव पर मुहर लग गई और मशीनें भी मिल गई। लेकिन इन मशीनों को चलाने वाले कर्मचारी नहीं मिलने से अब यह मशीनें धूल फांक रही हैं।

पीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. डीके जोशी ने बताया कि पिथौरागढ़ और चंपावत दोनों जिले पर्यटन स्थल के रूप में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। इसलिए दोनों जिलों के मुख्य शहरों में वायु प्रदूषण मापने के लिए मशीनें उपलब्ध कराने के लिए मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा गया था। मशीनें उपलब्ध हो चुकी हैं, लेकिन स्टाफ की कमी के चलते मशीनें नहीं लग सकी हैं। उन्होंने बताया कि मशीनों को चलाने के लिए दो मॉनिटरिंग असिस्टेंट और साइंटिफिक असिस्टेंट की जरूरत है। मुख्यालय को पत्र भेजकर कर्मचारियों की डिमांड की गई है।

### गुलदार को पकड़ने के लिए वन विभाग ने डाला डेरा

**गरमपानी** : बेतालघाट ब्लॉक के धारी, खैरनी व थापली गांव तथा मोटर मार्ग पर गुलदार की आवाजाही तेज होने के बाद अब वन विभाग हरकत में आ गया है। पांच सदस्यीय विशेष टीम का गठन कर गस्त बढ़ा दी गई है। वन क्षेत्राधिकारी तापस मिश्रा के अनुसार लगातार मॉनिटरिंग भी की जा रही है। गांव के बाशिंदों से भी सतर्क रहने का आह्वान किया गया है। एक दर्जन से भी अधिक गांवों को जोड़ने वाले भुजान - बेतालघाट मार्ग पर थापली गांव के समीप तीन बाइक सवारों व एक मैक्स व पिकअप वाहन पर हमलावर होने की घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# लापता भाष्कर की तलाश में आड़े आई आचार संहिता

**हालात**

▸▸ **दो पुलिस कर्मियों के बजाय अब एक ही कर रहा जांच**

▸▸ **एक महीने बाद भी नहीं लगा 15 वर्षीय छात्र का सुराग**

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आचार संहिता लापता भाष्कर की तलाश में आड़े आ गई है। एक माह से लापता भाष्कर के परिजनों का बुरा हाल है। ये मामला अब मंडलायुक्त दीपक रावत तक पहुंच चुका है। भाष्कर को आखिरी बार शीतला माता मंदिर के पास देखा गया था।

मूलरूप से पदमपुरी के पास रहने वाले सुभाष दुम्का का 15 वर्षीय बेटा भाष्कर यहां शिवपुरी जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा में अपने फूफा मोहन सनवाल के घर पर रहता है। वह यहां हिमालय विद्या मंदिर आवास विकास में पढ़ता है। 17 फरवरी की सुबह साढ़े 8 बजे भाष्कर स्कूल के लिए निकला था। हालांकि उस दिन स्कूल में पैरेंट्स मीटिंग थी। पुलिस तफ्तीश में जुटी तो भाष्कर को सीसीटीवी में दिखा और उसके दो दोस्तों ने भी उससे मिलने की बात स्वीकारी। पुलिस ने इस बाबत जब उक्त दोस्तों से कई बार पूछताछ कर ली तो दोस्त अपने परिजनों के साथ शनिवार को मंडलायुक्त दीपक रावत के पास पहुंच गए। भाष्कर के ममेरे भाई विनोद तिवारी ने बताया कि भाष्कर ने बताया कि काठगोदाम पुलिस ने दो पुलिस कर्मियों को जांच में लगाया था, लेकिन अब कह रहे हैं कि सिर्फ एक ही पुलिस कर्मी जांच कर रहा है। जबकि दूसरे को आचार संहिता की वजह से चुनाव संबंधी काम में लगा दिया है।

### भाजपा कार्यालय के उद्घाटन में गया युवक दिल्ली में मिला

**हल्द्वानी** : प्रतापगढ़ से मौसी के घर घूमने आया युवक लापता हो गया। वह भाजपा के लोकसभा कार्यालय के उद्घाटन में जाने की बात कहकर निकला था। पुलिस ने युवक को दिल्ली के एक गुरुद्वारे से बरामद किया है। युवक मानसिक तौर पर कमजोर बताया जा रहा है। कुंडा प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश निवासी शिवम गुप्ता उर्फ राजन बीते शनिवार को राजपुरा में रहने वाली मौसी के घर आया था। बताया जाता है कि कल वह घर से घूमने निकला और भाजपा के चुनाव कार्यालय उद्घाटन में गया, लेकिन फिर लौट कर घर नहीं पहुंचा। परिजनों के साथ पुलिस भी तलाश में जुट गई। सोमवार दोपहर बाद दिल्ली के बंगला साहिब गुरुद्वारे से फोन पहुंचा, जिन्होंने शिवम के होने की सूचना दी। इसके बाद कोतवाली पुलिस के साथ परिजन दिल्ली के लिए रवाना हुए।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अधिकारी ट्रैफिक सीओ। ● अमृत विचार

# वॉलीबॉल व खो-खो में नानकमत्ता खटीमा और चंपावत ने मारी बाजी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** गौलापार अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में 2 दिवसीय आयोजित ओपन मंडल स्तरीय अनुसूचित जनजाति वालीबॉल एवं खो-खो का फाइनल मुकाबला हुआ। इसमें वॉलीबॉल बालक वर्ग में नानकमत्ता, बालिका वर्ग में खटीमा जबकि खो-खो में बालक-बालिका वर्ग में चंपावत ने बाजी मारी।

सोमवार को हुए फाइनल मुकाबले में बालक वर्ग वॉलीबॉल में खटीमा और नानकमत्ता के बीच मुकाबला हुआ। इसमें नानकमत्ता 25-20 अंक से विजेता रहा। बालिका वर्ग में खटीमा और उधम सिंह नगर के बीच मुकाबला हुआ जिसमें खटीमा 25-16 अंक से विजेता रही। खो-खो बालक वर्ग में चंपावत और गदरपुर के बीच मुकाबला हुआ जिसमें चंपावत 15-0 अंक से विजेता बनी। बालिका वर्ग में खटीमा और चंपावत के बीच मुकाबला हुआ जिसमें चंपावत 7-5 अंक से बाजी मारी। प्रतियोगिता का शुभारंभ सीओ ट्रैफिक संजय गर्व्याल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर कराया। इस मौके पर सहायक खेल निदेशक राशिका सिद्दकी, मुकुल भट्ट, बृजेश तिवारी मौजूद रहे।

# ग्रामीण सड़कों के निर्माण में अनियमितता का आरोप

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** बेतालघाट ब्लॉक मुख्यालय समेत तमाम गांवो को जोड़ने वाले भुजान - बेतालघाट मोटर मार्ग पर तीन करोड़ रुपये की भारी भरकम लागत से किया गया डामरीकरण जवाब देने लगा है। यह हालत तब है जब डामरीकरण को दो वर्ष का ही समय बिता है। गांवो के बाशिंदों ने मामले में कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई है। कहा है गुणवत्ताविहीन कार्य कर बजट की बर्बादी की जा रही हैं।

बेतालघाट ब्लॉक मुख्यालय समेत तमाम गांवो को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण भुजान - बेतालघाट मोटर मार्क पर करीब दो वर्ष पूर्व सरकार ने डामरीकरण किए जाने को तीन करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की।

भारी भरकम बजट से मोटर मार्ग पर डामरीकरण किया गया पर अब अभी लो वर्ष का ही समय बिता है कि जगह डामरीकरण उखड़ने लगा है। कदम कदम पर डामरीकरण की उधड़ती परतें गड्ढे गुणवत्ताविहीन कार्यों की हकीकत बयां कर रहे हैं। मोटर मार्ग पर धारी, खैरनी, थापली, हल्सों, चड़ूयूला समेत तमाम क्षेत्रों में डामर उखड़ता जा रहा है।

# कॉटेज निर्माण पर ग्रामीण लामबंद

संवाददाता, गरमपानी

**आक्रोश**

▸▸ **जलस्त्रोतों व प्राकृतिक संपदा को नुकसान का भी जताया अंदेशा**

▸▸ **गांव में बैठक कर जताई गई गहरी नाराजगी**

**अमृत विचार :** रामगढ़ ब्लॉक के बैरोली गांव के ठिक उपर भुजाखान क्षेत्र में जमीन की खरीद फरोख्त कर भारी निर्माण कार्य किए जाने की सुगबुगाहट से ग्रामीणों का पारा चढ़ गया है। बैरोली गांव के बाशिंदों ने बैठक कर निर्माण कार्यों पर रोक लगाने की मांग उठाई है। भविष्य में भारी भरकम मशीनों से जमीन खदान होने से जलस्रोतों व प्राकृतिक संपदा को नुकसान के साथ ही भूस्खलन का भी अंदेशा जताया है। तय हुआ की यदि निर्माण कार्यों पर रोक नहीं लगाई गई तो आंदोलन शुरु किया जाएगा।

बैरोली के भुजाखान क्षेत्र में बाहरी बिल्डर के जमीन की प्लाटिंग कर निर्माण कार्य शुरु करने की सुगबुगाहट से बैरोली गांव के पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने बैठक कर भविष्य में गांव पर खतरा बढ़ने का अंदेशा जताया है। क्षेत्र पंचायत सदस्य निर्मला जीना ने कहा की वर्षों पूर्व गांव के भोले भाले ग्रामीणों को विश्वास में लेकर जमीन की खरीद फरोख्त की गई। अब वहां छोटे छोटे प्लाट काट कोटेज निर्माण कार्य किए जाने की बात सामने आ रही है। जबकि जमीन को कृषि भूमि के तौर पर खरीदा गया।

अब उद्देश्य बदल व्यवसायिक गतिविधियां शुरु कर दी गई है। आरोप लगाया की शांत गांवों में व्यवसायिक गतिविधियां शुरु होने से भविष्य में भारी-भरकम मशीनें चलने से आसपास के जलस्रोतों को नुकसान होने का खतरा भी बढ़ जाएगा। सर्वसम्मति से तय हुआ की यदि शांत गांवों में बहुमंजिला इमारतें तैयार हुई व भारी भरकम मशीनों से निर्माण कार्य किए गए तो आंदोलन का बिगुल फूंक दिया जाएगा। इस दौरान ग्राम प्रधान शोभा कपिल, सरपंच प्रयाग सिंह, किसन सिंह, प्रताप सिंह, मोहन सिंह, गणेश सिंह, जीवन सिंह आदि मौजूद रहे।

### जीआईसी ढोकाने में भी तैयार होंगे कैडेट्स

**गरमपानी** : लंबे इंतजार के बाद ही सही पर अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज ढोकाने को एनसीसी सीनियर डिवीजन की 100 सीटों की मान्यता मिल गई है। मान्यता मिलने पर अब विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी एनसीसी से जुड़ सकेंगे। विद्यालय में एनसीसी ईकाई शुरु होने पर विद्यालय प्रबंधन, पंचायत प्रतिनिधियों व व्यापारियों ने खुशी व्यक्त की है।

अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे से सटे ढोकाने स्थित अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज को नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) की मान्यता मिल गई है।रक्षा मंत्रालय भारत सरकार के ट्रेनिंग डिविजन ने विद्यालय को एनसीसी सीनियर डिवीजन की सौ सीटों की मान्यता प्रदान की है। विद्यालय के प्रधानाचार्य बीके सिंह के अनुसार विद्यालय में अप्रैल से एनसीसी ईकाई प्रारम्भ कर दी जाएगी। ईकाई शुरु होने से गांवो से विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। विद्यालय को एनसीसी सीनियर डिवीजन की सौ सीटों की मान्यता मिलने पर अभिभावकों व क्षेत्रवासियों ने खुशी व्यक्त की है। व्यापारी नेता मदन मोहन सुयाल के अनुसार लंबे समय से विद्यालय में एनसीसी ईकाई शुरु किए जाने की मांग उठाई जा रही थी और अब आखिरकार मेहनत रंग लाई है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कुबेर सिंह जीना, एसएमसी अध्यक्ष तरुण कांडपाल, पीटीए अध्यक्ष मोहन सिंह छिमवाल,रमेश सुयाल, दान सिंह, आदि ने खुशी व्यक्त की है।

# वेतन नहीं मिलने से शिक्षकों की होली का पर्व रहेगा बेरंग

संवाददाता, हल्द्वानी

▸▸ **अशासकीय महाविद्यालयों के शिक्षकों को नहीं मिला दो माह से वेतन**

**अमृत विचार:** अशासकीय महाविद्यालयों के शिक्षकों व कर्मचारियों को दो माह का वेतन नहीं मिला है। वेतन न मिलने के कारण शिक्षकों व कर्मचारियों की होली बेरंग रहेगी। प्रदेश में कुल 21 अशासकीय महाविद्यालय हैं जिसमें लगभग 500 शिक्षक कार्यरत हैं। शिक्षकों को जनवरी और फरवरी का वेतन नहीं मिला है जिससे शिक्षकों में काफी नाराजगी है। अशासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत प्रदेशभर के शिक्षकों ने इस पर अपना विरोध दर्ज किया है। बीते रविवार को देहरादून के डीएवी पीजी कॉलेज में बैठक हुई जिसमें शिक्षकों व कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। बैठक के बाद शिक्षक संघ की उत्तरांचल विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ (फुक्टा) के सचिव डॉ. यूएस राणा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उच्च उच्च शिक्षा उन्नयन कमेटी के उपाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र भसीन से मुलाकात की। डॉ. देवेंद्र भसीन ने बताया कि मुख्यमंत्री से बात कर हल निकाला जाएगा। वहीं, शिक्षकों और कार्मिकों का कहना है कि दो महीने से वेतन न मिलने से उनका होली बेरंग होने वाली है। इधर, उच्च शिक्षा के उपनिदेशक आरएस भाकुनी ने बताया कि बजट की कमी के कारण शिक्षकों व कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पा रहा है। बताया कि शासन से बजट की मांग की गई है।

# घंघरेठी स्कूल में पानी को तरस रहे छात्र-छात्राएं

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार:** बेतालघाट ब्लॉक के घंघरेठी गांव में स्थित राजकीय प्राथमिक व जूनियर हाईस्कूल के लगभग 40 से अधिक नौनिहाल बूंद बूंद पानी को तरस गए हैं। मजबूरी में मासूम स्कूली बैग के साथ पानी ढोने को भी मजबूर हो चुके हैं। विद्यालय में पेयजल आपूर्ति को ठोस उपाय न किए जाने से गांवों के बाशिंदे में गहरा रोष व्याप्त है।

बेतालघाट ब्लॉक के तमाम गांवों में पेयजल संकट से ग्रामीण परेशान हैं तो वहीं घंघरेठी गांव में स्थित राजकीय जूनियर हाईस्कूल व राजकीय प्राथमिक विद्यालय में भी पीने के पानी का अकाल पड़ चुका है। पिछले दो वर्षो से भी अधिक समय से विद्यालय में पानी की बूंद तक नहीं टपकी है। ऐसा नहीं की गांव के बाशिंदों ने पेयजल व्यवस्था के लिए आवाज नहीं उठाई। विभिन्न मंचों पर विद्यालय में पेयजल संकट का मुद्दा उठाया गया पर दावों के शोर में नौनिहालों के लिए पीने के पानी को उठी आवाज़ दब कर रह गई।

### मेट्रोपोल में लगा कूड़े का अंबार, दुर्गंध से बुरा हाल

**नैनीताल।** नगर पालिका के कूड़ा वाहनों के खराब होने का असर एक सप्ताह बाद भी नजर आ रहा है। पालिका ने आंतरिक मार्गों के डस्टबिन खाली कर शहर तो साफ कर दिया, मगर मेट्रोपोल में कूड़े का अंबार लगा हुआ है। इस कारण आस-पास रहने वाले लोगों के साथ ही राहगीरों का दुर्गंध से बुरा हाल है। बता दें कि एक सप्ताह पहले नगर पालिका के डस्टबिन उठाने वाले वाहन खराब पड़े थे। इस कारण छह दिनों तक शहर के मार्गों में लगे डस्टबिन कूड़े से पटे हुए थे।

दो दिन पूर्व नगर पालिका ने कुछ वाहनों को ठीक करवाने के साथ ही कर्मचारियों मैनुअल तरीके से डस्टबिन साफ करवाये। मगर एकत्रित किया कूड़ा मेट्रोपोल में डंप कर दिया। जहां कूड़े के ढेर लगे होने से दुर्गंध से बुरा हाल है। क्षेत्रवासियों ने तत्काल कूड़े को उठवाने की मांग की है। पालिका के ईओ राहुल आनंद ने बताया कि सभी वाहन ठीक होकर आ चुके है। जल्द ही डंप किये कूड़े को हल्द्वानी भिजवा दिया जाएगा।

**पहल** नए कारागार के बगल में बनी है अंग्रेजों की बनाई जेल, बेकरी उत्पाद बाजार में नजर आएंगे

# ब्रिटिशकालीन जेल में खुलेगा बेकरी का कारखाना

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हल्द्वानी उपकारागार को बाद में बनाया गया, इससे पहले यहां अंग्रेजों की बनाई जेल थी जो आज भी लगभग खंडहर हो चुकी इमारत के रूप में मौजूद है। बेकाम की हो चुकी अंग्रेजों की बनाई जेल में अब जेल प्रशासन बेकरी का कारखाना खोलने जा रहा है। जल्द ही कारखाने का उद्घाटन होगा और जेल में बने बेकरी उत्पाद बाजार में नजर आएंगे।

हल्द्वानी उपकारागार के ठीक बगल में अंग्रेजों की बनाई जेल है। इस जेल का निर्माण 1903 में कराया गया था और सुल्ताना डाकू जैसे खूंखार डकैत इसकी



बैरकों में सजा काट चुके हैं। नए कारागार के निर्माण के बाद पुरानी जेल का उपयोग बंद कर दिया गया, लेकिन अब एक बार फिर इसे उपयोग में लाया जाएगा। जेल प्रशासन ने खंडहर हो चुकी अंग्रेजों की जेल को संवारने की कवायद में जुट गया। बता दें कि कुछ ही दिन पहले जेल प्रशासन ने जेल में जेल बेकरी कारखाना खोलने की घोषणा की थी। जेल प्रशासन इसके लिए उपयुक्त स्थान की तलाश कर रहा था। ताकि कारखाने का सेटअप लगाया जा सके। ऐसे में जेल प्रशासन ने पुरानी जेल को उपयोग में लाने का मन बनाया।

### पहले ध्वस्त करने की बनाई गई थी योजना

**हल्द्वानी** : कारागार के एक बड़े हिस्से पर अंग्रेजों की बनाई जेल स्थापित है। दशकों से इस जेल का उपयोग नही हो रहा है। इस जेल की बैरकें बेहद छोटी, छत नीचे और दरवाजों की लंबाई-चौड़ाई भी बेहद कम है। एक तरह से इसकी बैरकें काल कोठरी जैसी हैं। अनउपयोगी हो चुकी इस इमारत को करीब डेढ़ साल पहले जेल प्रशासन ने ध्वस्त करने का मन बनाया था और तय किया था कि यहां नई बैरकों की निर्माण होगा। इसका एक प्रस्ताव तैयार कर मुख्यालय को भी भेजा गया था, लेकिन अब इसे फिर से संवालने की तैयारी है।

बेकरी की मशीनों को 1903 के बने कमरों में स्थापित किया जाएगा। इससे पहले उन कमरों में फर्श बनाने के साथ अन्य मरम्मत के काम किए जाने हैं। शहर के कुछ बड़े बेकरी उत्पादकों से बातचीत की गई है, जिनके जरिये कैदी-बंदियों को प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। - **प्रमोद पांडे**, जेल अधीक्षक

## एक नजर

### मुख्यमंत्री पुष्कर धामी आज काशीपुर में

**काशीपुर :** गोराया फार्म में चल रहे गुरमत संत समागम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार को शिरकत करेंगे। संगत में वह लगभग दो घंटा रुकेंगे। तीन बजे देहरादून वापसी होगी। एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने बताया की मुख्यमंत्री धामी का कार्यक्रम की सूचना आ गई है।

### चीनी मिल नादेही के जीएम ने चार्ज ग्रहण किया

**जसपुर :** चीनी मिल नादेही के नवनियुक्त जीएम डीपी सिंह ने चार्ज ग्रहण कर लिया है। चीनी मिल कर्मियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और अपनी समस्याएं बताईं। इस दौरान जीएम के पीए शेखर, चीफ इंजिनियर अभिषेक कुमार, मिल के अन्य अधिकारी बीएन शंखवार, खीमानंद, सत्यपाल सिंह, मनोज गुप्ता, परमेंद्र सिंह, चरनजीत सिंह, देवेंद्र श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### 210 लीटर कच्ची शराब के साथ चार गिरफ्तार

**काशीपुर :** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से 210 लीटर कच्ची शराब बरामद की और एक महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रतापपुर चौकी पुलिस ने ग्राम रामजीवनपुर में कच्ची शराब बेचते वहीं की महिला को 14 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। वहीं लक्ष्मीपुर पट्टी धनौरी निवासी मुकेश को 35 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। हरगनिया कालोनी से टांडा उज्जैन निवासी राम उजागर को 32 पाउच शराब के साथ गिरफ्तार किया। कुंडा थाना ग्राम बसई में कच्ची शराब बेचते यहीं के निवासी बूटा सिंह से 35 पाउच कच्ची शराब बरामद की। उधर ग्राम रम्पुरा क्षेत्र में सड़क किनारे कच्ची शराब बेचता रम्पुरा निवासी विक्की उर्फ अमरीक सिंह फरार हो गया। उसके घर से पुलिस ने 30 लीटर कच्ची शराब बरामद की।

### महिला के घर से जमीन के कागज, सोने का हार चोरी

**रुद्रपुर :** थाना ट्रांजिट कैंप में राजमिस्त्री ने एक परिवार पर मानसिक रूप से कमजोर पत्नी को झांसा देकर चोरी करने का आरोप लगाया है। वार्ड-तीन निवासी दिलीप मंडल ने बताया कि वह राजमिस्त्री का काम करता है और उसकी पत्नी मानसिक रूप से कमजोर है और बेटा दिल्ली में कार्य करता है, जबकि छोटा बेटा पढ़ाई करता है। बताया कि कुछ दिन पहले पता चला कि जगतपुरा का रहने वाला एक परिवार उसकी गैरमौजूदगी में घर पर आता है और पत्नी को धोखा देकर तीन बार घर में चोरी कर चुका है। जब पड़ताल की तो पाया कि घर के अंदर से प्लाट के दस्तावेज, सोने का एक हार और नौ हजार रुपये गायब है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### पुत्री को भगाने का आरोप

**खटीमा :** मझोला निवासी एक पीड़ित ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उसकी नाबालिक पुत्री को रविवार दोपहर बाद कोई बहला फुसला कर कहीं भागा ले गया। यह भी कहा कि घर आने पर उसने अपनी पुत्री की काफी खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चला, लेकिन उसके कमरे से एक मोबाइल मिला जिसे उसने अपने पास रख लिया। इस मोबाइल पर रात के समय एक कॉल आई। जिससे पूछने पर उसने स्वयं को किच्छा निवासी बताया लेकिन दुबारा काल करने पर उसने मोबाइल स्विच ऑफ कर दिया। पीड़ित ने बताया कि सोमवार सुबह भी उस मोबाइल पर एक अन्य नंबर से कॉल आई जिससे पूछने पर उसने स्वयं पर रुद्रपुर निवासी बताया।



रुद्रपुर में बैठकी होली में प्रस्तुति देतीं शैल सांस्कृतिक समिति की महिलाएं। ● अमृत विचार



बाजपुर में होली गायन करतीं पर्वतीय समाज की महिलाएं। ● अमृत विचार

# मैंने रंग ली आज चुनरिया...पर महिला होल्यारों ने जमाया रंग

## महोत्सव में पर्वतीय समाज की बैठकी होली का भव्य आयोजन, महिलाओं ने होली के विभिन्न गीत गाकर एक दूसरे को रंगों के पर्व की शुभकामनाएं दीं

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** शैल सांस्कृतिक समिति शैल परिषद द्वारा कुमाऊंनी होली महोत्सव का आयोजन किया। जिसमें पर्वतीय समाज की बैठकी होली में महिलाएं होली गीतों पर जमकर झूम उठीं।

सोमवार को होली महोत्सव का शुभारंभ पुष्पा जोशी, दुर्गा शाह, सुधा पटवाल, मालती कांडपाल व मोहिनी बिष्ट द्वारा किया गया। इस दौरान सुनीता पांडे ने जाओगे बांके बिहारी होली होगी हमारी तुम्हारी, लीला दनाई ने राधा भेज रही पाती छुप-छुप बैठी कुंजन में, किरन बोरा ने मेरो रंगीलो देवर घर ए रौ छा, रेनू जोशी ने मैंने रंग ली आज चुनरिया, नीलम कांडपाल ने मुझे मिल गया नंद का लाल, चंदा बम ने होली खेलन आए कैलाशपति ने गीतों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया और महिलाएं थिरकने को मजबूर हो गईं। इस दौरान अरे जा रे हट नटखट गीत में विनीत पांडे और गीता बिष्ट द्वारा महफिल में चार चांद लगा दिया। इस अवसर पर दीपा जोशी, किरन जोशी, सरिता उपाध्याय, हंसी मिश्रा, प्रेमा पांडे, नलिनी पांडे, कमला भट्ट, निधि पांडे, आशा लोहनी, दीपा मटेला, भावना बलौदी, शालू मिश्रा, भावना मेहरा, मंजू दनाई, गीता भट्ट, पार्वती बोरा, कविता पांडे, कल्पना रावत, सरिता मेहरा आदि मौजूद थी।



होली मिलन समारोह मनाती वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की सदस्य महिलाएं। ● अमृत विचार

### होली मिलन समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लिया

**काशीपुर।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति द्वारा होली मिलन समारोह बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया। होली मिलन समारोह में विभिन्न धर्मों व सम्प्रदायों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों ने होली की महत्ता पर प्रकाश डाला। सांस्कृतिक कार्यक्रम में वरिष्ठ लोगों द्वारा एक से बढ़कर एक गीत, भजन, चुटकुले, शेर व शायरी प्रस्तुत किये गये और होली के गानों पर जमकर डांस किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के अध्यक्ष हरीश कुमार सिंह एडवोकेट, शैलेंद्र कुमार मिश्रा एडवोकेट, उमेश जोशी एडवोकेट, इंदु मान, चन्द्रभूषण डोभाल, भास्कर त्यागी एडवोकेट आदि तमाम महिला व पुरुष मौजूद रहे।

### महिलाओं की टोलियां होली के गीतों के रंगों में सराबोर

**बाजपुर।** इन दिनों महिलाओं की टोलियां होली के गीतों के रंगों में सराबोर हैं। बैठकी होली हो या फिर खड़ी होली, महिलाएं फागुन के इस त्यौहार को बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मना रही हैं। सोमवार को मोहल्ला मझरा-प्रभु में राधा तिवारी के घर पर होली गायन की शुरुआत करते हुए पर्वतीय समाज की महिला होल्यारों ने कहा- सिद्धि के दाता विघ्न विनाशन होली खेले गिरिजापति नंदन। इसके अलावा रंग में होली कैसे खेलूं मैं सांवरियां तेरे संग..., आज कन्हैया रंग भरे, अंबे जगत में तेरी जय-जयकार, ऊंचे भवन पर्वत पर बस रही आदि होलियों का गायन किया गया। इस इस मौके पर यशोदा जोशी, पुष्पा कांडपाल, रेखा उपाध्याय, लीला पंत, रेखा पांडे, मंजू ममगई, नेहा उपाध्याय, मुन्नी पांडे, सुनीता, नन्दी रावत, सरीता जोशी, प्रेमलता आदि मौजूद थी।



बाजपुर में होली गायन करते किन्नर समाज के लोग। ● अमृत विचार

### ढोल की थाप पर किन्नरों ने दी होली की बधाई

**बाजपुर।** नगर में होली का रंग परवान चढ़ने लगा है। इस रंग में हर कोई सराबोर हो रहा है। होली की मस्ती के बीच किन्नर समाज भी बाजार में है। सोमवार को बाजार में घूम-घूमकर ढोल की थाप पर होली गीत गाकर किन्नर बधाई देते नजर आए। बाजपुर किन्नर प्रमुख मीना बुआ के नेतृत्व में सनम, निशा आदि किन्नरों की टीम द्वारा समाज को गीतों के माध्यम से होली पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का संदेश देते नजर आए। बाजार की दुकानों में किन्नरों द्वारा गीत-संगीत प्रस्तुत कर दुकानदारों एवं आम नागरिकों को होली की बधाई देते हुए उनके लिए सुख, शांति, समृद्धि की कामना की गई।

# ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार जीजा और साले की मौत

**दुर्घटना**

- नौगवानाथ जाते समय देर सायं बगियाघाट के पास हुआ हादसा
- गंभीर रूप से दोनों घायलों को चिकित्सकों ने मृत घोषित किया

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आकर जीजा-साले गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को 108 एंबुलेंस से से नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। घटना से दोनों परिवारों में कोहराम मचा है।

जानकारी के अनुसार सोमवार सांय जीजा-साले सतीश सिंह राणा (48) पुत्र जय सिंह राणा निवासी पचपेड़ा तथा सुरेश सिंह राणा (30) पुत्र दयाशंकर निवासी नौगवांनाथ एक बाइक से नौगवानाथ जा रहे थे। पहुंचे थे। सायं करीब साढ़े सात बजे बगियाघाट के पास उनकी बाइक ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आ गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तत्काल 108 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस से दोनों को नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। वहीं हादसे के बाद अस्पताल में ग्रामीण जमा हो गए। उधर हादसे की जानकारी मिलने के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मचा है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से पिकअप चालक की मौत

**रुद्रपुर/किच्छा।** किच्छा मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से पिकअप चालक की मौत हो गई, जबकि हेल्पर घायल हो गया। ग्राम बली परीक्षित मुवाना निवासी 28 वर्षीय राधेश्याम पिकअप चलाने का काम करता है और सोमवार को वह हेल्पर ग्राम ढाका मितौली लखीमपुर खीरी के अमित कुमार के साथ पिकअप में गोला गोकर्णनाथ से दूध लेकर आ रहा था कि किच्छा मार्ग स्थित टोल प्लाजा के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे चालक राधेश्याम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि परिचालक अमित कुमार घायल हो गया। राहगीरों द्वारा दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां परिचालक की हालत स्थिर बनी हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



राधेश्याम।

### डॉक्टर पर जानलेवा हमले का प्रयास किया

**काशीपुर:** बच्ची के स्कूल से स्कूटी से लौट रहे डॉक्टर पर हथियारों से लैस कुछ लोगों ने जानलेवा हमले का प्रयास किया। डॉक्टर ने स्कूटी छोड़ दौड़ कर जान बचाई।

आसपास के लोगों को एकत्र होता देख हमलावर फरार हो गये।

मोहल्ला कटोराताल, तुफैल का बाग निवासी डॉ. अब्दुल मुजीव पुत्र अब्दुल अजीज कुरैशी वर्तमान में अपने पिता के व्यवसाय में भी हाथ बंटा रहे हैं। सोमवार की दोपहर वह स्कूटी से गिरीताल रोड स्थित एक स्कूल में अपनी बच्ची को लेने गये थे। स्कूल में कुछ देर बाद आने की बात कहने पर वह वापस आ रहे थे। इसी बीच रामनगर रोड पर हथियारों से लैस कुछ लोगों ने उन्हें घेर लिया। इस पर डॉक्टर ने शोर मचाकर स्कूटी मौके पर ही छोड़ दी और दौड़ लगा दी। हमलावर डॉक्टर के पीछे भागे, लेकिन शोर सुनकर आये आसपास के लोगों देख वह फरार हो गये। वहीं सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी और घटना की जानकारी ली। पुलिस सीसीटीवीकैमरे के जरिये आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# एमएसएमई योजना पर मंथन

**सेमिनार**

- रुद्रपुर में एमएसएमआई विकास संस्थान ने केजीसीसीआई की मदद से कार्यक्रम का किया आयोजन

संवाददाता,काशीपुर

**अमृत विचार:** एमएसएमई विकास संस्थान ने केजीसीसीआई के सहयोग से सेमिनार का आयोजन किया। सरकार की योजना में शामिल वित्तीय सहायता, प्रोत्साहन, लाभ व अन्य प्रावधान की तिथि के बारे में बताया गया।

सोमवार को रुद्रपुर के एक होटल में आयोजित एमएसएमई प्रतिस्पर्धी लीन योजना पर हुए सेमिनार में योजना की कंसल्टेंट रोशनी ढींढरा ने बंग्लोर से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से योजना व केंद्र सरकार के लागू करने के लिए दी जा रही सुविधाएं व प्रोत्साहन के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने कहा कि एमएसएमई योजना के अंतर्गत विनिर्माण इकाइयों के साथ ही अब सेवा क्षेत्र की इकाइयों को भी सम्मिलित कर लिया है। योजना में शामिल वित्तीय सहायता, प्रोत्साहन, लाभ व अन्य प्रावधान 31 मार्च 2026 तक लागू रहेंगे। उन्होंने उद्यमियों से अधिक से अधिक लाभ लेने अपील की। सेमिनार में एमएसएमई विकास संस्थान हल्द्वानी के उप निदेशक अमित मोहन ने लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। उन्होंने इस योजना को अपनाने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर के व्यापार मेलों में उत्पादकों की प्रदर्शनी के लिए दिए जा रहे सहयोग के बारे में बताया। केजीसीसीआई अध्यक्ष अशोक बंसल ने कहा कि आज हम एमएसएमई की महत्वपूर्ण एमएसएमई प्रतिस्पर्धी लीन योजना का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योगों को एमएसएमई को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाना है। कहा कि लीन मैन्युफैक्चरिंग एक दर्शन है, जो विनिर्माण प्रक्रियाओं में अपव्यय को कम करने पर केंद्रित है। इसका लक्ष्य उत्पादन की लागत को कम करना और गुणवत्ता और ग्राहक सुधार करना है।



रुद्रपुर में आयोजित सेमिनार में मौजूद उद्योगपति। ● अमृत विचार

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

**सूचना**

मेरे द्वारा अपने पुत्र मो० शफीक के हिस्से की सम्पत्ति उसकी पुत्री व वर्तमान में होने वाली संतान के नाम एक वसीयतनामा लिखा गया है। यह कि भविष्य में उक्त सम्पत्ति क्रय किये जाने पर कानूनी रूप से अवैध होगी। सम्पत्ति वार्ड नं० 18 पूर्व वार्ड नं० 5 खेड़ा, तह० रूद्रपुर, जिला ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड में स्थित है।

**- श्रीमती खुर्शीदा बेगम पत्नी स्व. मो. सईद, निवासी वार्ड नं.- 18, पूर्व वार्ड नं. 5, खेड़ा कालोनी, तहसील रूद्रपुर, जिला ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)**

**प्रशिक्षण** — विवि के गांधी हॉल में मास्टर ट्रेनरों ने दो पालियों में सैद्धांतिक और ईवीएम प्रशिक्षण दिया

# मतदान पार्टियां अपने बूथ पर ही करेंगी रात्रि विश्राम

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** लोकसभा निर्वाचन सुचारु रूप से संपादित कराने के लिए सोमवार को विवि के गांधी हॉल में पीठासीन अधिकारियों को मास्टर ट्रेनरों ने दो पालियों में सैद्धांतिक और ईवीएम प्रशिक्षण दिया। जिसमें लगभग एक हजार पीठासीन अधिकारी शामिल हुए।

जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण तरीके से समयबद्ध सम्पन्न कराने के लिए सभी कार्मिक सौंपे कार्यों व दायित्वों का बखूबी निर्वहन करना सुनिश्चित करें। कहा कि निर्वाचन से जुड़े सभी कार्मिक तटस्थ होकर कार्य करें और मतदान पार्टियां अपने बूथ पर ही रात्रि विश्राम करेंगी। यह जिम्मेदारी भी पीठासीन अधिकारी की होगी कि वह किसी का आतिथ्य स्वीकार नहीं करेंगे। निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिकायत क्षम्य नही होगी। उन्होने कहा कि मतदान से पूर्व मॉकपोल अनिवार्य रूप से कराएंगें और नियत समय प्रातः सात बजे से मतदान प्रारंभ कराना सुनिश्चित करेंगे। प्रत्येक दो घंटे में मतदान सूचना कंट्रोल रूम को देनी होगी। पीठासीन अधिकारी अपनी डायरी का अच्छी तरह अध्ययन कर ईवीएम संचालन में दक्ष हो लें, ताकि मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जो भी शंकाए हैं उनका सामाधान प्रशिक्षण के दौरान ही कर लें। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने कहा निर्वाचन आयोग का उद्देश्य शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व पारदर्शी मतदान कराना है। इसमें पीठासीन की भूमिका अहम है, इसलिए मतदान कार्मिक सैद्धांतिक और ईवीएम का गहनता से प्रशिक्षण लें, ताकि मतदान के दिन किसी प्रकार की परेशानी न आए। उन्होंने हिदायत दी कि मतदान में लगे सभी कर्मचारी कर्तव्यनिष्ठा और शालीनता से निर्वाचन कार्यों को संपादित कराएं। सीडीओ ने कहा कि आचार संहिता लगते ही हम सभी आयोग के अधीन हो जाते हैं, तटस्थ होकर निर्वाचन कार्य पारदर्शिता से संपन्न कराना हमारा दायित्व हैं। मतदान कर्मी टीम भावना से मिलजुल कर कार्यों को अंजाम दें। प्रत्याशी अभिकर्ताओं की मौजूदगी में मतदान से पूर्व मॉक पोल कराना अनिवार्य है। पीठासीन अधिकारी हस्तपुस्तिका का भलीभांति अध्ययन कर लें। मतदान बूथ में पीठासीन अधिकारी अनुशासन बनाये रखे, शालीनता से व्यवहार करें। प्रशिक्षण के दौरान नोडल अधिकारी नरेश दुर्गापाल और मास्टर ट्रेनरों ने बारीकियों को समझाते हुए मतदान कार्मिक को विभिन्न प्रपत्र भरने, ईवीएम ऑन व ऑफ करने व सील करने के साथ ही बीयू, सीयू व वीवीपैट को संयोजित करने, खोलने और सील करने की प्रक्रिया के बारे में हैंड्स ऑन जानकारी दी। साथ ही मास्टर ट्रेनरों ने मतदान की सामग्री प्राप्त करने के तरीके, मतदान से पूर्व बूथ पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान शुरू करने, मतदान समाप्ति सहित संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी दी। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी एके जोशी, नोडल ईवीएम टीएस मर्तोलिया, एसडहएम मनीष बिष्ट, परियोजना निदेशक अजय सिंह, नोडल खानपान विपिन कुमार, सहायक नोडल कार्मिक केएस रावत, नगर आयुक्त काशीपुर विवेक राय सहित पीठासीन अधिकारी मौजूद रहे।



पंतनगर में ईवीएम प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद डीएम व अन्य।

### बिल्डर्स पर फिर लगा लाखों की धोखाधड़ी का आरोप

**रुद्रपुर:** कोतवाली इलाके में स्थित ठगी के आरोपों में फंस चुके बिल्डर ग्रुप पर फ्लैट निर्माण के नाम पर झांसा देने का मामला सामने आया है। गीता कॉलोनी दिल्ली निवासी सुरेंद्र कौर नागी ने बताया कि एक अप्रैल 2014 को उसने काशीपुर हाईवे स्थित कॉलोनी में फ्लैट बुक करवाया था। उस वक्त बिल्डर्स द्वारा फ्लैट बनाकर देने का आश्वासन दिया और 2.80 लाख रुपये में जमा भी करवा दिए थे। आरोप था कि 18 मार्च 2024 को जब कॉलोनी में जाकर देखा तो किसी भी प्रकार का भवन निर्माण नहीं हुआ था। पूछने पर संतोषजनक जवाब नहीं दिया और रकम भी वापस नहीं की। बाद में पता चला कि बिल्डर्स द्वारा कई लोगों के साथ धोखाधड़ी के आरोप लग चुके हैं। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### इलेक्टोरल बॉन्ड से बड़ा भ्रष्टाचार दुनिया के किसी देश में नहीं हुआ

**काशीपुर :** समाजवादी पार्टी की युवजनसभा के जिलाध्यक्ष अली अनवर एडवोकेट ने मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड का भ्रष्टाचार अगर दुनिया के किसी अन्य देश में होता तो सरकार चली जाती। इससे बड़ा भ्रष्टाचार दुनिया की किसी देश में नहीं हुआ है। सोमवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष फैजान मलिक के आवास पर हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि इससे बड़ा भ्रष्टाचार दुनिया की किसी देश में नहीं हुआ है। उन्होंने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए इलेक्टोरल बॉन्ड दाताओं की सूची को सार्वजनिक करने की मांग भी की जिससे कि सच्चाई सामने आ सके और शक की गुंजाइश भी दूर हो सके।

### स्टार प्रचारक के साथ हेलीकॉप्टर में जाने पर व्यय प्रत्याशी के खाते में जुड़ेगा, 95 लाख रुपये है लिमिट

# सभा स्थल, रैली और हेलीपैड के लिए लेनी होगी अनुमति

बैठक

संवाददाता, रुद्रपुर


राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारियों के बैठक करते अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नोडल व्यय डॉ. पंकज कुमार शुक्ल और नोडल एमसीएमसी आरडी पालीवाल ने राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने पदाधिकारियों को निर्वाचन आयोग के नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। साथ ही बताया कि लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी का 95 लाख व्यय आयोग द्वारा निर्धारित किया है। प्रत्याशी यदि किसी स्टार प्रचारक के साथ हेलीकॉप्टर में जाते हैं तो व्यय प्रत्याशी के खाते में जोड़ा जाएगा।

सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। नोडल व्यय और नोडल एमसीएमसी ने बताया कि स्टार प्रचारकों के आने से पूर्व सभा स्थल, रैली व हेलीपैड की समय से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। प्रचार वाहनों की अनुमति अनिवार्य होगी। यदि स्टार प्रचारक की रैली में प्रत्याशी यदि मंच साझा करता है तो व्यय प्रत्याशी के व्यय खाते में जुड़ेगा। यदि प्रत्याशी मंच साझा नहीं करता है, लेकिन स्टार प्रचारक प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने की अपील करता है तो मानको के अनुसार कुछ हिस्सा प्रत्याशी के खाते में जोड़ा जाएगा।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने पार्टी प्रत्याशियों के व्यय पर पैनी निगरानी शुरू कर दी है। एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी, एलएमटी समेत कई टीमें लगा दी गयी है जो पैनी नजर रखे हुए है। नामांकन से पूर्व नया बैंक खाता अनिवार्य रूप से खोलना होगा एवं उसी बैंक खाते से लेन-देन करना होगा। उन्होने बताया कि प्रत्याशी प्रतिदिन व्यय लेखा-जोखा रखेंगे और निर्वाचन के दौरान तीन बार व्यय प्रेक्षक से व्यय पंजिकाओं का अवलोकन कराना अनिवार्य होगा। इसके अलावा रैली, वाहन, ध्वनि विस्तारक यंत्र आदि के लिए पूर्व अनुमति लेना आवश्यक होगी।

नोडल अधिकारी एमसीएमसी ने बताया कि प्रत्याशी को सोशल व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रचार कंटेंट अपलोड करने से पूर्व प्रचार सामग्री (कंटेन) को एमसीएमसी से अनिवार्य रूप से प्रमाणित कराना होगा। प्रचार सामाग्री में प्रिंट लाइन व संख्या अवश्य अंकित होनी चाहिए। इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय मंत्री गजेंद्र प्रजापति, बसपा के ओमकार सिंह, चन्द्रकेश्वर राव, जिला महामंत्री भाजयुमो भाजपा विपिन सिंह, महानगर महामंत्री कांग्रेस सुनील कुमार, आप के धर्मेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

# जनप्रतिनिधियों को पढ़ाया आचार संहिता का पाठ


दिनेशपुर थाने में जनप्रतिनिधियों की बैठक लेते सीओ ओम प्रकाश शर्मा व अन्य।

**दिनेशपुर :** पुलिस क्षेत्राधिकारी ओम प्रकाश शर्मा ने लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता का पाठ जनप्रतिनिधियों को पढ़ाया। उन्होंने होली पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। सोमवार को थाना परिसर में आयोजित बैठक में सीओ शर्मा ने कहा कि जनता को निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करना चाहिए। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, नपं पूर्व अध्यक्ष कावल सिंह विर्क, व्यापारी नेता विशंभर लाल मिगलानी, पंजाबी महासभा अध्यक्ष केके गावा, कूल्हा प्रधान सुंदरगिरी गोस्वामी, मदनापुर प्रधान हेमगिरी गोस्वामी उर्फ हिमांशु, खटोला प्रधान एडवोकेट मुकेश सिंह राणा, चंदननगर प्रधान विकास सरकार, अनादिरंजन मंडल, हिमांशु सरकार आदि मौजूद थे।

# सौ मीटर की दूरी पर रुकेगा जुलूस बैरिकेडिंग बनाने का दिया आदेश

### जिला निर्वाचन अधिकारी और एसएसपी ने किया नामांकन स्थल का निरीक्षण

तैयारी

संवाददाता, रुद्रपुर


नामांकन केंद्र का निरीक्षण करते जिलाधिकारी उदयराज सिंह और एसएसपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के नामांकन की तिथि घोषित होने के बाद जिला एवं पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की पहल शुरू कर दी है। जिसको लेकर डीएम और एसएसपी ने नामांकन केंद्र स्थल का मुआयना किया और अधीनस्थों को बैरिकेडिंग करने का आदेश दिया।

सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह और एसएसपी मंजूनाथ टीसी अधीनस्थों के साथ डीएम कार्यालय और एसएसपी कार्यालय मार्ग पर बने गेट पर पहुंचे, जहां उन्होंने गेट से लेकर नामांकन केंद्र मार्ग के दोनों ओर बैरिकेडिंग करने का आदेश दिया। साथ ही नैनीताल हाईवे से आने वाले प्रत्याशी जुलूस को हाईवे रोड पर रोकने और वाहनों की पार्किंग को एआरटीओ कार्यालय के समीप बनाने का आदेश दिया। उन्होंने बताया कि प्रत्याशी जुलूस को हाईवे मोड़ पर रोक कर अपने-अपने प्रस्तावकों के साथ नामांकन केंद्र पहुंचेंगे और नामांकन करने के बाद दूसरे गेट से बाहर की ओर जाएंगे।

एसएसपी ने अधीनस्थों को आदेश दिया कि नामांकन केंद्र के चारों ओर भारी पुलिस बल की तैनाती रहेगी और बिना अनुमति व अनुमति पत्र के किसी को भी नामांकन केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इस अवसर पर एडीएम अशोक कुमार जोशी, एसडीएम मनीष बिष्ट, एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, सीडीओ मनीष कुमार, अधिशासी अभियंता लोनिवि राजकुमार, सीपीयू प्रभारी राकेश बिष्ट, सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

### यूपी बॉर्डर पर बढ़ी चौकसी, वाहनों की हुई चेकिंग


बार्डर पर वाहनों की चेकिंग करती पुलिस। ● अमृत विचार

**रुद्रपुर।** लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही पुलिस प्रशासन ने चौकसी बढ़ा दी है। साथ ही यूपी बॉर्डर पर निगरानी बढ़ाते हुए आने वाले वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी है। बॉर्डर पर पुलिस के अलावा पैरामिलिट्री के जवानों की तैनाती शुरू हो चुकी है। एसपी क्राइम ने अधीनस्थों को चौकसी बढ़ाने का आदेश दिया है। सोमवार को एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके आदेश पर रामपुर-नैनीताल बॉर्डर, पुलभट्टा बहेड़ी बॉर्डर, जसपुर-बिजनौर बार्डर, खटीमा-नेपाल बार्डर सहित सीमाओं को जोड़ने वाले गोपनीय मार्गों पर भी निगरानी बढ़ाने का आदेश दिया। जिसके बाद यूपी एवं नेपाल सीमा पर निगरानी करते हुए पुलिस और पैरामिलिट्री के जवानों ने चौकसी बढ़ा दी है।

## आईटीबीपी, पुलिस ने फ्लैग मार्च से दिया शांति का संदेश

**किच्छा:** भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल एवं कोतवाली पुलिस की टीम ने कोतवाली अंतर्गत तमाम क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। सुरक्षा बल एवं पुलिस के जवानों ने संयुक्त रूप से मतदान की दृष्टि से संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथ क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर जनता से शांति व्यवस्था तथा सहयोग की अपील की।

उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, भारत तिब्बत सीमा पुलिस फोर्स के क्षेत्राधिकारी अनिल सिंह, तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी, कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा, आईटीबीपी के इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में दर्जनों जवानों ने कोतवाली परिसर से फ्लैग मार्च शुरू किया। कोतवाली से प्रारंभ हुआ जवानों का फ्लैग मार्च नगर के मुख्य बाजार, हल्द्वानी मार्ग, महाराणा प्रताप चौक, दीनदयाल चौक, बरेली रोड, आवास विकास, अंबेडकर चौक होता हुआ पुनः कोतवाली पहुंचकर समाप्त हुआ। कोतवाली परिसर में उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा ने आईटीबीपी के जवानों एवं पुलिस टीम के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस टीम के साथ सुरक्षा बल के जवानों की टीम बनाकर कोतवाली अंतर्गत सभी बॉर्डर पर तैनाती के साथ ही मौके से गुजरने वाले वाहनों की बारीकी से तलाशी ली जाएगी। आईटीबीपी के सीओ अनिल सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव के चलते भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की दो बटालियन उत्तराखंड में तैनात की गई हैं। इस मौके पर वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद जोशी, उप निरीक्षक ओमप्रकाश नेगी, उपनिरीक्षक विजय कुमार सहित तमाम जवान मौजूद रहे।

# चुनाव के दृष्टिगत अपराधियों की कुंडली खंगाल रही पुलिस

**सख्ती**

- पुलिस ने शांतिपूर्ण चुनाव कराने को लेकर तैयारियां शुरू कीं
- वांछित और हिस्ट्रीशीटरों की जानकारी जुटाई जा रही

मौहम्मद अर्शी, काशीपुर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही पुलिस भी एक्शन मोड में आ गई है और उसने चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं, जिसको लेकर पुलिस ने चेकिंग अभियान भी शुरू कर दिया है। वहीं चुनाव के दौरान कोई खलल न पड़े, इसके लिए पुलिस अपराधियों की कुंडली खंगालने में जुट गई है।

चुनाव में पुलिस कानून व्यवस्था संभालने के साथ-साथ अपराधियों व असामाजिक तत्वों पर भी नजर रखेगी। जिसके लेकर पुलिस ने प्रत्येक थाना व चौकी में काम करना शुरू कर दिया है। जिसके तहत एसएसपी के निर्देश पर हल्का और चौकी प्रभारियों ने बूथ स्तर पर छानबीन शुरू कर दी है। खासतौर पर वांछित, हिस्ट्रीशीटरों के अलावा ऐसे अपराधियों की जानकारी जुटा रही है, जिनके विरुद्ध पूर्व में हुए चुनावों में मामले दर्ज हैं।

### इन बिंदुओं पर पुलिस ने जुटानी शुरू की जानकारी


लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने कुछ बिंदुओं पर कार्य करना शुरू कर दिया है। मतदान केंद्र की संवेदनशीलता, पोलिंग बूथ पर पड़ने वाले गांव-मोहल्लों की सूची, वोटरों की संख्या, जातीय अनुपात, पूर्व में प्रकाश में आई रंजिश, राजनीतिक मुकदमा, वांछित व इनामी अपराधियों की स्थिति, हिस्ट्रीशीटर, लाइसेंसधारक, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर, आर्म्स एक्ट की कार्रवाई, परंपरागत व शरारती तत्वों की जानकारी पुलिस ने जुटाना शुरू कर दिया है।

### जेल से जमानत पर छूटे लोगों पर भी रहेगी नजर

पुलिस ने ऐसे आरोपियों व बदमाशों की भी कुंडली बनानी शुरू की है जो इन दिनों जमानत पर जेल से बाहर हैं। जमानत पर चल रहे ऐसे आरोपियों के वर्तमान क्रियाकलापों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। अपराध में लिप्त पाए जाने पर इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### बांसफोड़ान चौकी क्षेत्र में सबसे ज्यादा 29 हिस्ट्रीशीटर

पुलिस ने लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत हिस्ट्रीशीटरों भी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है और उनको चिन्हित कर जिला बदर की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। अब तक कोतवाली पुलिस ने करीब 15 हिस्ट्रीशीटरों की फाइल जिला बदर के लिए डीएम को भेज चुकी है। वहां से अनुमति के बाद पुलिस उन पर कार्रवाई करेगी। कोतवाली में लगे चार्ट के अनुसार क्षेत्र में कुल 55 हिस्ट्रीशीटर है। जिसमें सबसे ज्यादा 29 हिस्ट्रीशीटर बांसफोड़ान चौकी क्षेत्र से है।



लोकसभा चुनाव निष्पक्ष व शांतिपूर्ण कराना पुलिस की प्राथमिकता है। चुनाव के दौरान कोई खलल उत्पन्न न हो इसके लिए अपराधियों की कुंडली खंगाली जा रही है। वही हिस्ट्रीशीटरों के जिला बदर करने की कार्यवाही भी की जा रही है। अपराध में लिप्त पाए जाने पर इनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।
-**अभय सिंह**, एसपी काशीपुर।

इस कार्य में पुलिस ने चौकीदारों के अलावा बीट के सिपाहियों को लगाया है। चुनाव से पूर्व सख्त कार्रवाई हो जाने से चुनाव के दौरान असामाजिक तत्व व उपद्रवी किस्म के व्यक्ति भूमिगत हो जाते हैं। इन्हें डर रहता है कि उनकी कुंडली खंगाली जा रही है।

# पेठा, दूध और तेल के नमूने जांच को भेजे



बस में रखा पेठा दिखाते जिला अभिहित अधिकारी डॉ .प्रकाश फुलारा और टीम।

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी उदयराज सिंह के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने त्योहारों के मद्देनजर व्यापक चेकिंग और नमूना संग्रहण के लिए विशेष अभियान पुलभट्टा किच्छा में चलाया। इस दौरान टीम ने बाहरी प्रदेशों से आने वाले दो दर्जन से अधिक वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान टीम ने संदेह के आधार पर दो बसों से लाए जा रहे पेठों के सैंपल के साथ दूध व तेल के नमूने लेकर खाद्य एवं औषधि विश्लेषणशाला रुद्रपुर को भेज दिए हैं।

सोमवार को विशेष अभियान के बाद जिला अभिहित अधिकारी डॉ.प्रकाश फुलारा ने बताया कि अभियान के तहत टीम ने रुहेलखंड डिपो एवं हल्द्वानी डिपो की दो बसों से लगभग 260 किलो पेठा हल्द्वानी ले जाया जा रहा था। मौके पर बरामद खाद्य पदार्थ का दावेदार सामने नहीं आया। बाद में रानू पेठा भंडार मॉडल विलेज धोना बरेली के रानू ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की गई। उन्होंने बताया कि दूध एवं तेल के दो अन्य नमूने जांच के लिए संग्रहित किये गये। जिसकी रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारियों का स्वच्छ एवं स्वस्थ्य खाद्य पदार्थों को ही विक्रय करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि विक्रय के लिए खाद्य केवल अधिकृत खाद्य पदार्थों के सप्लायरों से ही खरीदने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि किसी प्रकार की निम्न गुणवत्ता, अस्वच्छकर एवं अवस्वस्थ्यकर खाद्य सामग्री विक्रय किये जाने पर टोल फ्री नंबर 18001804246 पर शिकायत कर सकते हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अर्पणा साह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्या शामिल थे।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं0 9045372695 रिसेप्शन नं0 : 0581-2526012,11
कमरा नं. 1089A
ओ.पी.डी. समय : प्रातः 9.00 से 3.00 बजे तक
हृदय रोग विभाग की सुविधाएं
- अनुभवी चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग का सम्पूर्ण इलाज व सुविधाएं
- इंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
- टी.एम.टी.
- होल्टर टेस्ट (Holter Test)
- बैलून बाल्बोटामी
- इकोकार्डियोग्राफी
- कार्डिएक रीसिंक्रनाइज़ेशन थेरेपी (CRT)
- इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर-डीफिब्रिलेटर (ICD)



हृदय रोग के लक्षण
- क्या छाती में दर्द या भारीपन रहता है और चलने पर बढ़ जाता है?
- क्या आपके पैरों में सूजन आती हैं?
- क्या खाना खाने के बाद सीने या पेट में जलन या दर्द होता है?
- क्या चलने में साँस फूलती है, हाथों में दर्द होता है एवं अचानक बेहोशी आना।
- क्या चलने पर घबराहट होती है?
- क्या आपको डाइबिटिज (शुगर) या हाई कोलेस्ट्रोल, या हाई ब्लडप्रेशर की शिकायत है और साँस फूलती है?
इस प्रकार का कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त परामर्श करें
रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल
ओ.पी.डी. समय : प्रातः 9.00 से 3.00 बजे तक
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर इलाज मुफ्त
इमरजेंसी एवं आई.सी.यू. सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज): 1. आयुष्मान भारत योजना 2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP) 3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन) 4. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) 5. सी.ए.आर.आई. (CARI) 6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS) 7. आई.वी.आर.आई. (IVRI) 8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज): 1. एचडीएफसी एर्गो 2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड 3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड 4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस 5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड 6. जेनिक्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन



दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।
लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी)
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन
हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) ऐशरमैन का इलाज
2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी)
3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन)
4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी)
रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

## सार-संक्षेप

### आम के बाग में जुआ खेलते दो युवक गिरफ्तार

**काशीपुर :** कुंडा थाना पुलिस ने दो लोगों को जुआ खेलते रंगे हाथ दबोच लिया, जबकि दो आरोपी पुलिस को देखकर भाग गए। सूचना के आधार पर मंडी चौकी प्रभारी मनोहर सिंह ने पुलिस टीम के साथ मिस्सरवाला के बाग में दबिश दी। पुलिस ने वहां जुआ खेल रहे सुल्तानपुर फार्म निवासी रोहित रावल व ग्राम मिस्सरवाला निवासी शेखावत को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उनके दो साथी मिस्सरवाला निवासी रईस व मौसम पुलिस को देखकर फरार हो गए। पुलिस ने मौके से 1220 रुपये व ताश की गड्डी बरामद की है। पुलिस ने चारों के खिलाफ जुआ अधिनियम में चालान किया है।

### फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

**बाजपुर :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन की दृष्टिगत जनपद में वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए प्रचलित अभियान के तहत दोराहा चौकी की पुलिस द्वारा सोमवार को फौजदारी वाद संख्या 481/23 धारा 60 एक्साइज एक्ट में नामजद फरार चल रहे ग्राम महेशपुरा निवासी बबलू पुत्र भगवान दास गिरफ्तार किया है।

### किशोरी को भगाकर ले जाने के आरोपी को पकड़ा

**काशीपुर :** एक किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर नाबालिग को बरामद कर लिया। आईटीआई थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि ग्राम वीरपुर थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद निवासी इलियास उर्फ पारुल उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नाबालिग को बरामद कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया।

### सेंटर में 30 किशोरियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**बाजपुर :** किशोरियों को सशक्त करने के लिए सुचेतना सेंटर समाजसेवा की ओर से सोमवार को मुड़िया पिस्तौर में सिलाई सेंटर खेला गया जिसमें 30 किशोरियों को सिलाई की प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही उन्हें प्रमाणपत्र उपलब्ध करवाया जाएगा। सिलाई सीखने वाली किशोरी भविष्य में आत्मनिर्भर बन अपनी व परिवार की आर्थिक स्थिति में सहयोगी बन सकेंगी। इस मौके पर फादर हेरिश, सिस्टर प्रीति, सिस्टर विनिया, सिस्टर सुनीता, ऐनिमेटर नाजमा बअी, कमलेश, उस्माल अली आदि मौजूद रहे।

### छह दिवसीय पूजा महोत्सव का आयोजन आज से

**शक्ति फार्म :** अरविंद नगर में मंगलवार से छह दिवसीय शीतला माता व काली माता पूजा महोत्सव का आयोजन शुरू होगा। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में 20 व 21 मार्च को कोलकाता से आने वाले बाउल गायकों द्वारा बांग्ला लोकगीत बाउल गीत संगीत का कार्यक्रम पेश करेंगे। 22 मार्च की रात्रि बांग्ला धार्मिक नाटक (जात्रा गान) आयोजन होगा। 23 मार्च को आर्केस्ट्रा पार्टी एवं 24 मार्च को नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन होगा। नृत्य प्रतियोगिता में स्थानीय व बाहर के प्रतियोगी भाग लेंगे।

### संतोष कुमार जोशी को आज दी जाएगी अंतिम विदाई


संतोष कुमार जोशी।

**खटीमा :** लेह लद्दाख में तैनात 2- नागा रेजिमेंट के हवलदार संतोष कुमार जोशी का हृदयगति रुकने से निधन हो गया था। उनका पार्थिव शरीर सोमवार देर रात पैतृक गांव पचौरिया पहुंचेगा। पचौरिया चकरपुर निवासी हवलदार का रविवार को निधन हो गया था। हवलदार संतोष जोशी का पार्थिव शरीर हवाई जहाज से चंडीगढ़ लाया गया। जिसे सड़क मार्ग से लाया जा रहा है जो देर रात पैतृक गांव पचौरिया पहुंचेगा। अंतिम संस्कार मंगलवार सुबह बनबसा शारदा घाट पर राजकीय सम्मान से होगा।

### छात्र-छात्राओं के तीन समूहों ने जनसंपर्क किया

**जसपुर :** आरएलएस मेमोरियल डिग्री कॉलेज किशनपुर, जसपुर के एनएसएस शिविरार्थियों के सात दिवसीय शिविर के चतुर्थ दिन आयुष्मान आरोग्य मंदिर नादेही में प्रार्थना, लक्ष्यगीत, संकल्पगीत से शिविर प्रारम्भ हुआ। उसके बाद छात्र-छात्राओं के तीन समूहों ने नादेही गांव में आगामी लोक सभा चुनाव मे मतदान के संबंध में जनसंपर्क किया गया। घर-घर जाकर के लोगों से बात-चीत की और उन्हें मतदान में शतप्रतिशत योगदान देने एवं ईमानदार व कर्त्तव्यनिष्ठ प्रत्याशी चुनने के लिए प्रेरित किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता संजय राजपूत ने स्वयं सेवियों को संबोधित करते हुए तनाव मुक्त जीवन जीने के सूत्र दिए। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. भुवनेश कुमारी, डॉ. अशोक नौटियाल सुभाष कश्यप, शिवानी, प्रीति आदि मौजूद रहे।

### एक अप्रैल से शुरू होगी गेहूं की खरीद

**रुद्रपुर :** एक अप्रैल से कुमाऊं में गेहूं की खरीद शुरू हो जाएगी। इसके लिए आरएफसी विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है। इसके तहत विभाग की ओर से किसानों के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही कुमाऊं में क्रय केंद्रों को खोलने की कसरत भी शुरू कर दी है। वहीं इस बार किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपया प्रति कुंतल दिया जाएगा जो विगत वर्ष की तुलना में 150 रुपये अधिक होगा। यहां बता दें कि ऊधमसिंह नगर में करीब एक लाख हेक्टेयर में गेहूं की खेती होती है। इस खेती में करीब एक लाख 29 हजार किसान जुड़े हुए हैं। तराई में कई स्थानों पर गेहूं की फसल भी तैयार होने के अंतिम चरण में है।

### कच्ची शराब के साथ दो लोग गिरफ्तार

**बाजपुर :** बन्नाखेड़ा व सुल्तानपुर पट्टी चौकी की पुलिस ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए नशा मुक्ति अभियान चलाया। इसके तहत ग्राम महुआडाली निवासी रामअवतार पुत्र रघुनाथ को 20 लीटर कच्ची शराब समेत कोसी नदी के राघव घाट के पास से तथा ग्राम जगतपुर काशीपुर निवासी अमरीक सिंह पुत्र बलवीर सिंह को 67 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। अमरीक के कब्जे से बाइक को सीज कर कब्जे में लिया गया है।

### किच्छा मिल ने चीनी उत्पादन में बनाया नया कीर्तिमान

**किच्छा।** किच्छा शुगर मिल के वर्तमान पेराई सत्र का सफलतापूर्वक समापन हो गया तथा पेराई के वर्तमान सत्र में चीनी मिल द्वारा कुल 30.09 लाख कुंतल गन्ने की पेराई कर 10.74 प्रतिशत टू-डेट चीनी प्राप्त कर उच्च गुणवत्ता की 3.20 लाख कुंतल सफेद चीनी का उत्पादन किया गया। चीनी मिल के अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मर्तोलिया ने बताया कि चीनी मिल के पेराई सत्र 2023-24 का शुभारंभ 6 दिसंबर 2023 को हुआ था जिसका समापन 18 मार्च 2024 को प्रात: 5:15 बजे कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि चीनी मिल द्वारा स्थापना वर्ष से लेकर अब तक प्राप्त किए गए चीनी परता का रिकॉर्ड तोड़कर वर्तमान सत्र में सर्वाधिक चीनी परता प्राप्त करने का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मर्तोलिया ने सत्र के सफल संचालन के लिए गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग सचिव विजय कुमार यादव, उत्तराखंड सहकारी चीनी मिल संघ लिमिटेड प्रबंध निदेशक/ जिलाधिकारी उदय राज सिंह, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग आयुक्त चंद्र सिंह धर्मसत्तू सहित जिला प्रशासन, किसानों व कर्मचारियों का आभार जताया।

# आकांक्षी ब्लॉक गदरपुर को मिलना चाहिए योजनाओं का अधिक लाभ

## विकास भवन में बैठक के दौरान सीडीओ ने अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश

- देश में 500 विकासखंडों में गदरपुर की 220वीं डेल्टा रैंकिंग

संवाददाता, रुद्रपुर


अधिकारियों के साथ बैठक करते सीडीओ मनीष कुमार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि जनपद का गदरपुर विकास खंड आकांक्षी ब्लॉक चिन्हित है, इसलिए सभी विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय करते हुए सभी योजनाओं का लाभ ब्लॉक की जनता को दें। ताकि उनका जीवन स्तर, आर्थिक, सामाजिक रूप से मजबूत हो सके।

सोमवार को विकास भवन सभागार में बैठक के दौरान सीडीओ ने कहा कि आकांक्षी ब्लॉक में सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं पानी, विद्युत, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, शौचालय, कृषि, उद्यान, मत्स्य, मौन पालन, पशुपालन आदि एक छतरी के नीचे दिया जाए। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जनपद कार्यक्रम के तहत माह जनवरी 2024 में देश के 112 आकांक्षी जनपदों में 28वीं डेल्टा रैंकिंग प्राप्त की गयी है। आकांक्षी विकास खंड कार्यक्रम के तहत देश में 500 आकांक्षी विकासखंडों में विकासखंड गदरपुर ने सितंबर 2023 में 220वीं डेल्टा रैंकिंग प्राप्त की है।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बच्चों का समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) के तहत शीघ्रता से पूर्ण कराने और ग्राम पंचायतों में कूड़ा निस्तारण व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि पशुओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण कराएं। उन्होंने डीपीओ को जिन आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय नहीं हैं उसकी सूची तत्काल प्रस्तुत करने के कहा। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जनपद में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के निर्देश दिये।

### यह लोग रहे मौजूद

जिला विकास अधिकारी अजय सिंह, एसीएमओ डॉ.हरेंद्र मलिक, मुख्य कृषि अधिकारी अजय कुमार वर्मा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमील, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास व्योमा जैन, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, खंड विकास अधिकारी गदरपुर कुंदन सिंह बिष्ट समेत संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को ऑनलाइन पोर्टल पर प्रशिक्षण कराने के निर्देश

सीडीओ ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा डेटा ऑनलाइन पोर्टल पर समय से एवं ठीक प्रकार से न भरे जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को ऑनलाईन पोर्टल से संबंधित प्रशिक्षण कराने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए। साथ ही ऑगनबाड़ी केंद्रों में विशेष साफ-सफाई रखने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

## तीन टुक-टुक पर चढ़ गया डंपर

**बाजपुर।** खनन वाहन नगर के बुधबाजार चौराहा से होकर सरपट दौड़ रहे हैं। चौराहा से उतरते वक्त खाली डंपर साइड में खड़े तीन टुक-टुक पर चढ़ गया तथा आसपास मौजूद लोगों ने वहां से भाग कर किसी तरह अपनी जान बचाई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। रविवार सायं खाली डंपर चौराहा से नीचे उतर रहा था कि अचानक डंपर साइड में खड़े ई-रिक्शाओं में जा लगा। गनीमत रही कि इन टुक-टुक में कोई बैठा नहीं था, नहीं तो अनहोनी घट जाती। नगरवासियों ने कहा कि पुलिस चौकी के सामने से खनन के भरे एवं खाली वाहन बुधबाजार चौराहे से होकर आ-जा रहे हैं, लेकिन पुलिस का जनता के प्रति कोई भी दायित्व नहीं दिख रहा है। वहीं इस घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को वहां मौजूद आक्रोशित लोगों ने खूब खरी-खोटी सुनाई। समाजसेवी राजीव सैनी ने कहा कि डंपर बिना नंबर प्लेट के सरपट दौड़ रहे हैं, इन पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हो रही।

## टैंट हाउस में आग लगने से काफी नुकसान

**जसपुर।** टैंट हाउस में आग लगने से काफी नुकसान हो गया। सोमवार को प्रातः करीब 7:00 बजे नादेही चीनी मिल रोड पर कासमपुर मोड़ के पास हिमालय टैंट हाउस में आग लग गई। सूचना मिलने पर फायर स्टेशन से प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्याम बहादुर थापा के निर्देशन में दो फायर यूनिट घटनास्थल पर पहुंचीं। तब तक टैंट हाउस में लगी आग पूरे गोदाम में फैल चुकी थी। फायर यूनिट ने तत्परता से वाटर टैंडर से दो होज पाइप फैलाकर व मिनी वाटर टैंडर से एक होजरील फैलाकर आग पर लगातार पानी डाला। तब कहीं आग पर काबू पाया गया। आग से टैंट का सामान जलकर राख हो गया। आग से गोदाम की दीवारें भी गिर गयीं। वाहनों में पानी समाप्त होने पर पास की सिवान्ता फैक्ट्री से पानी लेकर आग पर काबू पाया जा सका। फायर यूनिट अग्निशमन अधिकारी श्याम बहादुर थापा, बनवारी सिंह, रमेश चन्द्र अमरीश कुमार, सन्दीप कुमार, गोपाल प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# विधायक को बताई समस्याएं

संवाददाता, किच्छा


किच्छा में महिला की समस्या सुनते विधायक तिलक राज बेहड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने जनसंवाद कार्यक्रम के तहत विधानसभा के तमाम क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं और समस्याओं का संज्ञान लेते हुए उनके निदान के लिए जल्द कार्यवाही का भरोसा दिलाया। इस दौरान लोगों ने बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, राशन कार्ड, आधार कार्ड, पेंशन आदि समस्याएं रखीं।

नगर के आवास विकास स्थित कार्यालय में गन्ना कृषक महाविद्यालय की अध्यापिका सीमा शर्मा, ममता देउपा, हिमानी आर्य, मीणा मावड़ी ने विधायक बेहड़ से शिष्टाचार भेंट की। वार्ड नंबर 16 टीचर कॉलोनी निवासी राजेंद्र प्रसाद ने वृद्धावस्था पेंशन, वार्ड नंबर 8 किच्छा निवासी चेतराम पंत ने वार्ड में विद्युत पोल संबंधी समस्या दर्ज कराई। विधायक बेहड़ ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया। मौके पर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष दर्शन कोहली, गुड्डू तिवारी, कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुनीता कश्यप, जसविंदर सिंह, सुरजीत सिंह, बलवंत सिंह, विक्रम कोरंगा, प्रेम सिंह, गुरमीत सिंह, करनैल सिंह, मोहन सिंह, गगनदीप सिंह, मलकीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# पड़ोसी के खर्राटों से तंग होकर बुलाई पुलिस

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक व्यक्ति को खुद के खर्राटे मुसीबत का सबब बनते जा रहे हैं। खर्राटों से परेशान उसका पड़ोसी से विवाद हो गया और मामला थाने जा पहुंचा, जहां एक-दूसरे पर आरोप लगाने के बाद पुलिस ने समझा बुझाकर मामला शांत करवाया। जानकारी के अनुसार थाना ट्रांजिट कैंप आजाद नगर वार्ड-चार निवासी अक्षय मिस्त्री ने बताया कि वह चाट पकौड़ी का ठेला लगाकर परिवार की जीविका चलाता है और उसे खर्राटे लेने की आदत है। उन्होंने बताया कि रविवार की रात को वह खाना खाकर सोने चला गया और खर्राटे की आवाज सुनकर पड़ोसी घर के बाहर पहुंचा और अभद्रता करने लगा। शोर शराबा सुनकर जब वह बाहर आया तो पड़ोसी से उसका विवाद हुआ और धक्की व गाली गलौज की घटना हो गई।

आरोप था कि मामूली विवाद होने के बाद भी पड़ोसी ने पुलिस को फोन कर सूचना दी। पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद दोनों पक्षों को थाने ले आई। जहां दोनों के बीच नोकझोंक होने के बाद पुलिस ने समझा बुझाकर मामला शांत किया। पुलिस के काफी समझाने के बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ।

## सार-संक्षेप

### तीर्थ यात्री की रास्ते में मौत

**जसपुर :** तीर्थ यात्रा पर जाते समय हार्ट अटैक से एक श्रद्धालु की मौत हो गई। जसपुर के मोहल्ला भूप सिंह वार्ड नंबर 10 निवासी कोमल सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह (उम्र 40 वर्ष) मनोरमा धाम यात्रा पर जा रहा था तभी अचानक ठाकुरद्वारा मुरादाबाद उत्तर प्रदेश के पास उसकी तबीयत खराब हो गई। उसे प्राइवेट हॉस्पिटल में ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया है। कोमल की मृत्यु हो जाने पर तीर्थ यात्रा को रद्द करना पड़ा। वह सामूहिक यात्रा में एक प्राइवेट बस से तीर्थ यात्रा पर जा रहा था।

### सड़क हादसे के आरोपी चालक के विरुद्ध मुकदमा

**बाजपुर :** चार दिन पहले ग्राम जोगीपुरा में कोसी कांटा रोड पर हुए सड़क हादसे के मामले में पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर आरोपी वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम जोगीपुरा निवासी जगवीर सिंह पुत्र किशन पाल ने पुलिस को बताया कि 15 मार्च की सायं करीब 4:30 बजे कोसी कांटा की तरफ से आ रहा 22 टायरा घोड़ा वाहन के चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए कैनरा बैंक के सामने उसके भाई पप्पू को रौंदते हुए चला गया। गंभीर रूप से घायल हुए भाई को सरकारी अस्पताल ले गए, जहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया। हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाते वक्त भाई ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

### तहसील परिसर छोड़कर मैन रोड पर धरना देंगे किसान

**बाजपुर :** आदर्श आचार संहिता के चलते प्रशासन द्वारा आंदोलनकारियों को अपना आंदोलन स्थागित करने अथवा तहसील परिसर खाली करने का अनुरोध किया था। कई दौर की वार्ता के बाद सोमवार को भूमि बचाओ आंदोलनकारियों ने अपना आंदोलन तहसील परिसर से हटाकर मस्जिद के सामने मेन रोड पर मंगलवार से शुरू करने का ऐलान किया। एक अगस्त 2023 से 20 गांवों की 5838 एकड़ भूमि पर मालिकाना हकों की मांग को लेकर पीड़ित तहसील परिसर में अपना आंदोलन कर रहे हैं। इस दौरान अनेकों बार सीएम पुष्कर सिंह धामी व अधिकारियों से वार्ता हो चुकी है। आंदोलन को लंबा समय बीत गया, लेकिन आंदोलनकारियों की मांगों का हल नहीं निकल पाया। वहीं अब लोकसभा चुनाव को लेकर पूरे देश में आचार संहिता लागू कर दी गई गई है, आचार संहिता के दौरान सरकारी संपत्तियों पर किसी भी प्रकार का लेखन कार्य,धरना प्रदर्शन नहीं किया जा सकता है। वहीं सोमवार शाम आंदोलनकारियों ने अपना आंदोलन तहसील परिसर से उठाकर भगत सिंह चौक के पास पुराने बैक आऊफ मेन रोड मस्जिद के सामने स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की पुरानी बिल्डिंग में शिफ्ट कर लिया है। आंदोलन के आयोजक रजनीत सिंह सोनू ने बताया कि प्रशासन ने आंदोलनकारियों से आंदोलन को स्थगित करने का अनुरोध किया था, लेकिन आंदोलनकारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी यह आंदोलन समाप्त नहीं होगा। उन्होंने बताया कि मंगलवार को आंदोलन का नए स्थल पर शुभारंभ किया जायेगा।

### बाइक चोरी कर बेचने आए युवक को पुलिस ने धरा

**काशीपुर :** पुलिस ने एक युवक को बाइक चोरी कर बेचने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से रुद्रपुर से चुराई बाइक व चाकू बरामद किया है। रविवार शाम को आईटीआई थाने के उपनिरीक्षक प्रकाश सिंह बिष्ट ने अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर ने चोरी की बाइक बेचने की सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने मुखबिर के बताए स्थान पर चेकिंग की। जहां द्रोणा सागर रोड स्थित गैस गोदाम के पीछे से पुलिस को आता देख एक युवक बाइक को लेकर भागने का प्रयास करने लगा। शक होने पर पुलिस ने उसे घेरकर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर युवक के पास से पुलिस को चाकू बरामद हुआ। साथ ही उसके पास मिली बाइक चोरी की निकली। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम प्रभजोत सिंह निवासी ग्राम डिलारी थाना मिलक खानम जिला रामपुर बताया। आरोपी ने बताया कि 6 मार्च को उसने उक्त बाइक को रुद्रपुर रोडवेज के पास से चोरी की थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया।

## वर्ग पहेली-14

**बाएं से दाएं**

1. रोएंदार, त्वचा पर बालोंवाला।
6. धीरे से खिसक जाना, रफूचक्कर होना, चल देना, चंपत होना।
7. लायक, पात्र, योग्य।
10. नरम होने की अवस्था या भाव, नरमी।
11. 1. अर्चित, जिसकी पूजा की गई हो 2. जिसका सम्मान किया गया हो।
12. 1. समान, तुल्य, सदृश 2. गुण

**ऊपर से नीचे**

2. 1. अविवाहित युवती या महिला के नाम से पहले प्रयोग किया जाने वाला शब्द, सुश्री 2. कुमारी, युवती, कन्या 3. चूक, गलती, भूल 4. किसी व्यक्ति या वस्तु को देखने
3. लटके दिखाने वाला, नखरेवाला, जिसकी अदाएं शोख़ हों।
4. 1. रचना करना 2. निर्माण या तैयार करना 3. ठीक दशा या रूप देना 4. सुसज्जित करना, सजाना 5. सुधारना, मरम्मत करना 6. आपस में अच्छा संबंध या मेल-जोल बनाए रखना 7. पैदा करना या कमाना 8. अच्छी या उन्नत दशा में पहुंचाना 9. एक रूप से दूसरे रूप में लाना 10. उपहास करना 11. किसी कार्य को संपन्न करना 12. झूठी बातें कहना 13. स्वीकार करना, मानना 14. लाभ उठाना।
5. 1. आत्मा, जीवात्मा 2. इत्र 3. सत्त, सार।
8. 1. शृंगार, सजावट 2. शोभा।
9. 1. मल्लाह, केवट 2. घाट का कर लेने वाला।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | ■ |
| 5 | ■ | 6 | | | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | | ■ |
| ■ | 7 | 8 | | ■ | ■ | 9 |
| ■ | ■ | 10 | | | | |
| 11 | | | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | ■ | 12 | | | |

### वर्ग पहेली -13 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 हा | ■ | 2 गुं | ■ |
| ■ | 3 मु | बा | र | क | बा | दी |
| ■ | है | ■ | मो | ■ | ■ | ■ |
| 4 जा | या | ■ | 5 नि | 6 ह | त | ■ |
| ने | ■ | 7 जि | य | रा | ■ | 8 छि |
| जाँ | ■ | ■ | 9 म | र | जि | या |
| ■ | 10 है | ट | ■ | त | ■ | सी |

## सुडोकू-93

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 9 | | | | 8 |
| | 7 | | | | 1 | 5 | | 2 |
| 8 | | | 7 | | | | 3 | |
| 3 | | 9 | | 6 | | | | 4 |
| | | | 2 | | | 7 | 9 | |
| 2 | | 7 | | 5 | | | | |
| 7 | | | | 3 | | 2 | | |
| | 2 | | 1 | | 9 | | 5 | 6 |
| | | 6 | | | | 3 | | |

### सुडोकू -92 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 5 | 2 | 7 | 9 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 | 4 | 2 | 9 |
| 5 | 1 | 4 | 3 | 2 | 7 | 8 | 9 | 6 |
| 2 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 1 | 7 | 5 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 3 | 5 | 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 6 | 4 |
| 6 | 2 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 |
| 8 | 4 | 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 3 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 मार्च, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-दशमी 20 मार्च 00.21 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग

गु. 1 | बु. रा. सू. 12 | श. मं.शु. 11 | 10 | 2 | चं. 3 | 9 | 6 के. | 4 | 5 | 7 | 8

**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 20.10 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष** — आज अनैतिक कार्यों में लिप्त होने से बचें। दोपहर के बाद आपको स्वास्थ्य को लेकर कुछ सावधान रहना चाहिए। जो लोग आपके निर्णयों का विरोध कर रहे थे, वही आज आपका समर्थन करेंगे। पुलिस और प्रशासन से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**वृष** — आज दाम्पत्य जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। पारिवारिक जिम्मेदारियों का अच्छी तरह निर्वहन करेंगे। विद्यार्थी अध्ययन में काफी रुचि लेंगे। नई व्यापारिक योजना पर काम कर सकते हैं। घरेलू कार्यों में कुछ विलम्ब हो सकता है।

**मिथुन** — आज मेहनत से पीछे न हटें। बिना मांगे किसी को सलाह न दें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। महत्वपूर्ण कार्यों को शाम से पहले पूरा करना हितकर होगा। अति आत्मविश्वास आपको अच्छे लाभ से वञ्चित कर सकता है।

**कर्क** — आज सार्वजनिक क्षेत्र में आपका सम्मान बढ़ेगा। कारोबार में परिस्थितियां आपके प्रतिकूल हो सकती हैं। भागदौड़ ज्यादा करनी पड़ेगी किन्तु विशेष परिणाम नहीं मिलेंगे। शाम को घर के सदस्यों के साथ विचार-विमर्श करेंगे। रोगियों की सेहत में सुधार होगा।

**सिंह** — आज यदि विदेश जाना चाहते हैं तो कुछ समय अभी रुकना बेहतर होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। अति शीघ्रता में लिए गए निर्णय परेशानी बढ़ाने वाले सिद्ध होंगे। माता-पिता की आज्ञा का पालन करें। शरीर में शक्ति और तेज में कमी की अनुभूति होगी।

**कन्या** — आज समाज में आपका मान-सम्मान पहले की तुलना में बढ़ने वाला है। सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। सुख-सुविधा पर धन खर्च होगा। सहकर्मियों के व्यवहार से आह्लादित रहेंगे। बच्चों के व्यवहार में नजर बनाये रखें। अपने घर की मरम्मत या नवीनीकरण कर सकते हैं।

**तुला** — आज अपना काम पूरी निष्ठा से करेंगे। धार्मिक कार्यों में आपको मन लगाना चाहिए। ऑफिस में पेन्डिंग कार्य आज पूरे करने की कोशिश करेंगे। परिजनों की बात बुरी लग सकती है। पुरानी गलतियों को दोहराने से बचें।

**वृश्चिक** — आज दिन की शुरुआत कुछ खराब रहेगी। निर्णय लेने में असहज महसूस करेंगे। कल्पना लोक से बाहर आकर वास्तविकता को समझने का प्रयास करें। शाम को किसी मित्र के साथ घूमने जा सकते हैं। अनचाही यात्रा करनी पड़ेगी।

**धनु** — आज नशे की आदत से आपको बचना चाहिए। मन में सन्तोष व्याप्त रहेगा। गृहस्थ जीवन शान्तिपूर्ण ही रहेगा। किन्तु शाम को किसी वजह से कलह हो सकती है। विद्यार्थी अपने लक्ष्य से दिग्भ्रमित हो सकते हैं। रचनात्मक कार्यों और कला में मन लगेगा।

**मकर** — आज प्रेमी युगल जोड़े समय का अच्छा उपयोग करेंगे। साझेदारी से जुड़े हुए कार्य लाभप्रद सिद्ध होंगे। गृहस्थ जीवन का पर्याप्त आनन्द उठायेंगे। अच्छे अवसरों का लाभ उठा पायेंगे। आपको दूसरों से सलाह लेनी है, लेकिन स्वयं के विचारों के आधार पर निर्णय लेना उचित होगा।

**कुंभ** — आज पुरानी गलतियों से सीखने का प्रयास करें। सरकारी नौकरी कर रहे जातकों को कुछ परेशानी झेलनी पड़ेगी। मित्रों के साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रखें। पित्त विकार के कारण मुख में कड़वापन महसूस हो सकता है। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में कम लगेगा।

**मीन** — आज कार्यक्षेत्र में सफलता के कारण आत्मविश्वास बढ़ेगा। किसी के बहकावे में आकर काम न करें। दोपहर के बाद आपको किसी समस्या से मुक्ति मिलेगी। दाम्पत्य संबंधों में तालमेल की कमी रहेगी। मन में कुछ उथल-पुथल सी हो सकती है।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
लोहा — सुबह : 07.49
मजाल — रात : 07.00

**SONY MAX**
सोनू के टीटू की स्वीटी — सुबह : 10.39
चेहरे — शाम : 06.59

**SONY PIX**
बुलेट ट्रेन — सुबह : 11.11
द मास्क — रात : 09.00

**ZEE CINEMA**
ट्रैफिक सिग्नल — सुबह : 10.30
रॉक ऑन टू — रात : 07.30

**colors CINEPLEX**
आ देखें जरा — सुबह : 08.49
कुंवारा — रात : 06.59

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी मैक्स पर सुबह : 10.39 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गोलू (एक पड़ोसी से)- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी- कितना कमा लेते हो?
गोलू- 20 हजार रुपये प्रति माह
पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को 15 हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं
गोलू- मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं...

डॉक्टर - कहिए कैसे आना हुआ...
राजू- डॉक्टर साहब लिवर में बहुत दर्द हो रहा है।
डॉक्टर- शराब पीते हो?
राजू- हां- हां बिल्कुल पर छोटा पैक ही बनाना।

परोक्षे कार्यहन्तारं प्रत्यक्षे प्रियवादिनम्।
वर्जयेत्तादृशं मित्रं विषकुम्भं पयोमुखम् ॥

पीठ पीछे काम बिगाड़ने वाले या सामने प्रिय बोलने वाले मित्र को मुंह पर दूध रखे हुए विष के घड़े के समान त्याग देना चाहिए ।

## संपादकीय

# महत्वपूर्ण कदम

निष्पक्ष चुनाव कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव से पहले सोमवार को छह राज्यों के गृह सचिवों, बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार, मिजोरम और हिमाचल प्रदेश के सामान्य प्रशासनिक विभाग के सचिव को हटा दिया है। जिन छह राज्यों के गृह सचिव हटाए हैं, उसमें गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड शामिल हैं। चुनाव आयोग आम तौर पर संसदीय और विधानसभा चुनावों के दौरान ऐसी कार्रवाई करता है, जब हितों के टकराव या ऐसे अधिकारियों द्वारा सभी के लिए समान अवसर को बाधित करने की संभावना का मुद्दा सामने आता है। चुनावों से पहले, चुनाव आयोग राज्यों को चुनाव संबंधी कार्यों से जुड़े उन अधिकारियों को स्थानांतरित करने का निर्देश देता है। यदि राज्यों द्वारा ऐसे अधिकारियों का स्थानांतरण नहीं किया जाता है, तो चुनाव आयोग उन्हें हटाने का आदेश देता है। जानकारों के मुताबिक पश्चिम बंगाल के डीजीपी को स्थानांतरित करने का निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि अधिकारी को पहले भी राज्य में 2016 के विधानसभा चुनाव और 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान सक्रिय चुनाव प्रबंधन-संबंधी ड्यूटी से हटा दिया गया था। लोकतंत्र में सभी दलों के लिए समानता की मांग की जाती है और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव उन अवसरों को सुनिश्चित करते हैं। दरअसल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार कई मौकों पर चुनाव के दौरान समान अवसर बनाए रखने और चुनावी प्रक्रिया की अखंडता सुनिश्चित करने पर जोर दे चुके हैं।

आयोग की इस कार्रवाई को इन्हीं प्रयासों के रूप में देखा जा रहा है। मौजूदा चुनाव प्रणाली कई चुनौतियों का सामना कर रही है जो इसकी 'स्वतंत्र एवं निष्पक्ष' प्रकृति के बारे में संदेह उत्पन्न करती हैं। सोशल मीडिया पर चलने वाले राजनीतिक अभियान कभी-कभी देश के विभिन्न हिस्सों में धार्मिक और सामाजिक तनाव पैदा कर देते हैं जो निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं। भारत निर्वाचन आयोग को यह सुनिश्चित करने के लिए वृहद प्रयास करना चाहिए कि चुनाव में सत्तारूढ़ दल को अन्य दलों की तुलना में अनुचित लाभ प्राप्त नहीं हो रहा हो। निर्वाचन आयोग को तकनीकी नवाचार, वैधानिक सुधार, जन जागरुकता और वैश्विक सहयोग को शामिल करते हुए एक रणनीति के माध्यम से चुनौतियों का समाधान करने की आवश्यकता है। लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने और चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए चुनावी अखंडता, समावेशिता और जवाबदेहिता को बढ़ाना महत्वपूर्ण है।

# गोवा पुर्तगाली अतीत से सनातन की ओर



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

बात करें गोवा की तो वहां की मौजूदा स्थिति के बारे में बात करने के लिए जरूरी है कि हम थोड़ा तारीख के पुराने पन्नों की तरफ लौटें। इस बात में कहीं कोई दो राय नहीं कि भारतीय स्वाधीनता संघर्ष को विचार और नेतृत्व की एक सीध में देखने की चूक जाने-अनजाने खूब हुई है। पर यह चूक आज दीर्घायु नहीं बल्कि दिवंगत है।

गोवा की इमेज इस तरह की बनाई जाती रही कि मानो ये भारत में यूरोप का कोई अंग हो। हां, गोवा पर लंबे समय तक पुर्तगाल का नियंत्रण रहा। उसका असर होना लाजिमी है। पर अब गोवा अब अपने सनातन और भारतीय मूल्यों से जुड़ने को बेकरार है। शताब्दियों लंबे विदेशी प्रभाव और हस्तक्षेप के बावजूद गोवा लगातार भारतीय परंपरा के साथ जुड़ा रहा। जिस गोवा के सांस्कृतिक आकर्षण को लेकर कभी एलेक पद्मसी जैसे दिग्गज लेखक कहते थे कि समुद्र के किनारे भारत का यह हिस्सा वेस्टर्न कल्चर का ईस्टर्न गेटवे है, वह गोवा आज सनातन और अध्यात्म के साथ अपने सांस्कृतिक डीएनए पर नाज कर रहा।



गोवा के संबंध में यह महत्वपूर्ण है कि यहां की लगभग 60 प्रतिशत जनसंख्या हिंदू है। ईसाइयों की संख्या 28 प्रतिशत है। खास बात यह है कि यहां के ईसाई समाज में भी हिंदुओं जैसी सामाजिक व्यवस्थाएं और परंपराएं हैं। यहां की निर्माण और वास्तु परंपरा में हिंदू प्रभाव साफ दिखाई देता है। मंगेशी मंदिर, शांता दुर्ग मंदिर, महादेव मंदिर, चंद्रेश्वर भूतनाथ मंदिर, ब्रह्मा मंदिर, महालसा नारायणी मंदिर, महालक्ष्मी मंदिर, सप्तकोटेश्वर मंदिर और कामाक्षी मंदिर आदि हिंदू आस्था से लंबे समय से जुड़े रहे हैं।

बात करें गोवा की तो वहां की मौजूदा स्थिति के बारे में बात करने के लिए जरूरी है कि हम थोड़ा तारीख के पुराने पन्नों की तरफ लौटें। इस बात में कहीं कोई दो राय नहीं कि भारतीय स्वाधीनता संघर्ष को विचार और नेतृत्व की एक सीध में देखने की चूक जाने-अनजाने खूब हुई है। पर यह चूक आज दीर्घायु नहीं बल्कि दिवंगत है। भारतबोध की समझ और रोशनी में भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन को देखने की ललक आज हर तरफ देखी जा रही है। ललक की इस लाली में जहां स्वाधीनता को लेकर भारतीय मूल्य की गहरी जड़ों की हम शिनाख्त कर पाए हैं, वहीं गोवा मुक्ति संघर्ष जैसे सुनहरे पन्ने भारत के गौरवशाली इतिहास से प्रमुखता से जुड़ रहे हैं। गोवा को पुर्तगालियों के 450 सालों के राज से 19 दिसंबर 1961 को आजादी मिली थी जब भारतीय सेना ने कार्रवाई करते हुए सिर्फ 36 घंटे में गोवा को आजाद कराया था। तब से हर साल 19 दिसंबर को गोवा मुक्ति दिवस मनाया जाता है। समाजवादी चिंतक और राजनेता डॉ. राममनोहर लोहिया की चर्चा किए बगैर गोवा की आजादी की बात अधूरी ही रहेगी। लोहिया जी ने 18 जून, 1946 को मडगांव में पुर्तगाली औपनिवेशिक सत्ता के खिलाफ गोमंतकों में संघर्ष करने का आह्वान किया था। गोवा के लोग अपने को लोहिया जी का ऋणी मानते हैं, जबकि डॉ.लोहिया कहा करते थे-मेरा गोवा पर नहीं, गोवा का मुझ पर ऋण है। गोवा भारतीय आस्था और परंपरा का स्वर्ण कलश बनके जगमगा रहा है, वह अभूतपूर्व है। बड़ी बात यह कि गोवा की इस चमक में विरासत और विकास का वह गुणसूत्र भी हमें दिखता है, जिसकी बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों हर मंच से कर रहे हैं।

बेशक, मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत आज जब अपने प्रदेश की परंपरा और संस्कृति के बारे में बात करते हैं तो यह साफ दिखता है कि वे अपने प्रदेश के विकास और समृद्धि के बीज सनातन मूल्य में देखते हैं, भारत की अध्यात्म यात्रा में देखते हैं। राजनीतिक तौर पर देखें तो गोवा वह राज्य है, जहां जनसंघ के जमाने से भारतीय जनता पार्टी की जड़ें गहरी रही हैं। पंडित दीनदायाल उपाध्याय अक्सर कहा करते थे कि गोवा ने न सिर्फ पुर्तगालियों के खिलाफ लंबा संघर्ष किया, बल्कि गुलामी के खिलाफ भारतीय मूल्य और संस्कार का शानदार आदर्श भी दुनिया के सामने रखा। गौरतलब है कि अंग्रेजों ने भारत पर करीब दो सौ साल शासन किया, लेकिन गोवा के लोगों ने साढ़े चार सौ साल तक पुर्तगालियों को सहा।

इतिहास बताता है कि तमाम प्रतिकूलताओं के बावजूद गोवा भारत का वह हिस्सा है, जहां मंदिरों का पुनर्निर्माण हुआ। 16वीं शताब्दी में जो मंदिर पुर्तगालियों ने नष्ट किया था, उस सप्त कोटेश्वर मंदिर को छत्रपति शिवाजी ने बनवाया। आज जब सावंत सरकार ने छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा बनवाए गए इस मंदिर के पुनरुद्धार का बीड़ा उठाया है तो यह निस्संदेह एक बड़ी सांस्कृतिक पहल है। श्रेय देना होगा वहां के मुख्यमंत्री डॉ. सावंत को कि वे यह सब शोर-शराबे के बजाय धीर और प्रशांत चित्त के साथ कर रहे हैं। उनका संकल्प और उनकी प्रतिबद्धता गोवा के सांस्कृतिक इतिहास का ऐसा आख्यान साबित होने जा रहा है, जिसका मूल्यांकन महज राजनीतिक आधार पर नहीं किया जा सकता।

गोवा के संबंध में यह महत्वपूर्ण है कि यहां की लगभग 60 प्रतिशत जनसंख्या हिंदू है। ईसाइयों की संख्या 28 प्रतिशत है। खास बात यह है कि यहां के ईसाई समाज में भी हिंदुओं जैसी सामाजिक व्यवस्थाएं और परंपराएं हैं। यहां की निर्माण और वास्तु परंपरा में हिंदू प्रभाव साफ दिखाई देता है। मंगेशी मंदिर, शांता दुर्ग मंदिर, महादेव मंदिर, चंद्रेश्वर भूतनाथ मंदिर, ब्रह्मा मंदिर, महालसा नारायणी मंदिर, महालक्ष्मी मंदिर, सप्तकोटेश्वर मंदिर और कामाक्षी मंदिर आदि हिंदू आस्था से लंबे समय से जुड़े रहे हैं। 1000-1200 साल पहले तक तो स्थिति यह थी कि गोवा की सांस्कृतिक पहचान कोंकण काशी के रूप में थी।

पिछले एक दशक में देश में विकास और समृद्धि के जो आख्यान लिखे गए, आज गोवा उसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह सौ प्रतिशत घरों में नल से जल और बिजली आपूर्ति करने वाला देश का पहला राज्य है। इतना ही नहीं, यह पहला राज्य है कि जहां प्रत्येक गांव में सड़कें हैं। केंद्र सरकार की योजनाएं लागू करने के मामले में भी गोवा बाकियों के लिए नजीर है। पूरे राज्य में उज्ज्वला योजना सौ प्रतिशत लागू की गई। गोवा आज किरोसीन फ्री स्टेट है। यह शत प्रतिशत शौचालय निर्माण वाला देश का पहला राज्य है। ऐसी योजनाओं की संख्या एक दो नहीं, बल्कि 13 हैं जिनमें गोवा बाकी प्रदेशों के मुकाबले शीर्ष पर है।

गोवा की विकास यात्रा की बात करें तो मुख्यमंत्री ने अपने पहले कार्यकाल में हाउसिंग फॉर ऑल, इलेक्ट्रीसिटी फॉर ऑल, फाइनेंशियल सिक्योरिटी फॉर ऑल, हेल्थ फॉर ऑल, इक्यूवमेंट फॉर दिव्यांग, किसान क्रेडिट कार्ड फॉर ऑल समेत कुल दस लक्ष्य निर्धारित किए थे। इन लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में उठाए गए सकारात्मक कदमों के सुखद नतीजे अब आने लगे हैं। डॉ. सावंत गोवा को लेकर बातचीत में कहते हैं कि अर्थ और आराधना का नया साझा आज गोवा को लेकर एक साथ न सिर्फ कई दूषित पूर्वाग्रहों को तोड़ रहा है, बल्कि भारतीय बोध और संस्कार के साथ अपने गहरे जुड़ाव को भी रेखांकित कर रहा है।

## प्रसंगवश

# धूर्तता की व्याप्ति

धूर्तता राजनीति में ही नहीं, हर क्षेत्र में होती है। नौकरी में, व्यवसाय में, धर्म में, ज्ञान में, लेखन में, पारिवारिक, सामाजिक, व्यावसायिक संबंधों में। न कोई पेशा धूर्त होता है, न कोई क्षेत्र। धूर्त सिर्फ और सिर्फ मनुष्य का विशेषण है। आभासी दुनिया भी वस्तुगत दुनिया का ही आभास है न? हम जो महसूस न करें वह लिख दें, कि इससे ज्यादा लाइक मिलेंगे। या, बिना महसूस किए लाइक का बटन दबा दें कि वह भी दबाता है। या, अहो-अहोवादी टिप्पणी लिख दें कि वह भी लिखता है। इस चक्कर में कभी चित भी लाइक, पट भी लाइक।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

ज्यादा से ज्यादा लोगों को ख़ुश करने का यह रोग तो बढ़ते-बढ़ते धूर्तों, चोरों, डाकुओं, बलात्कारियों तक को खुश करने तक पहुंच सकता है। कहां से आता है यह रोग? अधिक से अधिक लोग हमें अच्छा समझें। क्यों भाई, लोगों के समझने से क्या होगा? देश का प्रधानमंत्री या किसी प्रदेश का मुख्यमंत्री बनना है क्या? नहीं न? तो लोगों के चक्कर में क्या पड़ना। जो समझते हैं, समझते रहें। असली सवाल है, हम अपने को क्या समझते हैं? अपने बारे में हमारी क्या राय है? अपने बारे में तो कभी सोचा ही नहीं। जो भी होंगे, ठीक ही होंगे। जो भी क्या? अपने बारे में एक स्थिर राय हो तो इतने लोगों का वोट बटोरने की क्या ज़रूरत। हमसे ज्यादा हमको दूसरा कौन समझ सकता है। दिन-रात का, भीतर-बाहर का साथ है, भाई। अपने बारे में आश्वस्ति हो तो दूसरों के कांटे पर क्या चढ़ना। उनकी राय गिनकर अपने बारे में राय क्या बनाना। विचार करें तो यह तो अव्वल दर्जे की धूर्तता होगी। पहले तो राय देने वालों के बारे में हमारी क्या राय है? धूर्तों, पाखंडियों, शेख चिल्लियों, झूठों, मक्कारों, मौकापरस्तों, कठमुल्लों की राय के चक्कर में पड़ गए तो हो गया बंटाधार। हर आदमी अपने बारे में भले कोई राय न बना पाए, अमूमन अपने जैसों को ही पसंद करता है। माने, उन्हें ही अच्छा समझता है। अकारण, अनजाने। प्रकृति का खेल कहें या कोई और व्याख्या है? मनोविज्ञान तथ्य या फ़िनॉमिनन उगल सकता है, तथ्य या फ़िनॉमिनन का कारण कहां से लाएगा? लेकिन एक विचित्र बात यह है कि अपने बारे में राय बना पाना सबके वश का रोग नहीं होता। किसी किसी के ही होता है। जिनके होता है उन्हीं में उचित मात्रा में आत्मविश्वास पाया जाता है।

# सीएए के खिलाफ असम और त्रिपुरा में जनाक्रोश क्यों



दिनकर कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

चार पूर्वोत्तर राज्यों अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मिजोरम और मणिपुर में इनर लाइन परमिट (आईएलपी) व्यवस्था लागू है।

केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) नियमों को अधिसूचित करने के कुछ घंटों बाद असम में विरोध प्रदर्शन हुए। सीएए के कार्यान्वयन के लिए नियमों की हालिया अधिसूचना के साथ- जिसके पारित होने से 2019 में पूर्वोत्तर में हलचल मच गई थी - इसके खिलाफ असंतोष की आवाजें तेज हो गई हैं, लेकिन इस बार केवल असम और त्रिपुरा में। ऐसा इसलिए है क्योंकि इन दोनों राज्यों के बड़े हिस्से को छोड़कर पूर्वोत्तर के लगभग सभी क्षेत्रों को सीएए के प्रावधानों से प्रभावी रूप से छूट दी गई है, जो पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी या ईसाई प्रवासियों को नागरिकता देना आसान बनाता है, जिन्होंने 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में प्रवेश किया था।

अधिनियम में कहा गया है कि यह प्रावधान 'असम, मेघालय, मिजोरम या त्रिपुरा के जनजातीय क्षेत्रों पर लागू नहीं होगा, जैसा कि संविधान की छठी अनुसूची में शामिल है, और बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन 1873 के तहत अधिसूचित 'द इनर लाइन' के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र पर लागू नहीं होगा।'

चार पूर्वोत्तर राज्यों अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मिजोरम और मणिपुर में इनर लाइन परमिट (आईएलपी) व्यवस्था लागू है। आईएलपी एक विशेष परमिट है जिसके लिए भारत के अन्य हिस्सों के निवासियों को इन राज्यों में प्रवेश करने और किसी भी अवधि के लिए समय बिताने के लिए आवेदन करने और प्राप्त करने की आवश्यकता होती है। शुरुआत में क्षेत्र के जनजातीय पहाड़ी क्षेत्रों के लिए बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन 1873 के माध्यम से अंग्रेजों द्वारा शुरू की गई यह प्रणाली स्वतंत्रता के बाद के घोषित उद्देश्य के साथ जारी रही, जिसका उद्देश्य था 'स्थानीय जनजातीय लोगों की रक्षा के लिए अन्य भारतीय नागरिकों को बसने से रोकना'। गौरतलब है कि यह प्रणाली केवल तीन राज्यों-अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और मिजोरम में लागू थी- सीएए लागू होने के बाद राज्य में विरोध प्रदर्शन के बाद जनवरी 2020 में मणिपुर को इसके दायरे में लाया गया।

पूर्वोत्तर की सात बहनों में से मिजोरम पहले से ही सीएए के दायरे से बाहर है क्योंकि वहां आईएलपी लागू है। शिलांग के आसपास के एक छोटे से हिस्से को छोड़कर पूरा मेघालय तीन अलग-अलग एडीसी के अंतर्गत आता है-खासी, गारो और जैंतिया पहाड़ियों के लिए एक-एक। छठी अनुसूची के तहत असम में तीन एडीसी हैं -बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद जो पांच जिलों को कवर करती है, उत्तरी कछार हिल्स स्वायत्त परिषद जो एक जिले को कवर करती है,और कार्बी-आंगलोंग स्वायत्त जिला परिषद जो दो जिलों को कवर करती है। इसी तरह त्रिपुरा में त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद है।

मेघालय का अधिकांश हिस्सा छठी अनुसूची के अंतर्गत आने के बावजूद विपक्षी वॉयस ऑफ पीपुल्स पार्टी जैसे समूहों के बीच अभी भी कुछ असंतोष है, जो छठी अनुसूची के तहत नहीं आने वाले क्षेत्रों में सीएए के कार्यान्वयन के खिलाफ है। मेघालय सरकार पहले से ही राज्य भर में आईएलपी व्यवस्था लागू करने पर जोर दे रही है, जो सीएए को निरर्थक बना देगा।

असम (जो बांग्लादेश के साथ 263 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है) और त्रिपुरा (जिसकी बांग्लादेश के साथ 856 किलोमीटर की सीमा है) का अधिकांश भाग छठी अनुसूची या आईएलपी शासन के अंतर्गत नहीं आता है। और इसीलिए इन इलाकों में सीएए के खिलाफ असंतोष है। दोनों राज्यों में अप्रवासी विरोधी भावना प्रबल है, जो बांग्लादेश के साथ लंबी सीमा साझा करते हैं और उस समय से पहले से ही पड़ोसी देश से शरणार्थियों का आना जारी है, जब इसे पूर्वी पाकिस्तान के रूप में जाना जाता था। इन प्रवासों का कोई रिकॉर्ड नहीं है। सीएए न केवल स्पष्ट रूप से मुस्लिम शरणार्थियों/प्रवासियों को अपने दायरे से बाहर करता है, बल्कि यह हिंदू शरणार्थियों/प्रवासियों को वैध बनाने का भी वादा करता है। इस प्रकार, यह असमिया जातीय-राष्ट्रवादियों और तेजी से त्रिपुरी आदिवासियों के लिए अपमानजनक है, जो बंगाली बोलने वालों की बढ़ती संख्या से खतरा महसूस करते हैं।

केंद्र अब सीएए को राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) से अलग करने का दावा कर रहा है- अवैध आप्रवासियों को बाहर निकालने के लिए, जिसकी मूल रूप से कल्पना की गई थी और केवल असम में लागू किया गया था, लेकिन काम रुका हुआ है।

## सोशल फोरम

# औरतें हर मामले में बेहतर

औरतें हर मामले में आदमियों से बेहतर जज होती हैं। इस बात पर मुझे कभी शक नहीं रहा। ऐसे में यदि कोई औरत वाकई में जज रही हो तो उसकी समझदारी पर उंगली उठाना तो कटेम्प्ट ऑफ कोर्ट से भी बड़ा जुर्म होगा, यह पक्का है।

औरतें जब भी कुछ करती हैं सोच विचार कर करती हैं। एक बार ठान लें कुछ तो फिर किए बिना मानती नहीं। फायदा नुकसान नहीं देखती वो। उनसे रार मोल लेना ख़तरनाक है। वो यदि आपको निपटाने पर उतर आएं तो पहले से ही मान लें कि आपका काम लगना ही लगना है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

औरतें यदि झगड़ बैठे तो फिर आपकी ज़िंदगी में सुकून कब आएगा? आएगा भी कि नहीं ये उनकी मर्ज़ी पर है। झगड़ने के मुद्दे भी वो ही तय करती है और उसूल भी। वो आपसे ऐसे मुद्दों पर भी झगड़ सकती हैं जो आपकी समझ में मुद्दे थे ही नहीं। वो रह-रह कर झगड़ सकती हैं। हो सकता है आप कभी ये गलतफहमी पाल लें कि आप जीत गएं हैं। मामला सुलझ गया है ! आप इत्मीनान से सुस्ताने के मूड में आ जाएं, पर वो अचानक पुरानी बात फिर से दोहराना, तिहराना शुरू कर सकती हैं। आपके खानदान के सारे गड़े मुर्दे उखाड़ कर रहम की अपील करने लगें । आप थक हार कर गिर पड़ें। सफ़ेद झंडा फहरा दें तो वो झंडा फाड़कर उसका डंडा लेकर आपको दौड़ा सकती हैं।

अब फ्रांस की एक समझदार मोहतरमा को ही ले लीजिए। उसने अपने उस पति से जिसने बमुश्किल इससे अपना पीछा छुड़ाया था, फिर घेर लिया। फर्जी कागज बनाए और उससे फिर शादी कर ली। वैसे ऐसा करने के पीछे उसकी जो सोच थी वो बेहद वाजिब सी थी। वो उसे तरक्की करते नहीं देख सकती थी। आदमी को आगे बढ़ने से केवल औरत ही रोक सकती है। इस औरत को अपनी क़ाबिलियत पर पूरा भरोसा था। उसे लगा कोई दूसरी औरत इस काम को उससे बेहतर तरीक़े से अंजाम दे नहीं सकेगी। उसने अपना नज़ला उतारने के लिए एक ही शख्स को दोबारा चुना।

-फेसबुक वॉल से

# स्व अथवा बाहरी प्रेरणा - कौन सी प्रभावशाली

मध्यवर्गीय परिवारों में प्राय, मां-बाप या समाज के लोग अपने बच्चों को अड़ोस-पड़ोस के, अपने आफिस के सहचर, निकटवर्ती रिश्तेदारों के बच्चों की सफलता की कहानी सुनाकर, उनके संघर्षों के किस्से (जो कुछ तो वास्तविक तो बहुत कुछ काल्पनिक भी गढ़ दिए जाते है) सुनाकर सोचते हैं कि इनसे उनका बच्चा कुछ सीखेगा और उन कामयाब किस्सों के नायक-नायिका से प्रेरणा लेकर उन जैसा बनने या उनसे कुछ सीख लेकर आगे बढ़ेगा। मध्य वर्ग तो वैसे भी अधिकतर परेशान ही रहता है। उसके कुछ सपने है, जो वह स्वयं पूरा नहीं कर पाया किंतु अपने बच्चों से कराने हैं। वह उच्च वर्ग की चमक दमक से प्रभावित है पर उन जैसा बन नहीं पा रहा। यह अभिलाषा वह अपने बच्चों से पूरा करना चाहता है। ऐसे में उसको कोई निकटवर्ती रिश्तेदार, आफिस सहचर या पड़ोसी का बच्चा कामयाब हो जाए तो उसको अच्छा जरा भी नहीं लगता किंतु उसको अपने बच्चों को सुनाने के लिए मसाला अवश्य मिल जाता है। हमारे देश में वैसे भी नायक पूजन की परंपरा रही है। ऐसे में किसी की सफलता के किस्से बड़ी सरलता से फैल हो जाते है। और इसमें यदि कोई ऐसा जायका लगा हो कि वह कामयाब व्यक्ति पहले बहुत गरीब था। खाने के भी लाले थे और बड़े संघर्षों के बाद उसको सफलता हासिल हुई है तो ऐसे किस्से मोहल्लों और रिश्तेदारों के घर पर बच्चों को अक्सर सुनाए जाने लगते हैं। बच्चों की शामत आने लगती है। उनकी सुबह शाम इन तथाकथित कामयाब नायक-नायिकाओं के संघर्ष की दास्तान सुनकर बीतती है। मां बाप को लगता है कि ऐसा करके हम बच्चों पर बहुत बड़ा उपकार कर रहे हैं। उसे उस व्यक्ति जैसा बनने की प्रेरणा दे रहे हैं।



अनिरुद्ध चौहान
सीजीएसटी अधिकारी

सच तो ये है कि हर व्यक्ति जो कर्तव्य पथ पर संघर्षरत है, सभी की अपनी नई कहानी है। कोई किसी की कहानी से जब तक प्रभावित नहीं हो सकता जब तक उसे उसके भीतर से प्रेरणा उसको ना झिझोड़े।

लेकिन क्या वास्तव में ऐसा ही है। क्या किसी और की कहानी ने किसी को आज तक इस कदर प्रभावित किया है कि ऐसे किस्सों से किसी ने अपनी जीवन की दशा तय कर ली हो? किसी और के जूते में पैर रखकर क्या कोई दौड़ में जीत पाया है? क्या किसी के बने बनाए खांचे में कोई अपने आप को फिट करके कोई कामयाबी के रास्ते तय कर पाया है? क्या कोई कभी किसी के जैसा हो पाया है? क्या किसी से प्रेरणा लेकर या किसी के किस्से सुनकर आम जनमानस की सोच परिवर्तित हुई है?

सच तो ये है कि हर व्यक्ति जो कर्तव्य पथ पर संघर्षरत है, सभी की अपनी नई कहानी है। कोई किसी की कहानी से जब तक प्रभावित नहीं हो सकता जब तक उसे उसके भीतर से प्रेरणा उसको ना झिझोड़े। जिस प्रकार मोबाइल को चलाने के लिए उसकी अपनी बैटरी ही काम आती है, अलग से पावर बैंक लेकर चलने से मोबाइल फोन संचालन में असुविधा महसूस होती है, उसी प्रकार आंतरिक प्रेरणा के अभाव में बाहरी प्रेरणा बेवजह का बोझ दिखाई देती है। कभी-कभी जो व्यक्ति संघर्ष के रास्तों में बढ़ रहा है और बार-बार असफल हो रहा है, उसे औरों के किस्से प्रेरित नहीं करते बल्कि अखरते है। कोई भी व्यक्ति जब कर्तव्य पथ पर गतिमान होता है तो वह अपने हिस्से की प्रेरणा स्वयं ग्रहण कर लेता है। वह किसी भी व्यक्ति या वस्तु या घटना से ली जा सकती है। कभी-कभी व्यक्ति उन लोगों से भी प्रेरणा लेता है जो कि दूर के हों। जिनके किस्से अखबारों में आए हों। उनका संघर्ष जो किताबों में लिखा जाता है, उन्हें प्रभावित कर सकता है। पर अपने परिवार/करीबियों द्वारा समीप के किसी व्यक्ति का महिमा मंडन स्वयं के रास्ते में अपशकुन सा दिखाई देता है। मां-बाप, अभिभावक यह समझें कि किसी असफल या हीन भावना से ग्रसित बच्चों को किसी से तुलना उसका आत्मविश्वास डिगा सकता है, प्रेरित नहीं कर सकता। व्यक्ति प्रेरित होता है स्वयं के जज्बे से। कोई भी व्यक्ति जब तक सफल नहीं हो सकता जब तक उसके अंदर स्वयं की ललक जाग्रत ना हो। उसके भीतर की ललक उसको सोने नहीं देती। सफलता के लिए किसी खास परिपाटी में जड़ ना होकर खुले आकाश में उन्मुक्तता से विचरण करना पड़ता है। घिसी घिसाई सोच से ना चलकर नवीन विचारधारा से जुड़ना पड़ता है। वो जज्बा बच्चे के भीतर पैदा हो, उसके लिए अभिभावक/परिवार के लोग उपयुक्त वातावरण प्रदान करें।

# शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता

हाल ही में भारत को पहली एआई शिक्षिका मिली है। निश्चित रूप से तकनीकी के क्षेत्र में यह देश की अभूतपूर्व उपलब्धि है। केरल के तिरुवनंतपुरम के एक स्कूल में पेश की गई इस रोबोट शिक्षिका का नाम 'आइरिस' है। यह रोबोट शिक्षिका चैट जीपीटी जैसे एआई प्रोग्रामों से लैस है और इसके पास गणित व विज्ञान जैसे विषयों के प्रश्नों का उत्तर देने की क्षमता भी है। तीन भाषाओं में बात कर सकने वाली एआई शिक्षिका साड़ी पहनकर स्कूल पहुंची और उसने बच्चों से हाथ भी मिलाया। शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रयोग का यह अपने आप में एक अनूठा उदाहरण है।



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

यूं तो कृत्रिम बुद्धिमत्ता अथवा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शुरुआत 1950 में हुई थी किंतु इसका तीव्रतर विकास 1970 के बाद आरंभ हुआ। शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम मेधा का समावेश आखिरकार किस सीमा तक उचित है। इस प्रश्न का उत्तर जानने हेतु हमें कहीं भटकने की कोई आवश्यकता नहीं है अपितु अपनी बुद्धिमत्ता के घोड़े दौड़ाकर एक तर्कपूर्ण मंथन करने की आवश्यकता है। जरा सोचिए कि क्या किसी विद्यालय अथवा महाविद्यालय को पूर्णतया कृत्रिम मेधा से लैस रोबोट शिक्षकों के हवाले किया जा सकता है एवं ऐसा कदम उठाकर क्या विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर चिंतामुक्त हुआ जा सकता है। इन प्रश्नों पर अगर हम गहन वैचारिक मंथन करें तो हमें इनका उत्तर नकारात्मक ही प्राप्त होगा। कारण यह है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित रोबोट शिक्षक महज एक उच्च कोटि की एल्गोरिथम एवं सूचनाओं की उच्च भंडारण क्षमता से युक्त मशीन है। यह प्रश्नों का उत्तर तो कदाचित दे सकती है किंतु जब बात जिज्ञासाओं एवं रचनात्मकता की होगी तब निश्चित रूप से यह औंधे मुंह गिर पड़ेगी। वजह स्पष्ट है कि स्मृति क्षमता एवं तर्कशक्ति में जमीन आसमान का अंतर है। एआई आधारित मशीनी शिक्षक वास्तविक शिक्षक का स्थान कभी नहीं ले सकता क्योंकि किसी भी विषय पर सोचने, समझने एवं तर्क प्रस्तुत करने की क्षमता फिलहाल उसके पास नहीं है एवं किसी भी विषय को बेहतर से बेहतर ढंग से समझने के लिए उस पर अपनी विचारशक्ति एवं तर्क क्षमता का प्रयोग करना नितांत आवश्यक है।

तकनीक के सदैव से ही दो पहलू रहे हैं- सकारात्मक एवं नकारात्मक अथवा वरदान एवं अभिशाप। शिक्षा के क्षेत्र में भी हमें कृत्रिम मेधा के सकारात्मक पहलू का ही इस्तेमाल करना चाहिए। शिक्षकों को मशीन से प्रतिस्थापित कर देना तो सर्वथा अनुचित है क्योंकि यह कदम बेरोजगारी जैसी गंभीर समस्या को बढ़ाने का काम करेगा और बेरोजगारी बढ़ने से देश का विकास पूर्णतया बाधित हो जाएगा। बेहतर रूप में ऐसा किया जा सकता है कि शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को सहायता हेतु एआई आधारित असिस्टेंट उपलब्ध करा दिए जाएं किंतु यह भी एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, क्योंकि विद्यार्थियों को एआई जैसी सुविधा की खुली छूट मिल जाने पर वे जरा सी समस्या के हल हेतु एआई का ही मुंह ताकेंगे। स्वयं कोशिश करके हल ढूंढने एवं रचनात्मक ढंग से कार्य को अंजाम देने की प्रतिभा धीरे-धीरे उनसे दूर जाने लगेगी और एक दिन ऐसा होगा जबकि वे किसी भी विषय पर अपनी स्वतंत्र सोच एवं तर्क प्रस्तुत कर पाने में असमर्थ हो जाएंगे।

## चुनाव कमाल का...

- चुनाव आयोग में पहले केवल मुख्य चुनाव आयुक्त ही होता था। 16 अक्टूबर 1989 से 1 जनवरी 1990 तक इसमें तीन आयुक्त नियुक्त किए गए ।
- 1 अक्टूबर 1993 को पहली बार तीन आयुक्तों की नियुक्ति की व्यवस्था को नियमित कर दिया गया यह व्यवस्था आज भी जारी है। इनमें एक मुख्य चुनाव आयुक्त और दो चुनाव आयुक्त होते हैं।
- चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति करते हैं। चुनाव आयोग राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, संसद के दोनों सदनों (राज्य सभा और लोकसभा), राज्यों की विधानसभाओं और विधान परिषदों का चुनाव कराता है।

## चुनावी तीर



रक्षा सौदों आदि में भ्रष्टाचार के बाद चर्चित गुप्त चुनावी बॉण्ड से उत्पन्न धनबल द्वारा देश की राजनीति एवं चुनाव को भी जनहित एवं जनमत से दूर करने की प्रक्रिया के विरुद्ध उच्चतम न्यायालय का ताजा फैसला महत्वपूर्ण है, किन्तु संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए सतत प्रयास जरूरी है। जहां सहारा, वहां इशारा, इससे बचने के लिए बसपा बड़े-बड़े पूंजीपतियों एवं धन्नासेठों के धनबल से दूर है।

**मायावती,** बसपा सुप्रीमो



विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सहयोगियों के बीच बिहार के लिए सीटों का बंटवारा अंतिम चरण में है और अगले कुछ दिनों में इस पर मुहर लग जाएगी। क्या कारण है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही पर्चा लीक जैसी घटनाएं होने लगीं? इसके लिए कौन जिम्मेदार है?...क्या युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी?


**-तेजस्वी यादव,** राष्ट्रीय जनता दल



मैं सोनिया गांधी से कभी नहीं मिला। यह कहना बेबुनियाद है कि मैंने सोनिया गांधी से मुलाकात की और अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। अगर राहुल मेरे बारे में ऐसा कह रहे हैं तो यह अतार्किक और बेबुनियाद है। मैंने विधायक पद से इस्तीफा दिया और फिर पार्टी से भी इस्तीफा दे दिया।

**- अशोक चव्हाण,** राज्यसभा सदस्य, भाजपा

# अटल की राजनीतिक विरासत संजोये रखने को दमखम भरेंगे राजनाथ



● अजय दयाल, लखनऊ


**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी तो रक्षामंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ सीट से जीत की हैट्रिक लगाने के लिए चुनावी मैदान में अपना दमखम दिखाने को तैयार हैं। राजधानी लखनऊ को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की न केवल कर्मभूमि कहा जाता है, बल्कि भाजपा इस संसदीय सीट पर 1991 से काबिज रही है।

अटल बिहारी वाजपेयी इस सीट से लगातार पांच बार सांसद रहे हैं। अटल की इसी राजनीतिक विरासत को संभालते हुए साल 2014 के चुनाव में राजनाथ सिंह ने इस सीट को रिकार्ड मतों से जीता था। भाजपा इस बार फिर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विश्वास जताते हुए उन्हें जीत की हैट्रिक लगाने और अटल की ही तर्ज पर जीत के अंतर का रिकॉर्ड बनाने को चुनावी मैदान में उतारा है। दरअसल, अटल की तैयार जमीन से आज भी भाजपा यहां राजनीतिक फसल काट रही है। अटल यहां से पांच बार सांसद चुने गए और उनसे से पहले लखनऊ में कभी भाजपा चुनाव नहीं जीती थी। पहले इसे कांग्रेस के गढ़ के रूप में जाना जाता था। हालांकि 1989 के चुनाव में जनता दल के मान्धाता सिंह ने दाऊ जी को हराकर जीत दर्ज की थी। उससे पहले 1984 व 1980 के चुनावों में कांग्रेस की शीला कौल यहां से सांसद रही हैं। उस समय इसे कांग्रेस का गढ़ माना जाता था।

### तोड़ते रहे अपने ही बनाए रिकार्ड

सच्चाई तो यह है कि खुद अटल बिहारी बाजपेयी अपने ही बनाए रिकार्ड को तोड़ते रहे। साल 1991 में जहां उन्होंने एक लाख 17 हजार 303 वोटों से जीत दर्ज की वहीं 1996 के चुनाव में अपने इस रिकार्ड को तोड़ दिया। इस चुनाव में उन्होंने राज बब्बर को एक लाख 18 हजार 671 वोटों से पराजित किया। 1998 के चुनाव में भी उन्होंने सपा के मुजफ्फर अली को दो लाख 16 हजार से ज्यादा वोटों से हराकर सीट को और मजबूत किया। हालांकि 1999 के चुनाव में कांग्रेस के डॉ. कर्णसिंह ने उन्हें मजबूत चुनौती दी थी फिर वह जीत न सके। वह चुनाव अटल ने एक लाख 23 हजार से ज्यादा वोटों से जीता। 2004 के लोक सभा चुनाव में अटल बिहारी बाजपेयी ने फिर अपने ही पिछले रिकार्ड तोड़ दिए। इस चुनाव में उन्होंने सपा की मधु गुप्ता को दो लाख 18 हजार से ज्यादा वोटों से परास्त कर दिया।

- राजधानी से जीत की हैट्रिक लगाने को उतरे रक्षामंत्री का इंडिया गठबंधन उम्मीदवार से मुकाबला
- पांच बार सांसद रहे हैं अटल ने अपनी ही जीत के तोड़े थे रिकॉर्ड, इस बार राजनाथ के पास मौका



### राजनाथ से पहले लालजी टंडन ने संभाली अटल की राजनीतिक विरासत

अटल के बाद और राजनाथ सिंह से पहले उनकी राजनीतिक विरासत के उत्तराधिकारी लालजी टण्डन बने। बाद में लखनऊ सीट से चुनाव लड़ते हुए राजनाथ सिंह ने 2014 में मोदी लहर में 5 लाख 61 हजार से ज्यादा वोट प्राप्त किए थे। उनके खिलाफ कांग्रेस के टिकट पर लड़ी रीता बहुगुणा जोशी को सिर्फ 2 लाख 88 हजार हजात वोट ही मिले थे। यानि राजनाथ ने लखनऊ से अपने पहले चुनाव में 2 लाख 77 हजार से ज्यादा वोट के अंतर से चुनाव जीता था। ऐसे ही 2019 के लोस. चुनाव में भाजपा उम्मीदवार राजनाथ सिंह को 6 लाख 33 हजार से ज्यादा वोट मिले थे जबकि सपा उम्मीदवार पूनम सिन्हा केवल दो लाख 85 हजार से अधिक वोट मिले थे। इस चुनाव में राजनाथ सिंह 3 लाख 47 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से चुनाव जीता था। इस बार पार्टी को राजनाथ सिंह से अपना ही पिछला जीत के अंतर का रिकॉर्ड तोड़ने की उम्मीद है। राजनाथ के सामने मुख्य मुकाबले में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार रविदास मेहरोत्रा हैं।

### पांच विधानसभाएं हैं शामिल

लखनऊ लोकसभा सीट में पांच विधानसभा सीट आती है। जिसमें जिनमें लखनऊ पश्चिम, लखनऊ उत्तरी, लखनऊ पूर्वी, लखनऊ मध्य और लखनऊ कैंट विधानसभा सीट शामिल है। इसमें से तीन सीट पर भाजपा ने 2022 चुनाव में जीत दर्ज की थी।

# नैनीताल सीट से भाजपा हैट्रिक की तैयारी में

● अरविंद मलिक, हल्द्वानी

- कांग्रेस अभी प्रत्याशी तक तय नहीं कर पाई, बसपा का भी खिसक रहा जनाधार

**तीन चुनावों के आंकड़े (प्रतिशत में)**

| वर्ष | कांग्रेस | भाजपा | बसपा |
|---|---|---|---|
| 2009 | 42.63 | 30.90 | 19.03 |
| 2014 | 31.96 | 57.81 | 5.38 |
| 2019 | 34.41 | 61.35 | 2.36 |

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी नैनीताल सीट पर हैट्रिक लगाने को पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतर गई है। रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट दोबारा से चुनाव में ताल ठोक रहे हैं। लगातार दो बार हार का स्वाद चख रही कांग्रेस अभी तक प्रत्याशी तक तय नहीं कर पाई है। प्रत्याशी चयन में भाजपा ने कांग्रेस को पछाड़ दिया है। अब देखना है कि कांग्रेस किस प्रत्याशी के दम पर सांगठनिक रूप से सशक्त भाजपा से कैसे निपटेगी।




लोकसभा चुनाव का शंखनाद हो चुका है। भाजपा इस सीट से जीत की हैट्रिक लगाने को पूरी दमखम से जुट गई है। रक्षा राज्य मंत्री एवं वर्तमान सांसद अजय भट्ट पर भाजपा ने दोबारा दांव लगाया है। भाजपा के सभी आनुषांगिक संगठन चुनावी तैयारी में लग गए हैं। बैठकों का दौर शुरू हो गया है। नैनीताल और ऊधमसिंह नगर दोनों जिलों में चुनावी कार्यालय खुल गए हैं। लोकसभा क्षेत्र प्रभारी चुनावी तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। हर वोटर के पास पहुंचने को शक्ति केंद्र स्तर पर बूथ कमेटियों की बैठकें चल रही हैं। हर उस वोटर से जो भाजपा से जुड़ा नहीं है, उससे संपर्क साधा जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस सांसद उम्मीदवार के लिए चेहरा तक नहीं तलाश सकी है। लगातार विधायकों, विधानसभा चुनाव लड़ चुके उम्मीदवारों, जनप्रतिनिधियों के जाने से लग रहे झटकों से ही कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व नहीं उबर पा रहा है। वहीं स्थानीय नेतृत्व में भी व्यक्तिगत स्तर तक ही सिमटता दिख रहा है। भाजपा की तुलना में कांग्रेस का संगठन काफी कमजोर माना जा रहा है। यही वजह है कि कांग्रेस की सक्रियता कहीं नहीं दिखाई दे रही है।

भले ही कांग्रेस प्रत्याशी अभी घोषित नहीं हुआ हो पर यह तय है कि मुकाबला इस बार भी कांग्रेस व भाजपा के बीच ही होना है। कारण स्पष्ट है कि उत्तराखंड में कांग्रेस व भाजपा ही प्रमुख दल माने जाते हैं जबकि उक्रांद, उपपा, बसपा, सपा सिर्फ वोट कटाने तक ही सीमित रहती हैं। पिछले एक दशक में भाजपा का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है तो कांग्रेस के सामने अपना वजूद बचाए रखने की चुनौती है। आंकड़ों पर गौर करें तो बसपा का जनाधार तो लगातार खिसक रहा है। लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 14 विधानसभा सीटें हैं। इसमें नैनीताल जिले में कांग्रेस का एक और ऊधमसिंह नगर जिले में पांच विधायक हैं। 2004 और 2009 में कांग्रेस के केसी सिंह बाबा ने जीत हासिल की थी। लेकिन, 2014 में भाजपा के दिग्गज व पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने बाबा को हराकर जीत की हैट्रिक पर विराम लगा दिया। 2019 में भाजपा के अजय भट्ट ने कांग्रेस के दिग्गज नेता हरीश रावत को करारी शिकस्त दी।

# सियासी नारों की बिसात पर बदल गई चुनावी तस्वीर

● अरुण कुमार मिश्र, गोंडा




**अमृत विचार:** चुनावी उद्घोषणा हो गई है। सियासी हलचल भी तेज हो गई है। देवीपाटन मंडल में अभी सभी प्रत्याशियों की तश्वीर साफ नहीं हो पाई है, लेकिन जीत की दहलीज तक पहुंचने के लिए हर बार की तरह एक बार फिर नारे गढ़े जाने लगे हैं। 1951 से लेकर चुनाव की प्रक्रिया बदल गई। प्रचार प्रसार के माध्यम बदल गए। बैलेट पेपर की जगह ईवीएम लग गई। लेकिन अगर कुछ नहीं बदला है तो वह आरोप प्रत्यारोप और चुनावी नारे। राजनीतिक दलों की तरफ से गढ़े नारों का असर भी खूब होता रहा और सियासी तस्वीर भी बदलती रही। कभी-कभी इसका उलटा असर भी हुआ लेकिन चुनावी नारे लोगों के जेहन में बैठने वाले भी थे जिनसे वोटर हमेशा प्रभावित होते रहे।

चुनाव में विकसित भारत की बात हो रही है। आम लोगों को न्याय दिलाने की बात हो रही है। लोकतंत्र बचाने की बात हो रही है। तो भारत को और समृद्धशाली बनाने के नाम पर वोट मांगे जा रहे हैं। ये कितने कारगर होंगे और इसका असर चुनावों में गढ़े गए नारों से समझते हैं। 1990 से राजनीति में बड़ा बदलाव आया। राजनीति के जानकार और कई बार के प्रधान रहे जसवंत लाल मिश्र कहते हैं कि 1990 के पहले गांव, गरीब, किसान, खेती, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य मुद्दे होते थे। लेकिन अब ये बदल गए हैं। राजनीतिक दलों के साथ आम नागरिकों की मानसिकता बदल गई है।

1991 की राजनीति में राम मंदिर आंदोलन ने तश्वीर बदल दिया। 1971 में इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ का नारा दिया। उधर विपक्ष ने इंदिरा हटाओ का नारा दिया। इस चुनाव में इंदिरा गांधी सत्ता पाने में कामयाब रहीं लेकिन 1977 में वह सत्ता से बाहर हो गईं और इंदिरा हटाओ का नारा कामयाब हो गया। गोंडा से कांग्रेस के सांसद रहे कुंवर आनंद सिंह चुनाव हार गए और बीएलडी से सत्यदेव सिंह चुनाव जीत गए। बलरामपुर सीट से नाना जी देशमुख ने कांग्रेस के उम्मीदवार को हराकर जनसंघ को जिता दिया था। इसी तरह बहराइच से जनता पार्टी के ओम प्रकाश त्यागी और कैसरगंज से जनता पार्टी से रुद्रसेन चौधरी जीत गए। नारे ने सियासत की पूरी तश्वीर ही बदल दी।

1989 में अलग हुई समाजवादी पार्टी भले ही क्षेत्रीय दल था लेकिन सपा ने भी रोटी कपड़ा और मकान, मांग रहा है हिंदुस्तान का नारा दिया। 1991 में भाजपा ने नारा दिया कि सौगंध राम की खाते हैं मंदिर वहीं बनाएंगे, इसका फायदा भाजपा को मिला। बसपा ने भी दलित कार्ड खेला और नारा दिया- तिलक तराजू और तलवार, इनको मारो जूते चार। ठाकुर, बाभन, बनिया चोर, बाकी सब डीएस फोर। इसका फायदा बीएसपी को मिला लेकिन ठाकुर, बनिया व ब्राह्मण के सहयोग से ही सरकार बनी। भाजपा को हराने के लिए सपा और बसपा ने गठबंधन किया तब नारा गढ़ा गया-मिले मुलायम कांशी राम, हवा हो गए जय श्रीराम। लेकिन 2024 में राम आ गए और अब राम राज्य को लाने की बात हो रही है। 2014 में मोदी के नेतृत्व में चुनाव हुआ। 2019 में सरकार अपनी सफलता पर इतरा रही थी। इसलिए एक बार फिर मोदी सरकार का नारा दिया गया। इसमें भाजपा कामयाब रही। 2024 में भाजपा ने एक बार फिर मोदी सरकार, विकसित भारत का नारा दिया है। वहीं कांग्रेस ने मोदी को हटाएंगे सबको न्याय दिलाएंगे का नारा गढ़ा है।

### स्थानीय नारे भी सियासत की बदलते हैं करवट


वर्ष 1998 की बात है। बृजभूषण शरण सिंह भाजपा से तो सपा से कीर्तिर्धन सिंह आमने सामने चुनाव मैदान में थे। गांधी पार्क में चुनावी रैली में अपनी जीत के प्रति बृजभूषण सिंह इतने उत्साहित थे कि उन्होंने नारा दिया कि तुही जितैहिऔ और हमही जीतब, हमही जीतब। उनका उद्देश्य दूसरा था लेकिन मतदाताओं पर इसका असर उलटा हुआ और इसमें बृजभूषण सिंह को जीत से दूर कर दिया। 2009 में कांग्रेस से बेनी प्रसाद वर्मा चुनाव में खड़े थे। दूसरी तरफ भाजपा से राम प्रताप सिंह, सपा से विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह तथा बसपा से कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव लड़ रहे थे। स्थानीय स्तर पर नारा उछला एक दबाओ तीन गिराओ। इसका असर यह हुआ कि गोंडा के तीनों क्षत्रप चुनाव हार गए और बेनी बाबू चुनाव जीत गए।



# दक्षिण के भरोसे भाजपा देख रही 400 पार का सपना

● ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- 2019 के चुनाव में दक्षिण के तीन राज्यों तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश व केरल में खाता तक नहीं खुल पाई थी भाजपा



**भाजपा का रिपोर्ट कार्ड**

| 129 कुल सीटें दक्षिण के राज्यों में | | | | 0 केरल |
|---|---|---|---|---|
| 25 कर्नाटक | 4 तेलंगाना | 0 तमिलनाडु | 0 आंध्र प्रदेश | |

भारतीय जनता पार्टी ने 400 पार का लक्ष्य पूरा करने के लिए दक्षिण भारत के पांच राज्यों (कर्नाटक, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल व आंध्र प्रदेश) में विशेष प्रचार अभियान का कार्यक्रम तैयार किया है। जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री ने कर भी दी है। पिछले 77 दिनों में उन्होंने 23 दिन सिर्फ दक्षिण के राज्यों में व्यतीत किए हैं।

2019 के चुनाव में दक्षिण के तीन राज्यों तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश व केरल में बीजेपी का खाता तक नहीं खुला था जबकि कर्नाटक में 25 और तेलंगाना में चार सीटें ही मिली थीं। विपक्षी दलों को 100 सीटें मिली थीं। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी इस बार पुनः केरल की वायनाड सीट से उम्मीदवार है। इसकी वजह से पांचो राज्यों में कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों को फायदा होने का अनुमान है। कांग्रेस का मानना है कि उसे 2019 के मुकाबले 2024 में कर्नाटक में ज्यादा सीटें मिलेंगी और बीजेपी को नुकसान होगा। इस बार कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है। दक्षिण भारत के राज्यों में सर्वाधिक 29 सीटें तमिलनाडु, 28 सीटें कर्नाटक, 25 सीटें आंध्र प्रदेश, 20 सीटें केरल एवं 17 सीटें तेलंगाना में है। प्रथम चरण के चुनाव अभियान के पहले चरण में प्रधानमंत्री 5 दिन में सभी 129 सीटों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर इतिहास रचने जा रहे हैं। दूसरे चरण में उनकी कैबिनेट के वरिष्ठ मंत्रियों ने इन सभी 129 सीटों में रोड शो, कार्यकर्ताओं से सीधा संपर्क व चुनावी रैलियां आदि कार्यक्रम तय हैं।




# बिहार में भाजपा 17 जदयू 16, लोजपा 5 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनावों के लिए बिहार में 40 सीटों के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सदस्य दलों में सीटों का बंटवारा हो गया है जिसके अनुसार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 17, जनता दल यूनाइटेड (जदयू) 16, लोक जनशक्ति पार्टी -रामविलास (लोजपा) 05, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा (रालोमो) एक -एक सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।

भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में पार्टी में बिहार के प्रभारी विनोद तावड़े, जदयू के राष्ट्रीय महामंत्री संजय कुमार झा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी और हम के प्रदेश अध्यक्ष रजनीश कुमार ने एक साथ ऐलान किया और प्रधानमंत्री के राजग को 400 पार पहुंचाने के संकल्प को पूरा करने के लिए बिहार की सभी 40 सीटें जीत कर देने का इरादा व्यक्त किया। तावड़े ने कहा कि बिहार में राजग के पांच सदस्य दल- भाजपा, जदयू, लोजपा, हम एवं रालोमो के चुनाव चिह्नों पर राजग के रूप में एक साथ चुनाव लड़ेंगे। भाजपा 17 सीटों पर, जदयू 16 सीटों पर, लोजपा पांच सीटों पर तथा हम एवं रालोमो एक एक सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।

# चुनाव परिणामों से चौंकाती भी रहती है अयोध्या

● इंदुभूषण पांडेय, अयोध्या



**1986** से प्रदेश ही नहीं देश की राजनीति ने भी ली अयोध्या की करवट

**1957** से 1984 तक फैजाबाद में जीतते चले आए कांग्रेस के प्रत्याशी, 1977 का चुनाव रहा अपवाद

**अमृत विचार :** वर्ष 1986 में राम जन्मभूमि का ताला खुलने से लेकर अभी कुछ दिन पूर्व हुई रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बीच चार दशक की अवधि में अयोध्या व उत्तर प्रदेश ही नहीं देश की राजनीति ने यहीं से सियासी करवटें व अंगड़ाइयां ली हैं। एक तरह से राम मंदिर आंदोलन की ही पृष्ठभूमि में विश्व हिंदू परिषद, भाजपा व आरएसएस ने इसे अपना गढ़ बना लिया, लेकिन इसे अयोध्या की खूबी कहें या कुछ और। इस अवधि में चुनाव चाहे लोकसभा के हुए हो, विधानसभा या निकायों के। अयोध्या ने बीच-बीच में चौंकाने वाले भी परिणाम दिए हैं।

अयोध्या (फैजाबाद) लोकसभा सीट पर इसी अवधि में सर्वाधिक बार भाजपा भले ही जीती है लेकिन 1989 से लेकर अब तक क्रमशः तीन बार इस लोकसभा सीट से 1989 में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, 1998 में समाजवादी पार्टी और 2004 में बसपा ने भी अपना परचम लहराया है। बीते विधानसभा के चुनाव और अयोध्या नगर निगम के चुनाव में भी चुनाव परिणामों से भाजपा भौचक रह गई थी।

फैजाबाद जिला व फैजाबाद लोकसभा सीट आजादी के बाद से मूलतः कांग्रेस का गढ़ रही। सन् 1957 से लेकर 1984 तक यहां से कांग्रेस सांसद ही जीतते रहे। बीच में केवल 1977 का चुनाव अपवाद रहा जब यहां जनता पार्टी से अनंतराम जायसवाल ने कांग्रेस का तिलिस्म तोड़ा। अयोध्या का राम मंदिर आंदोलन एक तरह से वर्ष 1985 में परवान चढ़ना शुरू हुआ, जब जेल जैसे लोहे के सींकचों में ताले में कैद रामलला की मुक्ति का विश्व हिंदू परिषद ने आंदोलन शुरू किया। एक फरवरी 1986 को अदालत के आदेश से रामजन्मभूमि का ताला खुला तो पूरे जिले में दिवाली मनाई गई। यहीं से भाजपा ने इसे अपनी सियासत का ऊर्जा केंद्र एक तरह से अयोध्या को बना लिया। राम मंदिर आंदोलन शुरू होने से कांग्रेस की जड़ एक तरह से उखड़ गई।

वर्ष 1989 के चुनाव में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के मित्रसेन यादव ने कांग्रेस के निर्मल खत्री को पराजित कर इस सीट पर कब्जा कर लिया। अगले ही चुनाव 1991 में भाजपा के विनय कटियार जीते और लगातार दो बार यहां से सांसद रहे।

चौंकाने वाला परिणाम फिर 1998 के लोकसभा चुनाव में आया। जब सपा के टिकट से मित्रसेन यादव ने भाजपा को मात दे दी। 1999 में विनय कटियार फिर सांसद चुन लिए गए, लेकिन मित्रसेन यादव ने 2004 के लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के टिकट से लड़कर इस सीट पर कब्जा कर लिया। योगी आदित्यनाथ की पहली सरकार में फैजाबाद का नाम बदलकर अयोध्या कर दिया गया। वहीं फैजाबाद व अयोध्या नगर पालिका को मिलाकर अयोध्या नगर निगम बना दिया गया। उस समय अयोध्या जिले की सभी पांच विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा था।

चौंकाने वाले परिणामों की दृष्टि से देखें तो इतना सबकुछ करने के बाद 2022 में विधानसभा के चुनाव हुए तो अयोध्या जिले की पांच में से दो विधानसभा सीटें क्रमशः गोसाईगंज और मिल्कीपुर समाजवादी पार्टी ने भाजपा से छीन ली। यह तब हुआ जबकि अगस्त 2020 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर की आधार शिला रखी थी। उम्मीद थी कि इसका असर विधानसभा चुनाव में दिखेगा और भाजपा को लाभ होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके बाद मई 2023 में हुए नगर निकाय के चुनाव में भाजपा अपने इतने पार्षद भी नहीं जिता पाई कि बोर्ड में उसका बहुमत हो पाए।

नगर निगम के चुने गए नए मेयर के वार्ड में भी भाजपा को हराकर निर्दल पार्षद जीत गया। वहीं राम मंदिर जिस वार्ड में है, उस वार्ड में भी भाजपा को मुंह की खानी पड़ी और वहां से जमीन कारोबारी एक मुसलमान निर्दल पार्षद बन गया। इसी तरह अयोध्या में आरएसएस के बने नए मुख्यालय साकेतपुरी वार्ड में भी भाजपा को मुंह की खानी पड़ी और यहां भी एक मुस्लिम महिला निर्दल पार्षद चुन ली गई। यह अलग बात है कि अब कई निर्दल पार्षदों को दल में शामिल कराकर भाजपा का नगर निगम बोर्ड में बहुमत हो गया।

# धर्म दर्शन



रंगों का क्या पूछना? तरह-तरह के रंगों की अलग-अलग ही नवाबियत और ख़ासियत है। सादे या ब्लैक एंड ह्वाइट चित्र हों या चलचित्र, इनमें रंग भर क्या दिया कि ये आंखों को ही नहीं दिल तक को छूने लगते हैं। रंगों का यह दमखम हरेक को लुभाता है। रंगों से रिश्ता सिर्फ इंसानों का ही नहीं प्रकृति का भी गहरा नाता है।

## अंतर्जगत को रंगों से रंगने का पर्व है रंगभरी एकादशी



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

प्रकृति के सर्वाधिक प्रतापी अतिथि सूर्य को देखा जाए तो सूर्य के उदित होते आकाश चित्रकारी से भर जाता है। इतना ही नहीं जाते-जाते सूर्यास्त के समय भी आकाश का रंग-ढंग लुभाता ही नहीं बल्कि कला-प्रेमियों को लूट लेता है। प्रथम दृष्टया तो सूर्य में सात रंग होते हैं जिसमें लाल, नारंगी, पीला, हरा, बैंगनी, नीला और आसमानी रंग शामिल है लेकिन इन्हीं सप्तरंगों से अनगिनत रंग बनते हैं। आसमान से नीचे उतर कर किसी वन-उपवन को निहारा जाए तो पेड़ों से लेकर फूलों के रंग बिन बोल खींच लेते हैं संवेदनशील लोगों को। पूरी प्रकृति रंग-विरंग का महाग्रंथ सा है। हर अध्याय और हर पृष्ठ में ये रंग, रंग जमाते दिखाई पड़ते हैं।

प्रकृति के साथ रंगों का ताल्लुक़ात देखने पर वसंत का महीना तो चार चांद लगाता है। इसी वसंत ऋतु को आगाज देने आता है होली का त्योहार। चैत्र-वैशाख का महीना वसंत का होता है। होली के पांच दिन पहले रंगभरी एकादशी स्कूल के घण्टे से कम कहां है? घण्टा बजते बच्चे प्रार्थना के लिए मैदान में आ जाते हैं। ऐसा ही कुछ रंगभरी एकादशी के दिन से होली के उल्लास का होता है। इस दिन से 'बुरा न मानो होली है' की गूंज शुरू हो जाती है।


रंगभरी एकादशी सिर्फ वाह्य जगत के लिए ही नहीं बल्कि अंतर्जगत में विराजते मन के उल्लास लिए भी संदेश लेकर आती है। दस इंद्रियों से संचालित जीवन में जब सिर्फ वाह्य जगत पर ही दृष्टि है तो यह दसों दिशाओं की यात्रा है और जब वाह्य से अंतर्जगत की ओर यात्रा करनी होती है तो वह अंतर्जगत में स्थित एकादश शक्ति की ओर उन्मुख होने की यात्रा है। मन का रंग, वाह्य रंगों से जरा हट कर होता है। मन जब लाल रंग से अठखेलियां करता है तब उसमें स्नेह, प्रेम, शौर्य का भाव भर जाता है। इसी तरह हरा रंग खुशहाली और समृद्धि एवं नीला रंग निश्चिन्तता तथा सकारात्मकता का रंग भरता है। नारंगी ऊर्जा और उत्साह, पीला बौद्धिक ज्ञान की वृद्धि का रंग प्रदान करता है और बैंगनी राजसी भाव का प्रतिनिधि रंग है।

मन जब इन विविध रंगों के प्रभाव में डूबता है तब व्यक्तित्व में पूर्णता आती है। रंगभरी एकादशी को कैलाश पर्वत पर समाधि के देवता महादेव भी पार्वती के संग रंग खेलते है। महादेव के रंग खेलने के प्रतीकों पर गहराई से चिंतन मनन किया जाए तो कुंडलिनी शक्ति जागरण के लिए वे सप्तचक्रों में रंग भरते हैं। योग-विज्ञान में मूलाधार चक्र से सहस्रार चक्र के अलग अलग रंग निर्धारित हैं। अलग-अलग चक्र के जागृत होते अलग-अलग तरह के रंगों का प्रभाव पड़ता है।

इस दृष्टि से होलिका दहन के पांच दिन पहले आने वाली रंगभरी एकादशी पांच ज्ञानेन्द्रियों, पांच कर्मेन्द्रियों एवं एकादश अतीन्द्रिय चेतना को ऊर्जान्वित करने की तिथि है। इसके बाद तो वाह्य जगत से पड़ने वाले कुप्रभावों को दहन करने की शक्ति खुद ही मिल जाती है। रंगभरी एकादशी का दूसरा नाम आमलकी एकादशी है। आमलकी धात्री-फल को कहते है। धात्री का अर्थ 'मां' कहा गया है। सनातन संस्कृति में तो मां का दर्जा भगवान से भी ऊपर रखा गया है। 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' श्लोक में जन्म देने वाली मां तथा जन्मभूमि को स्वर्ग से भी श्रेष्ठ कहा गया है। जन्मभूमि को अन्तः करण भी मानना चाहिए क्योंकि जीवन में जो भी मनुष्य कार्य करता है, उसका प्रथम भाव मन में ही जन्म लेता है। आमलकी फल में आंवला, श्रीफल तथा अन्य लाभप्रद फलों को शामिल किया गया है। फल प्राप्ति के पहले वृक्ष का रोपण और सिंचन किया जाता है। इसलिए आमलकी एकादशी का आशय यह भी है कि यदि जीवन को स्नेह-प्रेम आदि के अनुकूल रंगों से भरना है तो उसके लिए सदाचार तथा सत्कार्यों का अनुकूल रंग-गुलाल, अबीर का प्रयोग करना चाहिए। साथ ही सत्कर्म को जीवन पिचकारी बनाना चाहिए। फिर तो नकारात्मकता की होलिका जल जाएगी तथा खुशियों का प्रह्लाद जीवन भर ही नहीं पीढ़ी-दर-पीढ़ी आह्लाद प्रदान करता रहेगा।

## सत्य के प्रेरक सवितादेव





ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

हे तेजस्वी सवितादेव! इस यज्ञ को उत्तम विधि से पूर्ण करें। यजमान को धन-धान्य के लाभ के लिए प्रेरित करें। वाचस्पति देव हमारी अन्नरूप आहुति को ग्रहण करें। जल के अंतः स्थल में अमृत तथा पुष्टिकारक औषधियां हैं। हे जलसमूह! आपकी ऊंची तथा वेगवान् तरंगे हमारे लिए अन्न प्रदायक बनें। वायु, मन, गंधर्व, पृथ्वी को धारण करने वाले सत्ताइस नक्षत्र आदि पहले से ही अपने साथ अश्व अर्थात् तीव्र गति को जोड़े हुए हैं। वे इस यज्ञ को गतिशील बनाएं। सत्य मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाले सविता देव के अनुशासन में रहकर हम याजकगण बृहस्पति देव के श्रेष्ठ तथा इंद्रदेव के उत्कृष्ट स्वर्ग में आरोहण करें। सबको प्रेरणा देने वाले, सबको प्रकाशित करने वाले, सत्य के प्रेरक सवितादेव तथा बृहस्पति देव के अनुशासन में रहकर हम युद्ध मे विजयी हों।

माता-पिता के रूप में विश्वरूप द्यावापृथिवी हमारी रक्षा के लिए आएं। हमें अन्न उत्पादन का ज्ञान मिले, अमृतभाव के साथ सोम की प्राप्ति हो। देवत्व की प्राप्ति के लिए, सुखों की उत्तम प्राप्ति के लिए, यज्ञ रूप परमात्मा के लिए, प्रजापति के लिए, अविनाशी सुंदर दिन के लिए, भुवन की सीमा व भुवनपति के लिए ये आहुतियां समर्पित की जा रही हैं। सभी देवशक्तियां उन्हें स्वीकारें। यज्ञ से हम दीर्घायु हों, हमारे प्राण की वृद्धि हो, नेत्रों की ज्योति बढ़े, श्रवण इंद्रियां समर्थ हों, हमारी पीठ का बल बढ़े, हमारे यज्ञ का विस्तार हो। हम सभी ईश्वर की संतान बन कर रहें। हम सभी मेधावी बनकर दिव्य सुख को प्राप्त करें और अमृतत्व को प्राप्त करने में समर्थ हों। हे दिशाओं! तुम्हारा संपूर्ण ऐश्वर्य, धन, कार्य करने की सामर्थ्य तथा तेज हमें प्राप्त हो। माता पृथ्वी के लिए आदर सहित हमारा नमस्कार है। हे मातृभूमे! आप संचालन करने वाली हैं तथा आपकी ही शासन शक्ति है। आपको कृषि कार्य के लिए, जगत के कल्याण के लिए, देश में ऐश्वर्य वृद्धि के लिए, प्रजापालन तथा अपने योगक्षेम के लिए हम स्वीकारते हैं। सोम नामक दीप्तिमान पदार्थ को अन्न उत्पादनकर्ता प्रजापति ने सबसे पहले औषधि और जल के मध्य उत्पन्न किया। हमारे लिए यह सोम मधुर रस से युक्त हो। हम पुरोहितगण अपने राष्ट्र में जाग्रत एवं जीवन्त रहें, ताकि हम अपने राष्ट्र को भी प्रगतिशील और जीवन्त रख सकें। इसके लिए यह आहुति समर्पित है।।

वयं राष्ट्रे जागृयाम पुरोहिताः स्वाहा।। 9/23 अन्न के उत्पादक प्रजापति ने सब ओर से संपूर्ण भुवनों को उत्पन्न किया और वे सनातन, सर्वज्ञाता प्रजापति हमारे लिए प्रजा, पशुधन तथा समस्त ऐश्वर्य की वृद्धि करते हुए, सबसे ऊपर के स्थान में निवास करते हैं- यह आहुति उन प्रजापति के लिए समर्पित है। हमारे पालन के लिए जिस प्रजापति ने राजा, सोम, अग्नि, बारह आदित्य, विष्णु, सूर्य, ब्रह्मा और बृहस्पति देव को उत्पन्न किया है, उस प्रजापति का हम स्तवन करते हैं। यह आहुति उन प्रजापति के लिए समर्पित है।

अर्यमा, पूषादेवता तथा वाणी की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती हमारे लिए अभीष्ट दान प्रदान करें। हमारी यह आहुति आपके लिए समर्पित है। हे पृथिवि! यह भाग आपका है, इसे स्नेहपूर्वक स्वीकार करें। पूर्व दिशा में विराजमान अग्निदेवता के निमित्त, दक्षिण दिशा में विराजमान यम देवता के निमित्त, पश्चिम दिशा में विराजमान विश्वेदेव के निमित्त, उत्तर दिशा में विराजमान मित्रावरुण व मरुत् देवता के निमित्त तथा ऊपरी भाग अंतरिक्ष और द्युलोक मे विराजमान हवि भोजी सोम के निमित्त सभी देवताओं की प्रसन्नता के लिए, ये आहुतियां समर्पित हैं। सभी देव शक्तियां स्नेहपूर्वक इन आहुतियों को स्वीकारें। हे याजक! सवितादेव यज्ञकार्य के लिए तुम्हें प्रेरित करें। अग्निदेव गृहपतियों को प्रेरित करें। सोमदेव तुम्हारे लिए वनस्पति रूपी औषधियां प्रदान करें। मेधा प्राप्ति के लिए बृहस्पतिदेव, बड़प्पन के लिए इंद्रदेव, पशुधन के लिए रुद्रदेव, सत्य व्यवहार के लिए मित्रदेव तथा धर्म मार्ग में चलने के लिए वरुणदेव प्रेरित करें।

## दिव्यशक्ति संपन्न और ऊर्जावान असुर



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

त्रेता युग में एक से बढ़कर एक असुर हुए। वाल्मीकि रामायण में असुर के लिए सर्वाधिक प्रयुक्त संबोधन "राक्षस" था। इनमें भी सर्वाधिक सशक्त लंकापति रावण और उसके पूर्वज एवं वंशज थे। इनमें रावणानुज विभीषण को छोड़कर अधिकांश भगवान शिव के भक्त थे। जैसा कि स्पष्ट किया जा चुका हैं कि प्रारंभ में देव, दानव, दैत्य, नाग, गंधर्व, यातुधान आदि एक ही पिता कश्यप प्रजापति की दक्ष प्रजापति की की तेरह पुत्रियों से उत्पन्न संतानें थीं। अर्थात सभी संतानें परस्पर "मां सी" (मां के समान "मौसी") सौतेले भाई थीं।

जब तक उनमें परस्पर स्नेह और सौहार्द रहा, सभी दिव्यशक्ति संपन्न और ऊर्जावान "असुर" विशेषण धारी बनी रहीं। बाद में जब माताओं में सौतियाडाह और सौतेले भाईयों में प्रभुत्त्व जनित स्वार्थ, ईर्ष्या, द्वेष एवं जीवन शैली को लेकर उत्पन्नद्वन्द्व भयंकर दीर्घकालिक सशस्त्र संघर्ष में बदल गया। सुरा (वारूणी, सोमरस) और सुन्दरी के प्रति मोह ने देवों को आरामतलब और सुविधा भोगी बना दिया। अप्रसन्न दितिपुत्र दैत्य, दनुपुत्रदानव एवं देवविरोधी तत्व परस्पर एक हो गए। महर्षि भृगु के नीति निपुण, महान शिवभक्त आचार्य शुक्र उशनस या शुक्राचार्य का मार्ग दर्शन पाते हो मानो देवों से अलग हुए समूह के भाग्य में मानो चार चांद लगा दिया। भगवान भोलेनाथ शिव और माता पार्वती के संरक्षण इन तथाकथित नव असुरों को अजेय बना दिया। सुविधा भोगी, सुरा सुन्दरी प्रेमी देवेन्द्र मानो असहाय सा हो गए। इसस्थिति ने लंकापति रावण को त्रैलोक्य विजय को प्रेरित किया। दीन, दलित, निराश्रित के रक्षक के रूप में सुख्यात् रावण आत्मनियंत्रण नहीं रखपाया और शीघ्र ही उसकी कुख्याति तीनो लोकों को रूलाने वाले के रूप में विश्व में हो गई। देवशिल्पी विश्वकर्मा के समान ही श्रेष्ठ वास्तुकार, दानवराज 'मय' की परम सुंदरी पुत्री पतिव्रता मंदोदरी के होते हुए भी ऋषि पुलस्त्य जैसे श्रेष्ठ ब्राह्मण कुलोत्पन्न महापण्डित, महातपस्वी, सुन्दर और सुपुष्ट शरीर धारी, रावण की छवि अंततः एक विकृत, विकराल, दस शिरोंवाले विकराल आकृति आततायी, अपहर्ता, लोकउत्पीडक, कामुक साम्राज्यवादी के रूप में स्थापित हो गई।

## जरासंध का आक्रमण और रणछोड़



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

कंस की मृत्यु के बाद उसकी दोनों रानियां अस्ति और प्राप्ति अपने पिता मगधराज जरासंध के पास पहुंच कर रोने लगीं। जरासंध श्रीकृष्ण की बढ़ती हुई शक्ति से पहले से ही चिन्तित था। उसने मथुरा की ओर कूच कर दिया। वह स्वयं को परम शक्तिशाली समझता था, साम्राज्यलिप्सा थी। इसलिए मार्ग में जो भी राज्य आए (दक्षिणकाशी, दक्षिणकौशल, दक्षिणपंचाल, दशार्ण, वत्स, मत्स्य-राज्य) सभी को जरासंध ने चुनौती दी, परास्त किया और उनकी सेनाओं को अपने साथ मिला कर मथुरा जा पहुंचा।

चेदिराज शिशुपाल, बंगराज चित्रसेन तो पहले से ही उसके साथ थे। कुरुराज्य के वृद्धपितामह भीष्म इस समय सजग थे लेकिन कुणिक और शकुनि की वजह से हस्तिनापुर (धृतराष्ट्र) ने यादव गणराज्य की कोई सहायता नहीं की। सुधर्मा सभा में उद्धव ने श्रीकृष्ण बलराम को अतिरथी घोषित करने और निरंकुश राज्यों को समाप्त करने का सुझाव दिया। तदनुसार श्रीकृष्ण बलराम के नेतृत्व में यादव-सेना उस विशाल सेना पर झपट पड़ी, जिसके सैनिक या तो भाड़े के थे या अनमने थे। शाम होते होते जरासंध बंदी बना लिया गया था किन्तु कृष्ण की दूरदर्शी नीति के कारण उसे अपमानित करके छोड़ दिया। वह सत्रह बार आया और हर बार हारा। कुरु और पांचाल में भी एकतंत्र शासन था, किन्तु उन्होंने यादव गणराज्य और जरासंध के युद्धों को दूर से ही देखा। यादव गणराज्य का प्रभाव शूरसेन जनपद से शूर्पारक (समुद्र) पर्यन्त फैल चुका था। जब कृष्ण को गुप्तचर से संदेश मिला कि काल यवन उत्तर-पश्चिम से मथुरा पर आक्रमण करने चल दिया है। तब उन्होंने बलराम से मंत्रणा की कि इस समय यादवप्रजा को कटवाना वीरता नहीं होगी। यादवप्रजा की रक्षा के लिए हमें मथुरा छोड़ देनी चाहिए। वे रणछोड़ कहलाए।

# कुमाऊं

### सार-संक्षेप



टनकपुर के उचौलीगोठ गांव में धूं-धूं कर जलता मकान। ● अमृत विचार

## मकान में लगी आग, सामान जलकर खाक

**टनकपुर :** पूर्णागिरि मार्ग से लगे उचौलीगोठ गांव में सोमवार की तड़के एक मकान में आग लग गई। घर में रह रहे लोगों ने तुरंत बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। आग से घर के अंदर रखा अधिकांश सामान जलकर खाक हो गया। शार्ट सर्किट से आग लगने का अंदेशा जताया जा रहा है। सुबह करीब 4 बजे उचौलीगोठ के पूर्व ग्राम प्रधान बिशन सिंह महर के लकड़ी से निर्मित पुराने दोमंजिला घर में आग लग गई। घर में पूर्व प्रधान महर के बटाईदार कालीचरण, उसकी पत्नी और तीन छोटे बच्चे सो रहे थे। कालीचरण ने बताया कि घुटन और सांस लेने में दिक्कत होने के बाद पैर में अचानक जलता हुआ लकड़ी का कोयल गिरा, जिससे उनकी नींद खुल गई। उन्होंने तुरंत पत्नी और बच्चों को जगाया और घर से बाहर निकल आये। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने ढ़ाई घंटे की जद्दोजहर के बाद आग पर काबू पाया। आग से बटाईदार का राशन, कपड़े सहित अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो गया। करीब 4 लाख रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। इधर, क्षेत्र के ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## हिस्ट्रीशीटरों पर अब पुलिस की पैनी नजर

**अल्मोड़ा :** लोकसभा चुनाव के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो, इसके लिए पुलिस ने कमर कस ली है। चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए जिले के हिस्ट्रीशीटरों पर नजर रखी जा रही है। इसी के तहत कोतवाली पुलिस ने मुख्यालय के तीन हिस्ट्रीशीटरों की थाने में परेड कराई और उन्हें कानून व्यवस्था भंग न करने की सख्त हिदायत दी। प्रभारी निरीक्षक जगदीश देऊपा ने हिस्ट्रीशीटरों से उनके कार्यों और गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। साथ ही अपनी गतिविधियां सही रखने की नसीहत दी। चेतावनी दी कि अगर लोकसभा चुनावों में किसी संदिग्ध गतिविधि को अंजाम दिया तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## स्थानांतरण के मामलों में शीघ्र निर्णय लेने की मांग

**अल्मोड़ा :** उत्तरांचल पर्वतीय कर्मचारी संगठन के जिला सचिव धीरेंद्र कुमार पाठक ने पारस्परिक स्थानांतरण के आवेदनों पर कोई निर्णय न लिए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। कहा है कि सरकार ने सुगम से सुगम में स्थानांतरण की अनुमति वर्ष 2018 के एक्ट में तब्दीली करते हुए जनवरी माह में दे दी थी। जिसके बाद मुख्य प्रशासनिक अधिकारियों समेत अन्य कार्मिकों ने भी पारस्परिक स्थानांतरण के आवेदन निर्धारित समय पर जमा कर दिए गए थे। लेकिन अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। सरकार ने एक्ट के तहत मुख्य प्रशासनिक अधिकारियों को जिले से बाहर स्थानांतरित कर दिया था। लेकिन इसके बाद उनके आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया।

## बिहार से लापता नाबालिग को परिजनों के सुपुर्द किया

**बनबसा :** रिड्स संस्था के उज्जवल पुनर्वास केंद्र के कार्यकर्ताओं ने बिहार से लापता नाबालिग बालिका को परिजनों व बिहार पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। 12 वर्षीय नाबालिग राजकीय अम्बेडकर आवासीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आरा बिहार में कक्षा 5 की छात्रा है जो विद्यालय से 11 मार्च को लापता हो गई थी। बालिका को विद्यालय के गार्ड के यहां आने वाला एक अंजान व्यक्ति टनकपुर में रेलवे स्टेशन पर छोड़ गया था। रेलवे पुलिस ने नाबालिग को देखकर इसकी सूचना सीडब्लूसी सदस्य मनोज तिवारी को दी। मनोज तिवारी ने रिड्स समन्वय जनक चंद से संपर्क किया और चाइल्ड हेल्पलाइन की कांउसलर तरन्नुम ने बालिका का प्राथमिक उपचार कर उज्जवल पुनर्वास केंद्र में संरक्षित कर दिया। जहां से बिहार पुलिस व परिवारजन बालिका को अपने साथ ले गये।

# संजीदगी से निभाएं चुनाव की जिम्मेदारी

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण में कर्मचारियों व अधिकारियों को दिए निर्देश

**कार्यक्रम**

- कहा, प्रशिक्षण से गैर हाजिर कार्मिकों व अधिकारियों के खिलाफ होगी कार्रवाई

संवाददाता, टनकपुर/चम्पावत



अधिकारियों व कर्मचारियों को जानकारी देते डीएम नवनीत पांडेय।

**अमृत विचार :** मतदान दिवस (19 अप्रैल) में पोलिंग पार्टियों के साथ-साथ सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेटों की सक्रियता जरूरी है। इसलिए अधिकारी समयबद्धता और अनुशासन का ध्यान रखते हुए निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन कर मतदान को निर्बाध रूप से पूर्ण कराएं। यह बात जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी नवनीत पांडेय ने चम्पावत के जीजीआईसी सभागार भवन में सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट और नोडल अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कही।

प्रशिक्षण के दौरान 150 में से 143 कार्मिक उपस्थित रहे। जिस पर डीएम ने अनुपस्थित सात अधिकारियों व कर्मचारियों को लगातार दो दिनों तक प्रशिक्षण में आने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गैर हाजिर कार्मिक व अधिकारियों के खिलाफ लोक अधिनियम के तहत कार्रवाई की जायेगी। कहा कि पोलिंग पार्टियों की रवानगी से लेकर उन्हें संबंधित बूथों पर पहुंचाने, मतदान संपन्न कराने के साथ-साथ ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनें जमा करने तक सेक्टर मजिस्ट्रेट जिम्मेदारी और संजीदगी के साथ सक्रिय रहेंगे। ईवीएम जमा होने के बाद संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर की अनुमति से ही सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट वापस जाएंगे। उन्होंने किसी भी अधिकारी का मोबाइल फोन बंद न होने की भी नसीहत दी।

मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि निर्वाचन में लगे सभी कार्मिक जिम्मेदारी से काम करने के साथ ही मधुर व्यवहार रखें। सभी मजिस्ट्रेट ईवीएम व वीवीपैट का कनेक्शन, मॉकपोल, ईवीएम सील करने की पूरी प्रक्रिया को ठीक से समझ लें। मास्टर ट्रेनर डॉ. एमपी जोशी, जीवन कलोनी, पीसी उपाध्याय और नीरज पांडे ने ईवीएम व वीवीपैट को कनेक्ट करने की जानकारी दी। प्रशिक्षण में सहायक नोडल अधिकारी कार्मिक/मुख्य शिक्षाधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट, जिला विकास अधिकारी डीएस दिगारी, खंड शिक्षाधिकारी भारत जोशी सहित विधानसभा क्षेत्र चम्पावत के जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

## आयोग के निर्देशों का करें पालन राजनीतिक दल

**अल्मोड़ा :** जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने सोमवार को नवीन कलक्ट्रेट में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। उन्होंने प्रतिनिधियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों के बारे में जानकारी देते हुए उनका पालन करने की बात कही। कहा कि आयोग के निर्देशों का पालन न करने पर संबंधित के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि संपूर्ण प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। जिसके तहत सभी राजनैतिक दलों की एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग शुरू की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि आयोग की गाइडलाइन के अनुसार ही सभी दल अपने उम्मीदवारों की नामांकन संबंधी प्रक्रिया, चुनावी रैली व अन्य गतिविधियों को संचालित करें। कहा कि निर्वाचन संबंधी प्रचार-प्रसार संबंधित एआरओ से अनुमति लेकर ही करें। विधानसभावार एआरओ की तैनाती की गई है। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज, भाजपा के आजाद खान, उपपा के अध्यक्ष पीसी तिवारी, बीएसपी के अशोक कुमार, कांग्रेस नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी समेत कई प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## अधर में लटका श्रम कार्ड नवीनीकरण कार्य

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** आगामी चुनाव के लिए आचार संहिता लग जाने के बाद श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों के कार्डों के नवीनीकरण का कार्य अधर में लटक गया है। जिले में श्रम विभाग में करीब 15 हजार से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं।

पिछले कुछ दिनों से श्रमिकों के कार्डों के नवीनीकरण का कार्य चल रहा था। जिसके लिए प्रतिदिन दो से तीन सौ श्रमिक जिला मुख्यालय पहुंच रहे थे। आचार संहिता लगने के कारण कई श्रमिकों के कार्ड नवीनीकृत नहीं हो पाए हैं। रोजाना श्रमिक कार्यालय पहुंच रहे हैं, लेकिन कार्य बंद होने के कारण उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है।

# घरों में घुस रहा निर्माण का मलबा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**आक्रोश**

- निर्माण के तरीकों में सुधार न होने पर लोगों ने दी काम बंद कराने की चेतावनी
- मेडिकल कॉलेज के बेस परिसर में चल रहे हैं विभिन्न निर्माण कार्य

**अमृत विचार :** नगर के खत्याड़ी क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज के बेस परिसर में चल रहे निर्माण का मलबा आसपास के घरों में घुस रहा है। जिससे लोगों में भारी आक्रोश है। उन्होंने कार्यदायी संस्था पर कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी है कि अगर निर्माण के तरीकों में सुधार नहीं किया गया तो वह जबरन कार्य रूकवा देंगे।

लोगों का कहना है कि इन दिनों मेडिकल कॉलेज के बेस परिसर में विभिन्न निर्माण हो रहे हैं। लेकिन कार्यदायी संस्था ने मलबा और पानी खुले में छोड़ दिया है जो बहकर उनके घरों में घुस रहा है। कार्यदायी संस्था के अधिकारियों से इस बारे में कई बार बातचीत की गई, लेकिन उन्होंने शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया। लोगों की शिकायत पर पूर्व दर्जा राज्य मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने क्षेत्र का भ्रमण कर दूरभाष पर संबंधित अधिकारियों से वार्ता की। कर्नाटक ने कहा कि कार्यदायी संस्था की लापरवाही के कारण लोगों के घरों और दुकानों में मलबा घुस रहा है। साथ ही इधर-उधर जाने वाले लोगों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए कार्यदायी संस्था को आसपास रह रहे लोगों की समस्या का पूरा ख्याल रखना चाहिए।

कर्नाटक ने अधिकारियों को चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र कार्य में सुधार नहीं किया गया तो वह स्थानीय लोगों की मदद से निर्माण रूकवा देंगे। इस दौरान क्षेत्र के हिमांशु कनवाल, मुकेश लटवाल, मोहन बिष्ट, भुवन लटवाल, हरीश लटवाल आदि मौजूद रहे।

### सार-संक्षेप



एसएसजे परिसर में सफाई अभियान चलाते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

## स्वयंसेवियों ने एसएसजे में चलाया सफाई अभियान

**अल्मोड़ा :** सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय ने राज्य परियोजना प्रबंध ग्रुप एवं नमामि गंगे के संयुक्त तत्वावधान में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा शुरू कर दिया है। सोमवार को नोडल अधिकारी डॉ. नवीन भट्ट के नेतृत्व में स्वयंसेवियों ने एसएसजे कैंपस में स्वच्छता अभियाल चलाकर आसपास के क्षेत्रों में जागरूकता रैली निकाली। यह कार्यक्रम 31 मार्च तक चलेगा। योग विज्ञान विभाग व विभिन्न छात्रावासों के छात्र-छात्राओं, एनएसएस व एनसीसी स्वयंसेवकों ने सिमकनी धारा एवं सुनारीनौला के साथ परिसर के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया। इस मौके पर शिक्षक लल्लन सिंह, गिरीश अधिकारी, रजनीश जोशी, कविता खनी, दीपा जोशी, अजय सिराड़ी, भावना उपाध्याय, पायल बिष्ट, अमित बिष्ट, खुशी तिवारी आदि मौजूद रहे।

## कानूनी व न्यायिक पहलुओं की जानकारी दी

**रानीखेत :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य संकाय की ओर से उपभोक्ता जागरूकता विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त न्यायाधीश जिला एवं सत्र न्यायालय डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार शर्मा ने विभिन्न कानूनी एवं न्यायिक पहलुओं की जानकारी दी। साथ ही न्यायालय जागरूकता से लेकर विभिन्न आयामों पर विस्तृत से चर्चा की। वेबिनार में 250 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। संयोजक डॉ. बुशरा मतीन व आयोजक सचिव डॉ. राहुल चन्द्रा रहे।

## आचार संहिता तक धरना प्रदर्शन स्थगित

**अल्मोड़ा :** जिला विकास प्राधिकरण को पूरी तरह समाप्त करने की मांग को लेकर चल रहे धरना-प्रदर्शन को सर्वदलीय संघर्ष समिति ने स्थगित करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय लोकसभा चुनाव के लिए प्रभावी आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। समिति के संयोजक और निवर्तमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने बताया कि आचार संहिता तक समिति का धरना-प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया है। आचार संहिता के समाप्त होने के बाद फिर से आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।



टनकपुर राजकीय महाविद्यालय में होली गायन करते संयोजक व छात्र।

## होली खेल मनाएं फागुन के दिन चार...

**टनकपुर :** राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को संगीत परिषद की ओर से होली समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनुपमा तिवारी, आदर्श राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य गीता चन्द और संगीत अध्यापिका लीला तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। संयोजक डॉ. पंकज उप्रेती ने पहाड़ की होली पर व्याख्यान के साथ ही विभिन्न रागों के होली गीत गाये। कोमल रौतेला व साथियों ने होली खेल मनाएं फागुन के दिन चार..., किरन गड़कोटी व महिलाओं ने जय बोलो यशोदा नंदन की, मोर मुकुट पीताम्बर सोहे..., खुशी चन्द व साथियों ने होरी खेले कन्हैया लाज मोरी...आदि गीतों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर डॉ. एसके कटियार, डॉ. सुमन कुमारी, डॉ. सुल्तान सिंह, डॉ. होशियार सिंह, डॉ. विमल जोशी, डॉ. ब्रह्मा नंद, मदन सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### जागेश्वर धाम में बढ़ने लगी जाम की समस्या

**अल्मोड़ा :** पर्यटन सीजन शुरू होते ही विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में जाम की समस्या बढ़ने लगी है। कुछ दिन पूर्व जागेश्वर के व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराते हुए इसके समाधान और बढ़ते अतिक्रमण पर कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिससे व्यापारियों और सैलानियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पर्यटन सीजन शुरू होते ही जागेश्वर धाम में देश-विदेश से सैलानियों के आने का सिलसिला शुरू हो जाता है। ऐसे में यहां वाहनों का दबाव बढ़ जाता है। हालांकि इस दबाव को कम करने के लिए प्रशासन ने आरतोला में पार्किंग की व्यवस्था की है। लेकिन पार्किंग स्थल मंदिर परिसर से काफी दूर होने के कारण इसका कोई खास लाभ नहीं मिल पा रहा है। जागेश्वर धाम के मुख्य बाजार में सड़क किनारे बढ़ रहे अतिक्रमण ने जाम की समस्या को और बढ़ा दिया है। जिस कारण आये दिन जाम की समस्या बनी रहती है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का कहना है कि पिछले एक सप्ताह से जागेश्वर लगातार जाम की समस्या से जूझ रहा है। व्यापार संघ ने प्रशासन से इस समस्या का शीघ्र निस्तारण करने की मांग की है।

# बैराज से दुकानों को हटाने पर हंगामा

## आक्रोशित दुकानदारों ने एनएचपीसी प्रबंधन की कार्रवाई का विरोध कर किया प्रदर्शन

**संवाददाता, टनकपुर**



टनकपुर बैराज में दुकानों को हटाने के दौरान दुकानदारों से वार्ता करते जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** टनकपुर बैराज के पास लगी दुकानों को हटाये जाने से दुकानदार भड़क उठे। उन्होंने एनएचपीसी प्रबंधन की कार्रवाई का विरोध करते हुए जमकर हंगामा काटा। बाद में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, एनएचपीसी के जीएम व सीआईएसएफ के एसी के मध्य हुई वार्ता के बाद मामला शांत हुआ। इधर, एनएचपीसी प्रबंधन का कहना है कि बैराज में कई दुकानें स्थाई लग गई हैं और कुछ दुकानें पूर्णागिरि मेले के दौरान लगती हैं। इन दुकानों से बैराज को खतरा उत्पन्न हो गया है। दुकानों को हटाने के लिए जिला प्रशासन को कई बार पत्र भेजा गया है।

बता दें कि टनकपुर बैराज के पास लंबे समय से दर्जनों दुकानें लगी हैं, लेकिन पूर्णागिरि मेले के दौरान बैराज मार्ग में दुकानों की संख्या काफी बढ़ जाती है। सोमवार को एनएचपीसी के जीएम राजिल व्यास और सीआईएसएफ के एसी अविनाश कुमार टीम के साथ टनकपुर बैराज पहुंचे। जहां उन्होंने दुकानों को हटाने के लिए कार्रवाई की। इसके लिए सीआईएसएफ से भारी संख्या में फोर्स को भी तैनात कर दिया गया था, लेकिन कार्रवाई से दुकानदार भड़क उठे। उन्होंने जमकर बवाल मचाया और प्रदर्शन किया। इसकी भनक लगने पर टनकपुर के कई जनप्रतिनिधि टनकपुर बैराज पहुंचे। जहां बैराज के कंट्रोल रूम में वार्ता की गई।

बैठक के दौरान एनएचपीसी के जीएम राजील व्यास ने कहा कि टनकपुर बैराज क्षेत्र में करीब दो दर्जन से अधिक दुकानें पिछले लंबे समय से लग रही हैं। लेकिन मेले के दौरान दुकान और बढ़ जाती हैं। कहा कि दुकान बनाते समय दुकानदार मार्ग में बड़ा गड्ढा कर देते हैं, जिससे बैराज को भी खतरा पैदा हो गया है। इस संबंध में कई बार जिला प्रशासन को भी पत्र लिखा गया, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। बैठक में कहा गया कि पूर्णागिरि मेले के दौरान यहां दुकानें पूर्व की भांति सिर्फ अस्थाई तौर पर ही लगेंगी, लेकिन दुकानदार मार्ग में अतिक्रमण न करें।

वार्ता के दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दीप चंद्र पाठक, पूर्व सभासद कपिल उप्रेती, हंसा जोशी, तुलसी कुंवर, हीरा जोशी, हरीश मटियानी आदि मौजूद रहे।

## वाहनों से लिए खाद्य पदार्थों के 15 सैंपल

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** होली पर्व के नजदीक आते ही खाद्य पदार्थों में मिलावट को रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग सक्रिय हो गया है। विभाग की टीमें लोधिया समेत जनपद के अनेक सीमावर्ती इलाकों में छापेमारी कर रही हैं। सोमवार को टीम ने अलग-अलग वाहनों से लाई जा रही खाद्य सामग्री के 15 सैंपल लिए। जिन्हें जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला रुद्रपुर भेज दिया।

डीएम विनीत तोमर के निर्देश पर अभिहीत खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रमोद रावत के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने अल्मोड़ा और नैनीताल जिले की सीमा से लगे लोधिया में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न वाहनों से लाई जा रही खाद्य सामग्री की जांच की गई। टीम ने संदेह होने पर करीब 15 खाद्य पदार्थों के सैंपल एकत्र किए। सभी सैंपल जांच के लिए भेज दिये गये हैं। इसके अलावा टीम ने लमगड़ा, सोमेश्वर, मासी, द्वाराहाट, भिकियासैंण में भी खाद्य पदार्थों की जांच के लिए अभियान चलाया। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नंद किशोर, ईश्वर नेगी समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



अधिकारियों को घटिया निर्माण की जानकारी देते भाजयुमो जिलाध्यक्ष व अन्य।

### सड़क पर घटिया डामरीकरण से भड़के ग्रामीण

**अल्मोड़ा :** विकास खंड धौलादेवी के चामी-अड़चाली-बमनस्वाल मोटर मार्ग पर हो रहे घटिया डामरीकरण से ग्रामीण भड़क उठे। उन्होंने अधिकारियों का घेराव कर मौके पर निर्माण की गुणवत्ता दिखाई। सोमवार को भाजयुमो जिलाध्यक्ष राजन चंद्र जोशी के नेतृत्व में ग्राम प्रधान और ग्रामीणों ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों का घेराव किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कार्यदायी संस्था सड़क निर्माण में पारदर्शिता नहीं अपना रही है और घटिया डामरीकरण कराया जा रहा है। जोशी ने कहा कि मार्ग करीब आठ से दस ग्राम पंचायतों को जोड़ने के अलावा पर्वतीय क्षेत्र के विभिन्न स्थानों को जाता है। ऐसे में निर्माण कार्य में बरती जा रही लापरवाही केवल सरकारी धन का दुरुपयोग है। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड के अभियंता हरीश जोशी ने कार्य की जांच कराने और निर्माण दोबारा कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान गणेश प्रसाद, कुंदन आर्या, हरीश प्रसाद, दिनेश उपाध्याय समेत अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

### दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष में युवक की मौत, कई घायल

**हरिद्वार :** रुड़की में रविवार रात मामूली बात पर एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष पर धारदार हथियारों से हमला बोल दिया। जिसमें एक युवक की मौत हो गई। साथ ही कई लोग घायल हो गए। रविवार देर रात गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के पनियाला गांव में दो पक्षों में पुरानी रंजिश को लेकर खूनी संघर्ष हो गया। दो-तीन दिन पहले दोनों पक्षों में क्रिकेट खेलने को लेकर विवाद हुआ था। रविवार रात दोनों पक्ष फिर से आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों में लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले। जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस घायलों को सिविल अस्पताल लेकर पहुंची। जहां एक युवक सद्दाम को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। साथ ही अन्य गंभीर लोगों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### छात्रों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**बनबसा :** राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आभा शर्मा के नेतृत्व तथा स्वीप कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मुकेश कुमार के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने बाजार क्षेत्र में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। महाविद्यालय से शुरू हुई रैली बनबसा बाजार होते हुए पाटनी तिराहे से होकर वापस महाविद्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान डॉ. आभा शर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। रैली में व्यापार मंडल अध्यक्ष भरत भंडारी, परमजीत सिंह, प्राध्यापक डॉ. भूप नरायन दीक्षित, डॉ. शशि प्रकाश सिंह, डॉ. सुधीर मलिक, डॉ. हेम कुमार गहतोड़ी, अनिल सिंह राणा, त्रिलोक चन्द्र आदि मौजूद रहे।

### वन विभाग ने हेली सेवा कंपनी को भेजा नोटिस

**देहरादून :** मसूरी स्थित वन्यजीव विहार रेंज और उसके आसपास हेलीकॉप्टर उड़ाने के मामले में वन विभाग ने संबंधित कंपनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही बिना अनुमति हेलीकॉप्टर उड़ाने के मामले में नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। मसूरी के जार्ज एवरेस्ट में एक कंपनी हेली सेवा दे रही है। वन विभाग ने कंपनी को भेजे नोटिस में कहा है कि कंपनी ने बीते 7 फरवरी को मसूरी वन्य जीव विहार की सीमा में बिना अनुमति हेलीकॉप्टर उड़ाया। वन क्षेत्राधिकारी मसूरी वन्य जीव विहार रेंज हेमंत बिष्ट ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। इधर हेली सेवा का संचालन करने वाली राजस एयरो स्पोर्ट्स एंड एडवेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक लोकेश कुमार शर्मा ने वन विभाग को भेजे जवाब में कहा है कि 7 फरवरी को जॉर्ज एवरेस्ट हेलीपैड के पास मौसम खराब होने के कारण उड़ान में समस्या आ रही थी। इस दौरान हमारा पायलट अनजाने में वन रेंज के करीब आ गया होगा।

# संघर्ष समिति ने रेल अतिक्रमण मामले को लेकर लगाई गुहार

**संवाददाता, टनकपुर**



टनकपुर सीएम कैंप कार्यालय में लोगों ने दिया ज्ञापन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रेलवे के राज्य संपदा अधिकारी न्यायालय के आदेश के बाद 21 मार्च को टनकपुर में रेलवे में हो रहे अतिक्रमण को हटाने को लेकर यहां रह रहे लोगों में भारी आक्रोश पनप रहा है। इस निर्णय को रोकने के लिए संयुक्त संघर्ष समिति ने सोमवार को एसडीएमऔर सीएम कैंप कार्यालय में ज्ञापन दिया।

समिति का दावा है कि वे इस स्थान पर पांच दशक से अधिक समय से रह रहे हैं, लेकिन रेल विभाग संयुक्त सर्वे और सीमांकन कराए बगैर नियम विरूद्ध ये कार्रवाई कर रहा है। समिति ने जिला प्रशासन, नगर पालिका और संयुक्त संघर्ष समिति के सदस्यों को विश्वास में लिए बगैर की जा रही कार्रवाई को अन्यायपूर्ण बताते हुए रोकने का आग्रह किया है। उल्लेखनीय है कि पूर्वोत्तर रेलवे के राज्य संपदा अधिकारी न्यायालय ने 29 फरवरी को 15 दिन के भीतर सुरेंद्र गुप्ता, तुलसी गुप्ता, अख्तारी बेगम, खुर्शीदा खातून और प्रतिभा अग्रवाल लोगों द्वारा अतिक्रमित रेलवे भूमि खाली करने का आदेश पारित किया था। इस आदेश के 15 दिन बीतने पर रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर ने टनकपुर के एसडीएम को पत्र भेज टनकपुर रेलवे स्टेशन परिसर में स्थित रेलवे भूमि अतिक्रमण को हटाने के संबंध में पत्र भेजा। जिसमें उन्होंने 21 मार्च सुबह दस बजे से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की बात कही है।

## चेकिंग में पकड़ी 7 लाख की नगदी

**देहरादून, अमृत विचार :** आदर्श आचार संहिता का पालन कराने हेतु गठित फ्लाइंग स्कवायड व पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक एसयूवी वाहन से सात लाख रुपये नगद बरामद किए हैं। उक्त धनराशि राजपुर थाने में जमा करा दी गई है।

सोमवार को एफएसटी व पुलिस की संयुक्त टीम कैनाल रोड निकट बॉडीगार्ड में चेकिंग कर रही थी। इस बीच वाहन (यूपी14एफआर5911) एक्सयूवी को रोक कर चेकिंग की गई तो उसमें से सात लाख रुपये नगद बरामद हुए। वाहन चालक प्रमोद कुमार गर्ग पुत्र देशराज गर्ग निवासी सूर्यनगर गाजियाबाद हाल निवासी जोगीवाला (देहरादून) से जब उक्त धनराशि के बारे में जानकारी ली गई तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। मजिस्ट्रेट ने उक्त धनराशि थाना राजपुर में जमा करा दी है।

# 1 से 16 मार्च तक 7 करोड़ से अधिक की नगदी पकड़ी

**ब्यूरो, देहरादून**



ब्रीफिंग करतीं संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरूषोत्तम के निर्देश पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल ने सोमवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में आदर्श आचार संहिता तथा कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में मीडिया कर्मियों के साथ प्रेस ब्रीफिंग की।

संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद प्रदेश के सभी जिलों में शराब एवं कैश सीजर की कार्रवाई लगातार जारी है। इसके तहत 16 मार्च से 17 मार्च तक 24 घंटे में लगभग 40 हजार भवनों से पोस्टर-बैनर हटाए गए हैं। प्रदेश में 1 मार्च से 16 मार्च तक 7 करोड़ रुपए से अधिक नगद धनराशि, अवैध शराब, मादक पदार्थों को सीज किया गया है। इनमें सबसे अधिक मात्रा मादक पदार्थ की है। (एफएसटी), स्टेटिक सर्विलांस (एसएसटी) टीम एवं क्विक रिस्पॉंस टीम (क्यूआरटी) गठित की जा चुकी हैं। प्रदेश में एफएसटी की संख्या 293 तथा क्यूआरटी की संख्या 158 है।

---



## सार-संक्षेप

### मुरादाबाद के लिए शुरू नहीं हुई उड़ान

**लखनऊ :** उड़ान योजना के तहत पांच जिलों के विमान सेवा शुरू होने की घोषणा तो हो गई मगर अभी तक मुरादाबाद के लिए फ्लाई बिग की एक भी उड़ान संचालित नहीं हो सकी है। बता दें कि फ्लाईबिग एयरलाइंस की ओर से दो मार्च से श्रावस्ती, आजमगढ़, अलीगढ़, मुरादाबाद और चित्रकूट के लिए विमान सेवा शुरू करने की घोषणा की थी और शेड्यूल भी जारी कर दिया था। मगर दो मार्च से उड़ानों का संचालन नहीं हो सका। दस मार्च को चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर टर्मिनल 3 का शुभारंभ हुआ। 11 मार्च से फ्लाइबिग एयरलाइंस ने विमान सेवाओं का संचालन शुरू किया। चित्रकूट, श्रावस्ती, अलीगढ़ और आजमगढ़ के लिए सेवाएं शुरू की। इन चार जिलों में भी नियमित संचालन नहीं हो रहा है। जबकि मुरादाबाद के लिए अभी तक विमान सेवा शुरू नहीं हो सकी है।

### बच्ची को बंद मकान में ले जाकर किया दुष्कर्म

**बदायूं :** हाईस्कूल के छात्र ने रविवार दोपहर छह साल की छात्रा को खाली मकान में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। छात्रा के रोने पर बराबर की छत पर मौजूद उसकी मां ने आवाज सुनी। उसकी मां ने आरोपी को घिनौना कृत्य करते हुए देख लिया। उन्होंने शोर मचाया तो आरोपी भाग गया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के आरोप में रिपोर्ट दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराया। वहीं आरोपी को बरेली के बाल सुधार गृह भेजा गया है।

### ट्रक-डंपर की भिड़ंत में मजदूर की मौत

**रामपुर :** मधुमक्खियों का पेटियां उतारकर आ रहा ट्रक अनियंत्रित होकर डंपर से टकरा गया। जिससे ट्रक में सवार एक मजदूर की मौत हो गई। जबकि ट्रक चालक समेत छह मजदूर बाल-बाल बच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है। रविवार को एक ट्रक आगरा से मधुमक्खियों का पेटियां भरकर उत्तराखंड के कालाढूंगी गया था। ट्रक लौटते समय मुरादाबाद-नैनीताल हाईवे तहसील क्षेत्र के गांव मुंशीगंज के निकट पहुंचा तो डंपर से भिड़ंत हो गई। इसमें सवार जनपद आगरा के दमकोर निवासी मजदूर सुरेन्द्र सिंह की मौत हो गई।

### ऑपरेशन के दौरान छात्र की मौत, परिजनों का हंगामा

**बरेली :** निजी अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान सातवीं के छात्र की मौत पर परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। सोमवार को परिजन सुभाषनगर थाना पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। सुभाषनगर में रामलीला मैदान के पास रहने वाले मनोज कुमार ने बताया उनके एक बेटा और एक बेटी है। बेटा सूर्यांश कक्षा सात में पढ़ता था। कुछ दिन पहले वह बीमार हो गया। दिल्ली से सूर्यांश को नैनीताल रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां डॉक्टरों ने सूर्यांश के फेफड़ों में पानी भरना और लीवर खराब होना बताया। शनिवार को डॉक्टरों ने सूर्यांश का ऑपरेशन किया, इसके बाद उसे होश नहीं आया और उसकी मौत हो गई।

### युवक की आत्महत्या के मामले में होटल मालिक पर रिपोर्ट

**बरेली :** बारादरी थाना में सेटेलाइट के पास एक होटल के मालिक पर कोर्ट के आदेश पर एक कर्मचारी की आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। युवक के भोजीपुरा निवासी भाई ने होटल मालिक पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। भोजीपुरा के घुरसमपुर निवासी मोहम्मद हसीब ने बताया कि उसके पिता सगीर अहमद ने मां को तलाक देकर दूसरी महिला से निकाह किया था। उनके सगे भाई मोहम्मद नदीम को पिता सगीर अहमद ने डेढ़ लाख रुपये में शाकिब सैफी निवासी नरियावल थाना बिथरी चैनपुर के पास गिरवी रख दिया था। शाकिब ने नदीम को अपने सेटेलाइट के पास स्थित होटल में काम करने के लिए बतौर बंधुआ मजदूर रख लिया। आरोप है कि शाकिब नदीम को परेशान करता था।

# अधिगृहित भूमि का पट्टा रद करने के मामले में याचिका खारिज

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रामपुर जिले में मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय की भूमि के पट्टे को रद करने के प्रदेश सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है।

न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने 18 दिसंबर 2023 को जौहर विश्वविद्यालय ट्रस्ट की याचिका सूचीबद्ध करने के कुछ दिनों बाद दोनों पक्षों को सुनने के बाद मामले को सुरक्षित कर लिया था। फैसले को सुरक्षित रखते हुए पीठ ने राज्य सरकार को शैक्षणिक सत्र 2023-24 के अंत तक रामपुर पब्लिक स्कूल के बच्चों के लिए हेल्पलाइन खुला रखने का निर्देश दिया था। राज्य सरकार ने प्रदेश के पूर्व मंत्री आजम खान के नेतृत्व वाले मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट को पट्टे की शर्तों के उल्लंघन का हवाला देते हुए 3.24 एकड़ भूमि का पट्टा रद कर दिया। सरकार की ओर से आरोप लगाया गया था कि मूल रूप से एक शोध संस्थान के लिए आवंटित भूमि पर एक स्कूल चलाया जा रहा है। सुनवाई के दौरान बिना कारण बताओं नोटिस के पट्टा रद करने के फैसले का बचाव करते हुए महाधिवक्ता ने विशेष जांच दल (एसआईटी) की उस रिपोर्ट का हवाला दिया जिसमें कहा गया कि लीज रद करने से पूर्व याची ट्रस्ट को अपना पक्ष रखने के लिए पर्याप्त अवसर दिया गया। तत्कालीन कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खान द्वारा सरकारी जमीन के खुले आम दुरुपयोग के आधार पर पट्टा रद करने का फैसला लिया गया। हालांकि ट्रस्ट की ओर से अधिवक्ता ने तर्क दिया कि यूपी सरकार द्वारा लीज डीड को रद करने और संपत्ति को सील करने में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन किया गया है। अनुसंधान संस्थान के खिलाफ कार्यवाही करने से पहले समिति के किसी भी सदस्य ट्रस्ट को कोई भी नोटिस नहीं दिया गया। इसके साथ ही पट्टा रद करने और परिसर को सील करने का कारण स्पष्ट नहीं किया गया, जिसकी वजह से याची राज्य को जवाब दाखिल नहीं कर सका।

## दो बच्चों की मां को युवक से हुआ प्यार

**गजरौला, अमृत विचार :** दो बच्चों की मां को 20 साल के युवक से प्यार हो गया। वह बीते दिनों उसके साथ चली गई थी। इस पर पति ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। रविवार को पुलिस ने महिला को बरामद कर लिया। महिला ने थाने में जमकर हंगामा किया। बोली प्रेमी के साथ ही रहना है। महिला की उम्र करीब 37 वर्ष है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की जान-पहचान बिलारी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से थी। उसके दो बच्चे हैं। महिला के युवक से प्रेम संबंध हो गए। 11 मार्च को महिला प्रेमी के साथ घर से चली गई। रविवार को पुलिस ने महिला को बरामद कर लिया और थाने ले आई। उसका पति व बच्चे भी थाने पहुंच गए। महिला अपने प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ गई।

# एएनटीएफ और पुलिस ने पकड़ी 12 किलो अफीम

**संवाददाता, बिनावर (बदायूं)**

**अमृत विचार :** एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) की बरेली यूनिट ने ट्रक और कार में छिपाकर ले जाई जा रही 12 किलो अफीम बरामद की है। पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। बिनावर पुलिस ने तस्करों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेज दिया।

एएनटीएफ की बरेली यूनिट को लगातार सूचना मिल रही थी कि कुछ तस्कर झारखंड से अफीम लाकर प्रदेश में सप्लाई करते हैं। टीम तस्करों की तलाश में थी। सोमवार को सर्विलांस टीम ने बरेली की टीम को तस्करों के बिनावर क्षेत्र में होने की सूचना दी। इसके बाद सुबह करीब दस बजे एएनटीएफ की पुलिस उपाधीक्षक प्रतिमा सिंह टीम के साथ बदायूं पहुंची। लोकेशन ट्रेस होने के बाद टीम और बिनावर पुलिस ने घेराबंदी की। भमोरा मार्ग स्थित शिवदेवी मंदिर के पास ट्रक से एक और एक कार से चार तस्करों को पकड़ा। तस्करों ने अपना नाम जिला बरेली के थाना भमौरा क्षेत्र के गांव गहारा निवासी विकास राजपूत पुत्र महेंद्र पाल, गांव हररामपुर निवासी समशुल हक पुत्र खुशी मोहम्मद, बरेली के थाना सिरौली क्षेत्र के गांव बरसेर निवासी वीरेंद्र पाल वर्मा पुत्र मूलचंद्र, थाना विशारतगंज क्षेत्र के गांव मझगवां निवासी साजिद हुसैन उर्फ सद्दाक और झारखंड के थाना लातेहर क्षेत्र के गांव तरबाड़ी निवासी मोहम्मद शमीम अंसारी पुत्र मोहम्मद शोएब अंसारी बताया।

# बद्रीनाथ के भव्य स्वरूप का भी वर्णन करेंगे लोग

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में मठ और मंदिरों का गौरव बढ़ा है। काशी विश्वनाथ, केदारनाथ और उज्जैन के महाकाल मंदिर के बाद अब बद्रीनाथ धाम का भी ऐसा भव्य स्वरूप होने जा रहा है कि जिसका देश के लोग वर्णन करेंगे। शंकराचार्य ऐसी बात करें जिससे राष्ट्र का नुकसान न हो। यह बातें हरिद्वार के निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरी ने पत्रकारों से कही।

उन्होंने बताया कि अयोध्या के राम मंदिर के रामलला के पूजन से पहले प्रधानमंत्री ने 11 दिन का जो अनुष्ठान किया उसकी विधि उन्होंने ही दी थी। शंकराचार्य के विरोध पर उन्होंने कहा कि शंकराचार्य के मन में कोई व्यक्तिगत बात रही होगी तभी उन्होंने विरोध किया। उन्हें ऐसी बात नहीं कहनी चाहिए जिससे राष्ट्र और धर्म का विरोध हो। राम और कृष्ण सभी के हैं। विपक्ष के नेताओं को भी धर्म की बात करनी चाहिए। वह भी भगवा और तिरंगा के विरोध की बात न करें। कहा कि आचार्य प्रमोद कृष्णनन का बीजेपी से कोई संबंध नहीं था लेकिन कल्किधाम में शिला पूजन का निमंत्रण देने जब वह प्रधानमंत्री के पास गये तो प्रधानमंत्री ने निमंत्रण स्वीकार किया और शिला पूजन में भी शामिल हुए।

## हल्द्वानी क्रिकेटर्स बना टी-20 चैंपियन

**बरेली, अमृत विचार :** श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में साई एकेडमी बुलंदशहर को पांच विकेट से हराकर हल्द्वानी क्रिकेटर्स विजेता बना।

एसआरएमएस कॉलेज आफ इंजीनियरिंग स्थित श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में सोमवार को हल्द्वानी क्रिकेटर्स के कप्तान सौरभ रावत ने टॉस जीत कर साई क्रिकेट एकेडमी को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। साई क्रिकेट एकेडमी ने नौ विकेट खोकर 103 रन बनाए। जवाब में हल्द्वानी क्रिकेटर्स की टीम ने 15.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। विजेता और उप विजेता टीम को ट्रस्ट के चेयरमैन व संस्थापक देवमूर्ति, सचिव आदित्य मूर्ति, एसोसिएशन के अध्यक्ष सरफराज वली खां ने ट्राफी सौंपी।

# माधव नगर पहुंचने पर हुआ हर्षः पं. धीरेंद्र शास्त्री

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचारः** जहां सभी देवी-देवताओं के मंदिर हो, उस शहर का नाम मुरादाबाद नहीं, माधव नगर बोलने में हर्ष की अनुभूति होगी। बोलो जय श्रीराम। जी हां, यही शब्द सोमवार को हनुमंत कथा में महानगर पहुंचे पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बोलकर श्रद्धालुओं में भगवामय की उमंग जगा दी। उनके महानगर को संबोधित करते ही पंडाल में जय श्रीराम के जयकारे गूंजने लगे। कथा पंडाल में धीरेंद्र शास्त्री की एक झलक देखने व सुनने को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। हर ओर बस भगवा ही भगवा देखने को मिला।

बाबा नीब करौरी आश्रम ट्रस्ट और लोहिया मानव कल्याण ट्रस्ट के तत्वावधान में हनुमंत कथा एवं दिव्य दरबार की शुरुआत सोमवार से हुई। इसमें बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने श्री हनुमंत कथा की अमृतवर्षा की। इसे अपने जीवन का सबसे खास अवसर बनाने के लिए दोपहर 11 बजे से ही श्रद्धालु नया मुरादाबाद स्थित पंडाल में पहुंचे शुरू हो गए। 4.12 मिनट पर पंडाल में लगी एलईडी पर श्रद्धालुओं को पं. धीरेंद्र शास्त्री दिन में पहली बार कार से उतरते दिखाई दिए। जैसे वह कार से उतरे माहौल भक्तिमय हो गया। पंडाल में जय श्रीराम के जयकारे लगाए गए। 4.14 मिनट पर धीरेंद्र शास्त्री मंच पर आए और श्रद्धालुओं का हाथ जोड़कर अभिनंदन किया।

## पूर्व मीडिया प्रभारी पर जानलेवा हमला

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी क्षेत्र में रविवार रात जमात रजा-ए-मुस्तफा के पूर्व मीडिया प्रभारी समरान पर जानलेवा हमला कर दिया। इसमें उनके साथ जा रहे दो दोस्त घायल हो गए। सीओ तृतीय अनिता चौहान और थाना प्रभारी अमित पांडे ने मौके पर जाकर सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो घटना संदिग्ध लगी। पुलिस ने मामले में सात अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सैलानी निवासी समरान खान ने बताया कि वह जमात रजा-ए-मुस्तफा दरगाह आला हजरत के पूर्व मीडिया प्रभारी हैं। रविवार को वह अपने तीन दोस्तों के साथ बाकरगंज जा रहे थे। वह जब शहामतगंज में पहुंचे कि तभी वहां मौजूद सात युवकों ने उनपर बजरी फेंक दी।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 72,748.42 | 22,055.70 |
| बढ़त | 104.99 | 32.35 |
| प्रतिशत में | 0.14 | 0.15 |



अमृत विचार
www.amritvichar.com
हल्द्वानी, मंगलवार, 19 मार्च 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1125 बोल्ड 1180 डीएमओ 890।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1910, राज श्री 1420, फ़ॉर्चून कि. 1860, रविन्द्रा 1875, फॉर्चुन ली0 1710, जय जवान 1495, सचिन 1630, सूरज 1520, अवसर 1680, राग गोल्ड 1730, गृहणी 1605, क्लासिक (किलो) 1790, मोर 1640, चक्र टिन 1725, ब्लू 1725, आशीर्वाद मस्टर्ड 1750, स्वास्तिक 1880, **किराना (प्रतिकु.)**-हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7150-7700, मलका छाँटी 7300, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10500, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9700-11500, सच्चा हीरा 11700, मोटा हीरा 12700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15200, **चीनी** - डालमियां 3980, पीलीभीत 3960, नवाबगंज (नई) 3950, बहेड़ी (नई) 3960 रुपये।

# तत्काल सहायता में क्षतिपूर्ति का फार्मूला फेल

## 2 व 3 मार्च को बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों का कंपनी नहीं कर पाई आकलन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- निर्धारित समय बीता, क्लेम बचाने के गुणा-भाग में उलझे



**अमृत विचार :** प्रदेश में 2 व 3 मार्च को बारिश और ओलावृष्टि से नुकसान बीमित रबी की फसलों का क्लेम तो दूर कंपनियां तय समय पर आकलन नहीं कर पाई हैं। जबकि किसानों ने टोलफ्री नंबर पर 72 घंटे के अंदर कॉल कर आठ हजार से अधिक व्यक्तिगत दावे किए थे, जो ''प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना'' की गाइडलाइन के अनुसार 15 दिन के अंदर सर्वे कर क्लेम तय करना है। लेकिन, इससे अधिक समय बीतने पर भी कंपनियों ने कृषि विभाग को किसी तरह की रिपोर्ट नहीं दी है।

गौरतलब है कि कंपनी ने कितने दावे आए और कितने निरस्त हुए यह भी नहीं बताया है। नियम में यह है कि आपदा की स्थिति में नुकसान पर 25 फीसद क्षतिपूर्ति राशि फार्मूला लगाकर तत्काल सहायता के रूप में 30 दिन में जाती है और शेष राशि फसल कटाई के दौरान।

**तो समय से कॉल करने पर देरी क्यों:** एक सीजन की फसल का बीमा कराने पर आपदा के समय व्यक्तिगत दावा और न होने पर अंत में क्रॉप कटिंग यानी कटाई पर क्लेम मिलता है। आपदा की स्थिति में जितना नुकसान उतने किसानों को उतनी क्षतिपूर्ति मिलती है। इसमें कंपनियों को नुकसान होता है। जबकि क्रॉप कटिंग में खेत चिह्नित कर कटाई में निकली उपज की तौल के आधार क्लेम तय होता है। इसी आधार पर आसपास के बीमित किसानों को भुगतान किया जाता है। जबकि इसमें किसानों को घाटा होता है।

### राजस्व की रिपोर्ट का करते रहे इंतजार

आपदा के समय राजस्व विभाग आर्थिक सहायता के लिए पूरे गांव का सर्वे करता है। जबकि बीमा कंपनी सिर्फ बीमित किसानों का। कहा जाता है कि एक-दूसरे में अंतर न आए इसलिए कंपनी राजस्व की रिपोर्ट का इंतजार करतीं हैं और क्लेम बचाती है। इधर, व्यक्तिगत दावों का निस्तारण नहीं हो पाया है और बुंदेलखंड व अन्य क्षेत्र में क्रॉप कटिंग होने लगी है। जहां, लेखपाल अधिक क्लेम के लिए ज्यादा नुकसान दर्शा रहे हैं। इसका मतलब यह है कि इस मामले में झोल ही झोल है।

> कंपनियों ने सर्वे कर लिया है। लेकिन, रिपोर्ट नहीं दी है। इसके लिए 10 दिन का समय मांगा है। रिपोर्ट का परीक्षण भी करेंगे। यदि नुकसान हुआ है तो किसानों को पारदर्शिता से क्लेम मिलेगा।
>
> **-उमा शंकर सिंह,** उपनिदेशक, फसल बीमा एवं सांख्यिकी, कृषि निदेशालय।

## आईटी क्षेत्र में अगले वित्त वर्ष में 3 से 5% वृद्धि का अनुमान

**मुंबई।** भारत के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र के राजस्व में अगले वित्त वर्ष (2024-25) में तीन से पांच प्रतिशत तक वृद्धि होने की संभावना है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को यह अनुमान जताया। इसके साथ ही इक्रा रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि आईटी क्षेत्र में वृद्धि दर की रफ्तार बढ़ने तक भर्तियां निकट अवधि में 'सुस्त' बनी रहेंगी। हालांकि राजस्व वृद्धि पर चिंताओं के बीच कंपनियों की लाभप्रदता मजबूत रहने की उम्मीद जताई गई है। इसके मुताबिक, 250 अरब डॉलर के भारतीय आईटी क्षेत्र के लिए परिचालन लाभ मार्जिन वित्त वर्ष 2024-25 में 21-22 प्रतिशत के स्वस्थ स्तर पर आ जाएगा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष (2023-24) के पहले नौ महीनों में उद्योग की राजस्व वृद्धि सिर्फ दो प्रतिशत रही है।

## बीमा क्षेत्र में आया 54,000 करोड़ रुपये का विदेशी निवेश : जोशी

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्तीय सेवा सचिव विवेक ने 9 साल के बारे में दी जानकारी



वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने कहा है कि विदेशी पूंजी के प्रवाह संबंधी मानदंडों को अधिक उदार बनाने से बीमा क्षेत्र में पिछले नौ साल में करीब 54,000 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया है।

जोशी ने बातचीत में कहा कि सरकार ने बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा को 26 प्रतिशत से बढ़ाकर वर्ष 2015 में 49 प्रतिशत और फिर 2021 में संशोधित कर 74 प्रतिशत कर दिया था। उन्होंने कहा कि सरकार ने बीमा मध्यस्थ कंपनियों के लिए स्वीकृत एफडीआई सीमा को वर्ष 2019 में बढ़ाकर 100 प्रतिशत कर दिया था। उन्होंने कहा कि सरकार के इन कदमों से दिसंबर, 2014 से जनवरी, 2024 के बीच बीमा कंपनियों में कुल 53,900 करोड़ रुपये का एफडीआई प्राप्त हुआ। जोशी ने कहा कि इस अवधि में जनवरी, 2024 तक बीमा क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों की संख्या 53 से बढ़कर 70 हो गई। उन्होंने कहा कि बीमा उत्पादों की पहुंच वित्त वर्ष 2013-14 में 3.9 प्रतिशत थी, जो बढ़कर वित्त वर्ष 2022-23 में चार प्रतिशत हो गई। वहीं बीमा घनत्व 2013-14 के 52 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2022-23 में 92 डॉलर हो गया।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 74,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,100 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 50,000-50,250 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,750 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,600 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 75,000 |
| चांदी तैयार | 75,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,500 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,500 |
| चांदी पक्की | 738 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,800 |
| चांदी आभूषण | 75,000। |

## हल्द्वानी मंडी

**चावल**-शरबती 105 मसूरी 94 बासमती 140, **दाल दलहन**-काला चना 102 साबुत चना दाल 97 मूंग साबुत 96-120 राजमा- 155 दाल उड़द 120 साबुत मसूर दाल 70 मसूर दाल-109 उड़द साबुत 113 काबुली चना 72-140 अरहर दाल 155 लोबिया/करमानी- 84 सोयाबीन 44-60 मूंगफली 77 मटर (सूखी) 49-61 मक्का 18 रुपये।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द :110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

## चीनी का उत्पादन मामूली गिरावट के साथ 280.79 लाख टन रहा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का शुद्ध चीनी उत्पादन अक्टूबर, 2023 में शुरू हुए चालू विपणन वर्ष में 15 मार्च तक मामूली गिरावट के साथ 280.79 लाख टन रह गया है। सोमवार को जारी व्यापार आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक चलता है।

भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने बयान में कहा-मौजूदा 2023-24 सत्र में 15 मार्च, 2024 तक चीनी का उत्पादन 280.79 लाख टन पर पहुंच गया। पिछले साल इसी तारीख में यह आंकड़ा 282.60 लाख टन रहा था। इस साल 15 मार्च को चालू कारखानों की संख्या 371 थी, जबकि पिछले साल इसी दिन 325 मिलें परिचालन में थीं। उत्तर प्रदेश में समीक्षाधीन अवधि में चीनी का उत्पादन पूर्व के 79.63 लाख टन के मुकाबले 88.40 लाख टन हुआ। महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन 101.92 लाख टन से मामूली गिरावट के साथ 100.50 लाख टन रह गया, जबकि कर्नाटक में यह 53.50 लाख टन से घटकर 47.55 लाख टन रह गया है।

## स्टार्टअप नीति अंतर-मंत्रालयी चर्चा के अंतिम चरण में

नई दिल्ली, एजेंसी

- डीपीआईआईटी सचिव राजेश बोले-इसे जल्द लागू किया जाएगा



सघन प्रौद्योगिकी स्टार्टअप के लिए नीति अंतर-मंत्रालयी चर्चा के अंतिम चरण में है और इसे जल्द ही लागू किया जाएगा। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने यहां स्टार्टअप महाकुंभ में कहा कि स्टार्टअप इकाइयों को देश और स्वयं के लाभ के लिए अपने नवोन्मेषण को बौद्धिक संपदा अधिकारों में बदलना चाहिए। व्यापक अनुसंधान एवं विकास के जरिए ऐसा किया जा सकता है।

सिंह ने कहा-भारत सरकार एक अलग सघन प्रौद्योगिकी स्टार्टअप नीति बना रही है। नीति का मसौदा अब अंतर-मंत्रालयी चर्चा के अंतिम चरण में है। हमें उम्मीद है कि इसे जल्द लाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हम एक बड़ा कोष बनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उम्मीद है कि आप सघन प्रौद्योगिकी स्टार्टअप के लिए अलग व्यवस्था देखेंगे। प्रधानमंत्री की विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सलाहकार परिषद (पीएम-एसटीआईएसी) ने सात जुलाई, 2022 को अपनी 21वीं बैठक में इस संबंध में एक व्यापक नीतिगत ढांचे का प्रस्ताव दिया था और एक कार्यसमूह के गठन की सिफारिश की थी। राजेश सिंह ने कहा कि अंतरिम बजट में अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) के लिए एक लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा-हमें उम्मीद है कि डीपीआईआईटी कारोबार क्षेत्र और स्टार्टअप समुदाय के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभा सकता है।



# शक्ति का हर उपासक देगा विपक्ष को जवाब: मोदी

## तेलंगाना की चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर किया वार

शिवमोगा (तेलंगाना), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) पर हिंदू धर्म में समाहित 'शक्ति' के विनाश का ऐलान करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में नारी और शक्ति का हर उपासक उसे (विपक्ष को) इसका जवाब देगा। यहां एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, ''कल मुंबई में इंडी गठबंधन की तरफ से एक खुला ऐलान किया गया है। वे लोग हिंदू धर्म में समाहित शक्ति को समाप्त करना चाहते हैं। हिंदू समाज जिन्हें शक्ति मानता है, उस शक्ति के विनाश का उन्होंने ऐलान कर दिया है। अगर शक्ति विनाश का उनका ऐलान है तो शक्ति उपासना का मेरा भी ऐलान है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के समापन के अवसर पर मुंबई के शिवाजी पार्क में आयोजित एक रैली में कहा था, ''हिंदू धर्म में शक्ति शब्द होता है। हम शक्ति से लड़ रहे हैं... एक शक्ति से लड़ रहे हैं। अब सवाल उठता है कि वह शक्ति क्या है?

शिवमोगा की रैली में मोदी ने कहा-मैं जब सार्वजनिक जीवन में आया... जब मैंने अपने समय का पल-पल और शरीर का कण-कण लोगों की सेवा के लिए समर्पित करने का संकल्प लिया तो मुझे इसी शक्ति ने ऊर्जा दी। आज भी मैं शक्ति की उपासना करता हूं, देश के कोटि-कोटि लोग हिंदू धर्म की इस शक्ति के उपासक हैं। मेरे लिए देश की नारी शक्ति, इसी शक्ति का प्रतिबिंब है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आरोप लगाया कि 'इंडी अलायंस' के लोग इस 'शक्ति' को 'कुचलना और तबाह' करना चाहते हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने कोयंबटूर में रोड शो किया



**कोयंबटूर।** प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को यहां रोड शो किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगातार 'मोदी, मोदी' के नारे लगाए और पारंपरिक संगीत की धुन बजाकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। जैसे ही मोदी ने एक खुले वाहन में अपना रोड शो शुरू किया, सड़क के दोनों ओर जमा हुए लोगों ने उन पर फूल बरसाए और उनके समर्थन में नारे लगाए। रोड शो के दौरान कुछ लोग उत्साहपूर्वक झूमते नजर आए। यह पहली बार है, जब प्रधानमंत्री ने कोयंबटूर में रोड शो किया है।

## मेडिकल की छात्रा ने प्रोफेसर पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** मेडिकल की एक 22 वर्षीय छात्रा ने आरोप लगाया है कि मौखिक परीक्षा के दौरान उसके प्रोफेसर ने उसका यौन उत्पीड़न किया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। शिकायतकर्ता के मुताबिक वह एक सरकारी अस्पताल में 2021 बैच की एमबीबीएस छात्रा है। प्राथमिकी में कहा गया, औषधि शास्त्र विभाग में 31 जनवरी को हमारी मौखिक परीक्षा आयोजित की गई थी। दोपहर मुझे मौखिक परीक्षा के लिए औषधिशास्त्र के एक सहायक प्रोफेसर के सामने उपस्थित होना था। प्रोफेसर ने कुर्सी अपने नजदीक रखी हुई थी, जबकि विधार्थी शिक्षक के सामने वाली कुर्सी पर बैठते हैं। कहा कि प्रोफेसर ने उन्हें कुछ कागज दिए और वह अनुचित तथा अप्रासंगिक सवाल पूछे थे।

# बढ़ेंगी सरकारी विज्ञापनो की दरें

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- सूचना सचिव संतोष जाजू का अखबार मालिकों को आश्वासन
- रेट स्ट्रक्चर समिति ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी

**अमृत विचार:** प्रिंट मीडिया के सरकारी विज्ञापनों की दरों में वृद्धि के संकेत मिले हैं। सोमवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संतोष जाजू एवं इंडियन न्यूजपेपर सोसायटी के अध्यक्ष राकेश शर्मा के बीच हुई वार्ता के बाद समाचार पत्र एवं मैगजीन जगत में उक्त आशय की उम्मीद जगी है।

प्रिंट मीडिया की विज्ञापन दरों में वृद्धि करने के लिए केंद्र सरकार ने अतिरिक्त सचिव जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में रेट स्ट्रक्चर समिति का गठन किया था। सिन्हा समिति ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। समिति ने प्रिंट मीडिया के छोटे-बड़े सभी घरानों के नुमाइंदों से अलग-अलग बात की थी, जिसमें ज्यादातर प्रकाशन समूहों ने आर्थिक तंगी का हवाला दिया था। जिसमें न्यूज़ प्रिंट के दामों में वृद्धि, बिजली की दरों में हो रही वृद्धि एवं वेतन व परिवहन में आने वाले अतिरिक्त आर्थिक बोझ की जानकारी दी गई थी।

अखबार एवं मैगजीन के ज्यादातर मालिक आईएनएस के मध्यम से विज्ञापन की वर्तमान दरों में कम से कम 25 प्रतिशत की वृद्धि किए जाने की मांग कर रहे हैं। उनका तर्क है कि 5 वर्ष में मुद्रण की लागत कई गुना बढ़ गई है। वेतन में भी वृद्धि हुई है और अखबारों के मूल्य में कोई वृद्धि नहीं की गई है और न ही विज्ञापन दरों में सरकार ने कोई वृद्धि की है। कोरोना के समय में प्रिंट मीडिया को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। जिसकी वजह से प्रिंट मीडिया के समक्ष कई तरह के आर्थिक संकट पैदा हो गए हैं। सरकार ने उक्त मांगों पर अध्ययन करने के लिए जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था। जिसकी रिपोर्ट कई माह पूर्व सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को सौंप दी गई थी।

सूत्रों के मुताबिक उक्त रिपोर्ट में सरकारी विज्ञापन की दरें बढ़ाने की सिफारिश की गई है। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई तो आईएनएस के अध्यक्ष राकेश शर्मा ने सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर से सिन्हा समिति की रिपोर्ट को लागू करने की मांग की थी। मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक सोमवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में सचिव संतोष जाजू एवं आईएनएस अध्यक्ष राकेश शर्मा के बीच एक बैठक हुई। इस वार्ता के दौरान श्री शर्मा ने पांच पेज का एक मांग पत्र भी संतोष जाजू को दिया है।

## एक नजर

### राजस्थान के सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**जयपुर।** दिल्ली-अजमेर राजमार्ग पर सोमवार को सुबह एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार, यह हादसा सोमवार को सुबह चंदवाजी इलाके में हुआ जब एक कार राजमार्ग पर खड़े ट्रक से जा टकराई। कार में सवार लोग नागौर जिले से शाहपुरा जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि इस घटना में पवन कुमार, संजना देवी, कपूरी देवी और मोनिका की मौत हो गई।

### इनामी नक्सली दंपति ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में इनामी नक्सली दंपति ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया है। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सुकमा जिले के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों की किस्टाराम एरिया कमेटी की कृषि शाखा के अध्यक्ष सोड़ी सुक्का उर्फ सोड़ी कोसा (45) और उसकी पत्नी सोड़ी सुक्की (37) ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि नक्सली कोसा के सर पर पांच लाख रुपए और सुक्की के सिर पर दो लाख रुपए का इनाम घोषित है।

## नकली दवाओं के मामले में ईडी ने दिल्ली एनसीआर में 10 स्थानों पर छापे मारे

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कैंसर की नकली दवाओं का उत्पादन और बिक्री करने वाले गिरोह से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में कई स्थानों पर सोमवार को छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। संघीय एजेंसी ने कुल 10 स्थानों पर छापे मारे और दो स्थानों से लगभग 65 लाख रुपये नकद बरामद किए। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने कैंसर और कीमोथेरेपी दवाओं के उत्पादन और उनकी दिल्ली-एनसीआर के कुछ अस्पतालों में बिक्री में कथित रूप से शामिल एक संगठित आपराधिक गिरोह की जांच के लिए मामला दर्ज किया है। प्रवर्तन निदेशालय ने इसी मामले का संज्ञान लेते हुए धनशोधन का मामला दर्ज किया।

## बिचौलिए मिशेल जेम्स की जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

**अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला मामला**

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला मामले में एक कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की नई जमानत याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। सीबीआई और ईडी द्वारा 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टरों की खरीद से संबंधित 3,600 करोड़ रुपये के इस कथित घोटाले के मामलों में जांच की जा रही है। यह तर्क दिया गया कि जेम्स पर प्रत्यर्पण आदेश में उल्लिखित अपराधों के अलावा किसी अन्य अपराध के तहत आरोप नहीं लगाया जा सकता है और उसे विशेषज्ञता के सिद्धांत का लाभ दिया जाना चाहिए।

दुबई से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद उसे दिसंबर 2018 में गिरफ्तार किया गया था। पीठ के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने पूछा है कि आप इस मामले में अनुच्छेद 32 (संविधान के प्रावधानों में से एक जो मौलिक अधिकारों को लागू करने के लिए उच्चतम न्यायालय जाने का अधिकार देता है) के तहत याचिका कैसे दायर कर सकते हैं?

# भाजपा कोर कमेटी में कानपुर से गैर ब्राह्मण उम्मीदवार पर चर्चा

नई दिल्ली, ब्यूरो



सतीश महाना।



अजय कपूर।

- उप्र विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना भी मांग रहे टिकट
- विधायक रहे अजय कपूर के नाम का भी हुआ है जिक्र

**अमृत विचार:** कानपुर संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार तय करने के लिए भाजपा कोर कमेटी में किसी गैर ब्राह्मण उम्मीदवार पर भी चर्चा की गई है। जिसमें हाल ही में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए तीन बार के विधायक रहे अजय कपूर के नाम का जिक्र भी हुआ है। कांग्रेस ने यहां से आलोक मिश्रा एवं बसपा ने किसी क्षत्रिय उम्मीदवार को मैदान में उतारा है।

उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना भी कानपुर से टिकट मांग रहे हैं। वह आठ बार से विधानसभा का चुनाव जीत रहे हैं। महाना को भाजपा ने 2009 में लोकसभा का टिकट दिया था लेकिन वे 17 हजार मतों से हार गए थे। उन्होंने कोर कमेटी के सदस्यों के पास 2009 में प्राप्त मतों का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया है। जिसके तहत उन्हें 1,96,000 से ज्यादा मत मिले थे और कांग्रेस के श्री प्रकाश जायसवाल को करीब 2,14, 000 मत मिले थे। जबकि बहुजन समाज पार्टी से सुखदा मिश्रा को करीब 48000 मत मिले थे।

सूत्रों के मुताबिक महाना ने यह लेखा-जोखा इसलिए प्रस्तुत किया है क्योंकि 2009 के मुकाबले 2024 में भाजपा की स्थिति बहुत ज्यादा मजबूत हुई है। ब्राह्मण बाहुल्य कानपुर सीट से कांग्रेस ने आलोक मिश्रा का नाम लगभग तय कर दिया है। उसके बाद से ही महाना ने अपना दावा और मजबूती से पेश किया है। कोर कमेटी को यह भी बताया गया है कि यदि महाना के स्थान पर कांग्रेस से आए अजय कपूर को टिकट मिलता है तो वह भी अच्छा चुनाव लड़ेंगे, क्योंकि कानपुर में पंजाबियों का ठीक-ठाक वोट बैंक है। वह किदवई नगर जैसे ब्राह्मण बाहुल्य विधानसभा क्षेत्र से विधायक भी चुने जा चुके हैं। महाना और अजय कपूर आपस में रिश्तेदार भी हैं।सूत्रों के मुताबिक कोर कमेटी के समक्ष कानपुर के सांसद सत्यदेव पचौरी ने अपनी बेटी एवं बैरिस्टर नरेंद्रजीत सिंह के परिवार की बहू नीतू सिंह को टिकट दिए जाने का दावा पेश किया है।

### भाजपा की तीसरी सूची आज जारी होने की संभावना

उत्तर प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र के उम्मीदवारों का नाम तय करने के लिए भाजपा कोर कमेटी की बैठक देर रात तक जारी रही। इस कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर मंगलवार को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होगी और उसी दिन शाम तक उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी होने की संभावना है।कोर कमेटी ने उत्तर प्रदेश के गैर विवादित संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवारों के नाम लगभग तय कर दिए हैं। लेकिन केंद्रीय चुनाव समिति ही इन नाम पर अंतिम फैसला लेगी। कोर कमेटी से प्राप्त नामों को अंतिम रूप देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह संगठन महासचिव बीएल संतोष, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कर्नाटक के पूर्व मुख्य मंत्री बीएस येदुरप्पा, ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. के लक्ष्मण, संसदीय बोर्ड के सदस्य डा. इकबाल सिंह लालपुरा व डा. सत्यनारायण जटिया, महाराष्ट्र के देवेंद्र फडणवीस एवं महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वनाथी श्रीनिवासन सहित अन्य सदस्य मंगलवार को विचार विमर्श करेंगे।

## विदेशी छात्रों पर हमले से संबंधित मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

अहमदाबाद, एजेंसी

- गुजरात विश्वविद्यालय के छात्रावास में हुई थी घटना



गुजरात विश्वविद्यालय के छात्रावास में नमाज पढ़ने को लेकर विदेशी छात्रों पर हुए हमले के सिलसिले में पुलिस ने कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि विश्वविद्यालय ने विदेशी छात्रों को दूसरी जगह स्थानांतरित करने और सुरक्षा के लिए पूर्व सैन्यकर्मियों की सेवाएं ली हैं। जांच और सभी हमलावरों की पहचान करने के लिए नौ टीम गठित करने वाली पुलिस ने हितेश मेवाड़ा और भरत पटेल की शुरुआती गिरफ्तारियों के बाद सोमवार को तीन और लोगों क्षितिज पांडे, जितेंद्र पटेल और साहिल दुधातिया को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने कहा कि इसके साथ ही गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या पांच हो गई है, शेष आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। शनिवार को हुई इस घटना के बाद विश्वविद्यालय ने विदेशी छात्रों को एक नए विंग में स्थानांतरित कर दिया है और सुरक्षा के लिए पूर्व सैनिकों की सेवाएं ली हैं। इसके अलावा एक विदेशी छात्र सलाहकार समिति की स्थापना की गई है। गुजरात विश्वविद्यालय की कुलपति नीरजा गुप्ता ने विदेश अध्ययन कार्यक्रम के समन्वयक और एनआरआई छात्रावास वार्डन को तत्काल हटाने की घोषणा की। पुलिस उपायुक्त तरुण दुग्गल ने कहा कि हमले में शामिल शेष संदिग्धों की पहचान करने के लिए तकनीकी निगरानी और अन्य तरीकों का इस्तेमाल करते हुए गहन जांच की जा रही है। पुलिस ने दंगा, स्वेच्छा से नुकसान पहुंचाने और आपराधिक कृत्य समेत विभिन्न आरोपों में 20-25 अज्ञात हमलावरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के अनुसार ए-ब्लॉक छात्रावास में विदेशी छात्रों के साथ हुई मारपीट की घटना के बाद श्रीलंका और ताजिकिस्तान के दो छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इन घटनाक्रमों के बीच गुजरात उच्च न्यायालय ने मामले में जांच एजेंसी के तौर पर हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए कहा कि हर मामला ऐसा नहीं होता कि उसमें जनहित याचिका दायर कर दी जाए।





# इस सत्र में मैंने खुद पर विश्वास करना सीखा : मंधाना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

स्मृति मंधाना का आत्मविश्वास पिछले साल दबाव की स्थिति में डगमगा गया था, लेकिन इस सत्र में वह मानसिकता को मजबूत करने में सफल रही, जिससे वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को पहला खिताब जीतने में सफल रहीं। आरसीबी ने कम स्कोर वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) फाइनल में दिल्ली को तीन गेंद रहते 8 विकेट से हराकर दूसरे सत्र का खिताब जीता।

मंधाना ने कहा कि वह पिछले सत्र से अब तक कप्तान और खिलाड़ी के रूप में परिपक्व हुई हैं। इस सत्र में मैंने खुद पर विश्वास करना सीखा। पिछले साल मैं पिछड़ रही थी, जिसका खामियाजा भुगतना पड़ा था। मुझे खुद पर कुछ चीजों को लेकर संदेह था, लेकिन वह मेरे दिमाग की वास्तविक बातचीत थी, मुझे खुद पर भरोसा रखने की जरूरत है और मुझे लगता है कि यह मेरे लिए सबसे बड़ी सीख थी। दिल्ली ने शेफाली वर्मा (44) और कप्तान मेग लैनिंग (23) की मदद से 43 गेंद में बिना विकेट गंवाए 64 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की, लेकिन इसके बाद टीम ने महज 49 रन में सभी विकेट गंवा दिए। आसीबी ने तीन गेंद शेष रहते 8 विकेट से मैच को अपने नाम किया। मंधाना ने इस दौरान युवा स्पिनर श्रेयंका पाटिल की तारीफ की जिन्होंने फाइनल में 4 विकेट चटकाए। इस कप्तान ने कहा कि श्रेयंका बहुत शानदार रही हैं। पहले तीन चार मैच उनके अनुकूल नहीं रहे। वह क्षेत्रीय टूर्नामेंट खेल कर आई थी, जिसमें उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं था। मुझे उससे बातचीत याद है जब मैंने कहा था कि चिंता मत करो 17 मार्च को तुम खास करने जा रही हो, मुझे क्या पता था कि ऐसा होगा और उसे पर्पल कैप मिलेगी।



### दूसरे सत्र को जीतने वाली मैं दूसरी भारतीय कप्तान हूं

दूसरे सत्र में मंधाना ने ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि हरमनप्रीत कौर ने लीग के पहले सत्र में मुंबई को खिताब दिलाया था। मंधाना ने कहा कि पिछले साल जब मुंबई और दिल्ली फाइनल में खेल रहे थे, तो कहीं न कहीं मुझे उम्मीद थी कि हरमन इसे जीत लेगी। मैं खुद चाहती थी कि पहला सत्र कोई भारतीय कप्तान जीते। अगर मैं नहीं तो यह हरमनप्रीत को जीतना चाहिए। मैं हरमन और मुंबई की टीम के लिए वास्तव में खुश थी। मंधाना ने कहा कि टूर्नामेंट के दूसरे सत्र को जीतने वाली मैं दूसरी भारतीय कप्तान हूं। यह वास्तव में दिखाता है कि भारतीय क्रिकेट में कितनी प्रतिभा है और यह तो बस शुरुआत है, हमें अभी लंबा रास्ता तय करना है। आरसीबी पुरुष टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने भी इस जीत के बाद वीडियो कॉल कर मंधाना और पूरी टीम को बधाई दी। मंधाना ने कहा कि कोहली क्या कह रहे थे, मुझे कुछ सुनाई नहीं दिया क्योंकि वहां बहुत ज्यादा शोर था। उन्होंने 'थम्स अप' किया और मैंने भी 'थम्स अप' के साथ जवाब दिया। वह वास्तव में बहुत खुश लग रहे थे और उनके चेहरे पर बड़ी मुस्कान थी। मंधाना ने कहा कि मुझे याद है कि वह पिछले साल आए थे और उन्होंने हमारी टीम के साथ बातचीत की थी।

# कुश्ती की तदर्थ समिति को आईओए ने किया भंग, डब्ल्यूएफआई ने लिया जिम्मा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निलंबन हटाने और उसे पूर्ण प्रशासनिक नियंत्रण मिलने के बाद कुश्ती की तदर्थ समिति को भंग कर दिया। आईओए ने कहा कि राष्ट्रीय महासंघ के निलंबन रद होने के बाद खेल के संचालन के लिए तदर्थ समिति की 'कोई जरूरत नहीं' है।

आईओए ने कहा कि तदर्थ समिति ने डब्ल्यूएफआई के सहयोग से अगले महीने के ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिए चयन ट्रायल का सफल आयोजन किया है। खेल मंत्रालय ने दिसंबर में डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर तदर्थ समिति का गठन किया था। उनका यह दाव हालांकि उस समय उलटा पड़ गया जब इस खेल की वैश्विक संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू (यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग) ने फरवरी में डब्ल्यूएफआई से निलंबन हटा दिया। आईओए ने 10 मार्च को जारी आदेश में कहा था कि माननीय दिल्ली हाईकोर्ट के निर्देश पर तदर्थ समिति को भंग करने का निर्णय डब्ल्यूडब्ल्यू द्वारा भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगे प्रतिबंध को हटाने और आईओए द्वारा नियुक्त समिति द्वारा चयन ट्रायल के सफल समापन को देखते हुए लिया गया है।

डब्ल्यूएफआई प्रमुख संजय सिंह ने चुनाव में जीत दर्ज करने वाली समिति को राष्ट्रीय महासंघ के संचालन का जिम्मा देने के लिए आईओए का शुक्रिया किया। उन्होंने कहा कि हम डब्ल्यूएफआई का पूर्ण नियंत्रण देने के लिए आईओए को धन्यवाद देते हैं। हम पहलवानों को सुविधाएं देंगे। हम जल्द ही राष्ट्रीय शिविर आयोजित करेंगे और अगर पहलवान विदेश में अभ्यास करना चाहते हैं तो हम यह सुविधा देंगे। पूरा ध्यान ओलंपिक पर है। उम्मीद कर रहे हैं कि हमारे पांच-छह पहलवान क्वालिफाई करेंगे।

## खेल डायरी

### अल्कराज ने मेदवेदेव को हराकर खिताब का किया बचाव



**इंडियन वेल्स (कैलिफोर्निया), एजेंसी।** गत चैंपियन कार्लोस अल्कराज ने बीएनपी परिबास ओपन टेनिस के पुरुष एकल फाइनल में डेनियल मेदवेदेव को 7-6, 6-1 से हराकर पिछले साल विंबलडन चैंपियन बनने के बाद पहला खिताब जीता। अल्कराज यहां दाहिने टखने में चोट के साथ पहुंचे थे। उनके पूरे टूर्नामेंट में खेलने को लेकर संदेह था, लेकिन वह लगातार दूसरे साल चैंपियन बनने में सफल रहे। इगा स्वियातेक ने महिलाओं के फाइनल में मारिया सककारी को 6-4, 6-0 से शिकस्त दी। स्वियातेक ने इस 12 दिवसीय टूर्नामेंट के दौरान छह मैचों में केवल 21 गेम गंवाए। अल्काराज को फरवरी में रियो ओपन के दौरान चोट लगी थी। उन्होंने कहा कि मैं हर मैच के बाद बेहतर महसूस कर रहा था। मेरा आत्मविश्वास बढ़ता जा रहा था।

### एमबापे की हैट्रिक, पीएसजी ने मोंटपेलियर को रौंदा

**पेरिस, एजेंसी।** किलियन एमबापे की हैट्रिक की मदद से पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने लीग वन फुटबॉल में मोंटपेलियर को 6-2 से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही पीएसजी ने फ्रांस की शीर्ष लीग की तालिका में पहले स्थान पर अपनी स्थिति और मजबूत करते हुए ब्रेस्ट पर 12 अंक की बढ़त बना ली। एमबापे ने मैच के 22वें मिनट में अपना पहला गोल दागा। उन्होंने दूसरे हाफ में दो गोल किये जिससे पीएसजी के लिए उनके गोल की संख्या 250 हो गई। वह 24 गोल के साथ सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी है। वितिन्हा ने मैच में पीएसजी का खाता खोला जबकि ली कांग-इन और नूनो मेंडेस ने भी गोल किए।

### ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय पुरुष टीम घोषित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को छह अप्रैल से ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में शुरु होने वाले पांच मैचों के टूर्नामेंट के लिए 27 सदस्यीय पुरुष टीम की घोषणा की। शीर्ष ड्रैगफ्लिकर और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। टीम की उप कप्तानी मिडफील्डर हार्दिक सिंह करेंगे। ओलंपिक के लिए टीम का एक लिटमस टेस्ट होगा। पीआर श्रीजेश, कृष्ण बी पाठक, सूरज करकेरा, हरमनप्रीत सिंह, अरजीत सिंह हुंदल, मनदीप सिंह, दिलप्रीत सिंह, गुरजंत सिंह, हार्दिक सिंह, आकाशदीप सिंह, जुगराज सिंह, विष्णुकांत सिंह, राज कुमार पाल, ललित कुमार उपाध्याय, विवेक सागर प्रसाद, बॉबी सिंह धामी, नीलकंठ शर्मा आदि टीम में हैं।

# रोहित मेरा मार्गदर्शन करना जारी रखेंगे: पंड्या

## मुंबई को पांच खिताब दिलाने वाले रोहित की जगह पंड्या को बनाया गया है कप्तान

**मुंबई, एजेंसी**

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने कहा कि उनके पूर्ववर्ती रोहित शर्मा आईपीएल के इस सत्र में उनके मार्गदर्शक बने रहेंगे। दो सत्र में गुजरात टाइटन्स का नेतृत्व करने वाले पंड्या 2024 सत्र में मुंबई इंडियंस की अगुवाई करेंगे।

मुंबई इंडियंस ने पांच खिताब दिलाने रोहित को आश्चर्यजनक रूप से कप्तान पद से हटा कर पंड्या को यह जिम्मेदारी सौंपी है। पंड्या ने कहा कि इसमें पहले के मुकाबले कुछ अलग नहीं होगा। वह मेरी मदद के लिए मौजूद रहेंगे। वह भारतीय टीम के कप्तान है, यह मेरे लिए मददगार होगा क्योंकि इस टीम ने जो भी हासिल किया है वह उनकी कप्तानी में मिला है और मुझे बस इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि यह मेरे लिए अलग तरह की स्थिति होगी। यह अच्छा अहसास होगा क्योंकि हम 10 साल से एक साथ खेल रहे हैं। मैंने अपना पूरा करियर उनके नेतृत्व में खेला है। मुझे उम्मीद है कि वह मेरा समर्थन और मार्गदर्शन करना जारी रखेंगे। पंड्या ने इस बात को स्वीकार किया कि गुजरात टाइटन्स का साथ छोड़ने और मुंबई इंडियंस में रोहित की जगह कप्तान बनने पर प्रशंसकों के एक वर्ग ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा कि प्रशंसकों का वह विद्रोह..... हम प्रशंसकों का सम्मान करते हैं। इसके साथ ही हम खेल पर ध्यान केंद्रित करते हैं और जो आवश्यक है उस पर ध्यान देते हैं। मैं उन चीजों पर ध्यान देने की कोशिश करता हूं जो मेरे हाथ में है। प्रशंसकों के पास हर अधिकार है और



- हरफनमौला खिलाड़ी आईपीएल के साथ शीर्ष स्तर की क्रिकेट में करेंगे वापसी
- गुजरात टाइटन्स को चैंपियन बनाया, अब मुंबई को उनसे होगी ऐसी ही उम्मीद

मैं उनकी राय का सम्मान करता हूं। पंड्या ने कहा कि टीम का कप्तान नियुक्त होने के बाद वह रोहित से पिछले दो महीने से नहीं मिले है। वह सोमवार से शुरू होने वाले टीम के अभ्यास सत्र में पहली बार रोहित से मिलेंगे। उन्होंने रोहित से मुलाकात के बारे में पूछे जाने पर कहा कि हां और ना। वह यात्रा कर रहे हैं और राष्ट्रीय टीम के लिए खेल रहे हैं। हम पेशेवर हैं। अभी दो महीने ही हुए हैं। आज हम अभ्यास मैच खेलेंगे, जब वह यहां आएंगे तो निश्चित तौर पर उनसे बातचीत होगी। यह अनुभवी हरफनमौला खिलाड़ी आईपीएल के साथ शीर्ष स्तर की क्रिकेट में वापसी करेगा। वह अक्टूबर में वनडे विश्व कप के दौरान टखने की चोट के कारण लगभग तीन महीने तक खेल से दूर रहे। उन्होंने कहा कि मेरे शरीर को लेकर कोई समस्या नहीं है, मैं सभी मैचों को खेलने की योजना बना रहा हूं। आईपीएल में मैंने वैसे भी ज्यादा मैच नहीं गंवाए हैं। मैं तकनीकी रूप से तीन महीने के लिए बाहर था। यह एक अजीब चोट थी और इसका मेरी पहले की चोट के साथ कोई लेना-देना नहीं था। मैं गेंद को रोकने की कोशिश में चोटिल हुआ था। इस खिलाड़ी ने पहली बार बड़े मंच पर कप्तानी का दायित्व मिलने के बाद बड़ी सफलता हासिल करते हुए गुजरात टाइटन्स को चैंपियन बनवाया। अब मुंबई को उनसे ऐसी ही उम्मीद होगी।

### मुंबई को सूर्या की फिटनेस को लेकर बीसीसीआई से 'अपडेट' का इंतजार



**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने कहा कि उन्हें टीम के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की फिटनेस को लेकर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से 'अपडेट' का इंतजार है। सूर्यकुमार अभी हर्निया के ऑपरेशन से उबर रहे हैं तथा वह आईपीएल के शुरुआती मैचों से बाहर रह सकते हैं। हमें सूर्यकुमार की फिटनेस को लेकर बीसीसीआई से अपडेट का इंतजार है। हम हमेशा फिटनेस संबंधी समस्याओं से जूझते रहे हैं, लेकिन हमारे पास विश्वस्तरीय चिकित्सा दल है।



# विराट के साथ बल्लेबाजी करना अविश्वसनीय : फाफ डुप्लेसी

**बेंगलुरु, एजेंसी**

आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसी का कहना है कि विराट कोहली टीम के प्रत्येक सदस्य को स्फूर्ति से भर देते हैं जो मैदान पर उनके प्रदर्शन का राज है। डुप्लेसी इस सुपरस्टार से काफी प्रभावित हैं क्योंकि दोनों की पसंद मिलती जुलती है। कोहली ने 2021 सत्र के अंत में कप्तानी से हटने का फैसला किया था जिसके बाद डुप्लेसी को टीम की जिम्मेदारी सौंपी गई।

उन्होंने कहा कि कोहली के साथ बल्लेबाजी का अनुभव अविश्वसनीय होता है। मैं जिनके साथ बल्लेबाजी करना पसंद करता हूं, वह उनमें शामिल है। वह क्रीज पर मुझे काफी ऊर्जा से भर देते हैं। पता नहीं मैदान



पर कैच लपकते हुए वह इतनी ऊर्जा कैसे बरकरार रह पाता है। हम दोनों बहुत प्रतिस्पर्धी हैं और सुनिश्चित करते हैं कि हम टीम के लिए अच्छे कैच लपकें।

कोहली भले ही अब कप्तान नहीं हों, लेकिन उनकी सुझाव और क्षेत्ररक्षण की इकाई की ऊर्जा को बढ़ाने में उनकी भूमिका के डुप्लेसी मुरीद हैं। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ने कहा कि मुझे लगता है कि वह क्षेत्ररक्षकों का सजाने में मेरे लिए महत्वपूर्ण रहता है।

### आरसीबी के अभ्यास शिविर से जुड़े विराट कोहली

विराट कोहली ने आईपीएल से पहले आरसीबी के अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। कोहली अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण देश से बाहर थे। वह रविवार को भारत पहुंचे थे। कोहली को चिन्नास्वामी स्टेडियम का चक्कर लगाते देखा गया। आरसीबी का पहला मैच शुक्रवार को चेन्नई में मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स से होगा।



# लीवरपूल को हरा कर मैनचेस्टर यूनाइटेड सेमीफाइनल में

**एफए कप**

**मैनचेस्टर, एजेंसी।** मैनचेस्टर यूनाइटेड ने अतिरिक्त समय तक चले एफए कप फुटबॉल क्वार्टर फाइनल के मुकाबले में लीवरपूल को 4-3 से शिकस्त दी। यह मुकाबला 2-2 की बराबरी पर था। अमद डियालो ने आखिरी क्षणों में गोल कर कोच एरिक टेन हैग की टीम को जीत दिला दी। मैच के 86वें मिनट में टीम 2-1 से पिछड़ रही थी। एंटोनी ने 87वें मिनट में गोल कर स्कोर को 2-2 से बराबर किया, जिससे मुकाबला अतिरिक्त समय में खिंचा। हार्वी एलियट ने 105वें मिनट में लीवरपूल को 3-2 की बढ़त दिला दी, लेकिन सात मिनट बाद मार्कस रदरफोर्ड के गोल से स्कोर बराबर हो गया। खेल खत्म होने से ठीक पहले अमद के गोल ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को अंतिम चार में पहुंचा दिया। इससे पहले स्कॉट मैकटोमिने ने 10वें मिनट में मैनचेस्टर यूनाइटेड का खाता खोला था। लीवरपूल ने एलेक्सिस मैक्स एलिस्टर और मोहम्मद सालाह के गोल से मध्यांतर से पहले 2-1 की बढ़त बना ली थी। सेमीफाइनल में मैनचेस्टर यूनाइटेड के सामने कोवेंट्री की चुनौती होगी। अंतिम आठ के अन्य मैच में चेल्सी ने स्टॉपेज समय में दो गोल के दम पर लिस्टर सिटी को 4-2 से शिकस्त दी।

# लक्ष्य सेन, सिंधू भारतीय चुनौतियों की करेंगे अगुवाई

**बासेल (स्विट्जरलैंड), एजेंसी**

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन मंगलवार से शुरू होने वाले स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में शानदार लय जारी रखना चाहेंगे तो वहीं पीवी सिंधू की कोशिश एक बार फिर से शिखर पर पहुंचने की होगी।

लक्ष्य ने साल के शुरुआत में मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया ओपन 750 में पहले दौर में हार के बाद शानदार वापसी की है। इस खिलाड़ी ने फ्रेंच ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी 210,000 डॉलर (1.74 करोड़ रुपये) पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत मलेशियाई लियोंग जून हाओ के खिलाफ करेंगे। वह शुरुआती दौर की बाधा पार करने पर 2021 विश्व चैंपियन ली जी जिया से भिड़ सकते हैं। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत पहले दौर में एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता चीनी ताइपे के वांग त्जु-वेई का मुकाबला करेंगे, जबकि युवा प्रियांशु राजावत हांगकांग के चौथी वरीयता प्राप्त ली चेउक यियू की चुनौती से निपटेंगे। सिंधू ने बाएं घुटने की चोट से उबरकर इस महीने की शुरुआत में फ्रेंच ओपन से वापसी की थी, जहां उनका सफर क्वार्टर तक चला था। वह हालांकि इसके बाद ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के दूसरे दौर से बाहर हो गई थीं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का सामना ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप की तरह यहां भी पहले दौर में जर्मनी की वोन्ने लि से होगा। पिछले सप्ताह जर्मनी की इस खिलाड़ी ने चोट लगने से मैच को बीच में छोड़ दिया था। महिला एकल में आकर्षी कश्यप शुरुआत कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ करेंगी। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी मेइलिसा ट्रायस पुस्पिटासारी और राचेल एलेस्या रोज की जोड़ी के खिलाफ अभियान शुरू करेंगी। त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद का सामना अमेरिका की एनी जू और केरी जू से होगा।

### स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट



- लक्ष्य ने मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया ओपन 750 में पहले दौर में हार के बाद की है शानदार वापसी







# वरुण धवन ने फिर शुरू की 'बेबी जॉन' की शूटिंग



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन ने फिर से अपनी आने वाली फिल्म 'बेबी जॉन' की शूटिंग को शुरू कर दी है। वरुण धवन इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'बेबी जॉन' को लेकर काफी चर्चा में बने हुए हैं। वरुण धवन ने कुछ दिनों पहले फिल्म की शूटिंग से किसी कारण से ब्रेक ले लिया था। अब उन्होंने फिर से 'बेबी जॉन' की शूटिंग को शुरू कर दी है। वरुण धवन ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'बेबी जॉन' के सेट से अपनी मस्कुलर बॉडी को फ्लॉन्ट करते हुए अपने चाहने वालों के लिए एक तस्वीर साझा की। तस्वीर साझा करते हुए उन्होंने लिखा, काम पर वापसी, बेबी जॉन। 'बेबी जॉन' का निर्देशन ए कालीस्वरन कर रहे हैं। एटली इस फिल्म को जियो स्टूडियोज और सिने1 स्टूडियोज के साथ मिलकर प्रस्तुत कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण मुराद खेतानी, प्रिया एटली और ज्योति देशपांडे ने किया है। इस फिल्म में वरुण धवन के अलावा कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी, जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 31 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# नौ महीने के लीप के साथ काव्या का नया रूप

**मुंबई, एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो 'काव्या – एक जज्बा एक जुनून' में नौ महीने के लीप के साथ दर्शकों को काव्या का नया रूप देखने को मिलेगा। शो में काव्या के बहनोई, ओमी की मौत के साथ शो में एक हाई पॉइंट देखा गया है। गिरिराज की सौतेली मां बड़ी अम्मा द्वारा संचालित एक साजिश में, एक दुर्घटना में ओमी की मौत हो जाती है जबकि काव्या कोमा में है, लेकिन प्रधान परिवार को लगता है कि काव्या ने अपनी बहन नव्या की मौत का बदला लेने के लिए ओमी को मार डाला। जब काव्या कोमा से बाहर आती है, तो उसे पता चलता है कि ओमी की मौत के लिए उस पर लगे हत्या के आरोप से उसे आईएएस के पद से निलंबित कर दिया गया है और उसका प्रिय आदि अब उससे नफरत करता है क्योंकि उसका मानना है कि उसने ओमी को मार डाला है। काव्या बनी सुम्बुल तौकीर खान ने कहा, अब तक, दर्शकों ने काव्या के जीवन के हर चरण के सफर को देखा है और वो कैसे सूझबूझ से हर स्थिति से निपटती है। 9 महीने के लीप के साथ, दर्शक काव्या का नया रूप देखेंगे जो पहले से ज्यादा बेबाक और ज्यादा साहसी है। जो कुछ भी उसका है उसे वापस पाने का उसका दृढ़ संकल्प उसे अजेय बना देगा! हर स्थिति आपको कुछ न कुछ सिखाती है, काव्या ने यह सब सहा है लेकिन उसने हमेशा सही काम किया है। आगामी एपिसोड में, दर्शक काव्या का सफर देखेंगे जहां वो आईएएस अधिकारी के रूप में बहाल होने के साथ-साथ आदि का प्यार और विश्वास हासिल करने का इरादा रखती है। शो हर सोमवार से शुक्रवार शाम 7 :30 बजे प्रसारित होता है।

## सुपरस्टार सिंगर 3 को मिले टॉप 15 प्रतियोगी

**मुंबई, एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का बच्चों का देसी सिंगिंग रियलिटी शो, सुपरस्टार सिंगर 3 को टॉप 15 प्रतियोगी मिल गए हैं। सुपर जज, नेहा कक्कड़ और कप्तान – पवनदीप राजन, अरुणिता कांजीलाल, सायली कांबले, मोहम्मद दानिश और सलमान अली ने 15 बेमिसाल आवाज़ों को चुना है। इस वीकेंड ग्रैंड प्रीमियर में 'टॉप 15' का खुलासा होगा, जिन्हें हर कैप्टन की टीम में 3 प्रतियोगियों के साथ 5 टीमों में बांटा जाएगा। चंडीगढ़ की लाइसेल राय, नई दिल्ली की पीहू शर्मा, बेंगलुरु की देवानासरिया कूमुल्लिल, महाराष्ट्र के अथर्व बख्शी, पंजाब के आर्यन, प. बंगाल के शुभोदीप सूत्रधार, गुरुग्राम के निशांत गुप्ता, यूपी के क्षितिज सक्सेना और खुशी नागर, कोच्चि की वैष्णवी पणिक्कर, कोलकाता के राजदीप घोष, बेंगलुरु के अनिर्भव और दीया हेगड़े, कोच्चि की मिया महक और भुवनेश्वर के शांतनु मोहंती टॉप 15 में हैं। इस वीकेंड, सुपरस्टार सिंगर 3 के ग्रैंड प्रीमियर रात 8 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा।

# निरहुआ और आम्रपाली दुबे की फिल्म फसल 25 को होगी रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के जुबली स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ और यूट्यूब क्वीन आम्रपाली दुबे की फिल्म फसल 25 मार्च को रिलीज होगी। श्रेयस फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी फसल के निर्माता प्रेम राय हैं और निर्देशक पराग पाटिल हैं। फिल्म के निर्माता प्रेम राय ने कहा कि यह फिल्म भोजपुरी के दर्शकों को होली का उपहार होगी। उन्होंने कहा, फिल्म फसल सिनेमा के साथ-साथ किसानों का प्रतिनिधित्व करती है। इसलिए भारतीय किसानों को समझने के लिए यह फिल्म जरूर देखें। क्योंकि यह हमारे अन्नदाता का सम्मान होगा। निरहुआ ने कहा कि फसल एक ऐसी फिल्म है जिसकी परिकल्पना कभी भोजपुरी में नहीं की गई है। इस फिल्म के किरदार को जीना मेरे बेहतरीन लम्हों में से एक है इसलिए मैं भोजपुरी के दर्शकों से आग्रह करुंगा कि वह जरूर इस फिल्म के देखें और अपना खूब सारा प्यार और आशीर्वाद दें। आम्रपाली दुबे ने कहा कि यह फिल्म न सिर्फ देश के किसानों के बीच जागरूकता लाएगी, बल्कि सरकारी तंत्र की आखें खोलेगी। वहीं देश की महिलाओं के लिए भी बहुत ही खूबसूरत संदेश देने की कोशिश की गई है कि एक पति के सुख-दुख की सहभागी होने के नाते पत्नी का क्या-क्या कर्तव्य हो सकता है। कहानी पराग पाटिल ने लिखी है, जबकि संवाद राकेश त्रिपाठी ने लिखा है। गीत अरविंद तिवारी, प्यारेलाल यादव, विमल बावरा एवं विजय चौहान हैं और संगीतकार ओम झा एवं आर्या शर्मा हैं। गायक आलोक कुमार, कल्पना पटवारी, नीलकमल सिंह, प्रिया सिंह राजपूत, ममता राउत एवं शिल्पी राज है। सह निर्माता सतीश आशवानी हैं। सिनेमेटोग्राफी साहिल जे अंसारी ने की है। एक्शन हीरा यादव का है। कोरियोग्राफर संजय कोर्बे एवं कानू मुखर्जी हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

# लद्दाख में तेजी पकड़ रहा विकास समीक्षा करने पहुंचे सेना के कमांडर




जम्मू,एजेंसी

सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एम.वी. सुचिंद्र कुमार ने सोमवार को लद्दाख के ऊंचाई वाले हिस्सों का दौरा किया, और विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। इन परियोजनाओं से लद्दाख में बलों की परिचालन क्षमताओं में वृद्धि होगी।

उत्तरी कमान ने कहा कि कमांडर ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अभियानगत प्रभावशीलता के मानकों को बनाए रखने में भारतीय सेना और आईटीबीपी के प्रयासों की सराहना की। उत्तरी कमान ने एक्स पर कहा, उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एम.वी. सुचिन्द्र कुमार ने परिचालन तैयारियों और सीमा के बुनियादी ढांचे के विकास की समीक्षा करने के लिए लद्दाख के अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। कुमार ने फरवरी में उत्तरी कमान के रूप में कार्यभार संभाला था।

# पीटीआई के गोपनीय विदेशी बैंक खातों की जांच की मांग

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक सदस्य अकबर एस बाबर ने सोमवार को गृह मंत्री मोहसिन नकवी को पत्र लिखा। इसमें उन्होंने पार्टी के कथित गोपनीय विदेशी बैंक खातों की जांच करने का आग्रह किया।

पत्र में अकबर ने वर्षों पुराने प्रतिबंधित फंडिंग मामले का जिक्र किया। इस मामले में पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने फैसला सुनाया था कि पीटीआई को विदेश से प्रतिबंधित धन मिला। 'डॉन' अखबार की खबर के मुताबिक, पत्र की एक प्रति प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को भी भेजी गई है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि पीटीआई के विदेशी फंडिंग मामले पर 20 महीने पहले फैसला आने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# भारत में दो साल में ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में निवेश घटा

*देश में ऑनलाइन गेम्स का बाजार कोरोना महामारी के दौरान तेजी से बढ़ा। साल 2021 में ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में करीब 4,146 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, लेकिन दो ही साल में इसमें 77 फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई। पिछले साल 2023 में गेमिंग सेक्टर में सिर्फ 506 करोड़ रुपये का ही निवेश हुआ है। साफ है कि ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में कोरोना महामारी के दौरान आया उछाल लंबे समय नहीं टिक सका। 2021 के बाद अगले ही साल 2022 में इसमें 52.03 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। 2024 में इंडस्ट्री में करीब 1988 करोड़ रुपये का ही निवेश हुआ। (मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन की रिपोर्ट)*

**2021** में ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में करीब 4,146 करोड़ रुपये का निवेश हुआ।

### उपभोक्ताओं का खर्च भी घट रहा

गेमिंग इंडस्ट्री का ऐड पर ही नहीं, पिछले 5-6 तिमाही से उपभोक्ताओं का ऑनलाइन गेम्स पर खर्च भी लगातार कम हो रहा है। ऐसा नहीं है कि भारत में ऑनलाइन गेम्स के उपभोक्ता कम हो रहे हैं, लेकिन उनका खर्च कम हो रहा है। ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में लागों की पसंद बदली जा रही है।



### गेमिंग इंडस्ट्री का एड पर खर्च घटकर आधा




ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में निवेश घटने से ऐड बजट भी कम हुआ है। नतीजा प्रचार पर खर्च आधा रह गया है। जहां 2022 में गेमिंग इंडस्ट्री ने ऐड पर 12 फीसदी खर्च किया था, इस साल यह खर्च सिर्फ 6 फीसदी किया गया। रेडशीर की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री पर लगे 28 फीसदी जीएसटी की वजह से सेक्टर में निवेश और ऐड पर खर्च में कमी हुई है। बता दें ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में ग्रोथ की जबरदस्त संभावनाएं है। यह बढ़ती अर्थव्यवस्था में योगदान दे रही है, साथ डिजिटल एडॉप्शन के लिए भी लोगों प्रोत्साहित कर रही है।

### दुनिया में भी घटा निवेश

मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन की रिपोर्ट के मुताबिक, निवेशकों का क्रेज ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में नहीं दिख रहा है। 2023 में निवेशकों ने कोई उत्साह नहीं दिखाया और यह हाल सिर्फ भारत में ही नहीं था, बल्कि दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर में निवेश 2 साल पहले के मुकाबले घटा है। जबकि भारत में ऑनलाइन गेम्स बहुत ज्यादा लोकप्रिय हैं। बता दें, जीएसटी के रीविजन में यह स्पष्ट नहीं है कि ऑनलाइन गेमिंग कितना और कैसे जीएसटी लगेगा। इस वजह से अंतर्राष्ट्रीय निवेशक गेमिंग सेक्टर में वेट एंड वॉच की रणनीति अपना रहे हैं। इसी वजह से सेक्टर में अभी निवेश करने से बच रहे हैं।

## एक नजर

### श्रीनगर में डल झील के किनारे पहली बार हुई कारों की रेस



**श्रीनगर।** केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में पहली बार फॉर्मूला-4 कार रेस शो आयोजित की गई। डल झील के किनारे हुए इस शो में बार रेसर और बाइकर्स ने ललित घाट से नेहरू पार्क तक 1.5 किमी तक हैरतअंगेज करतब भी दिखाए। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में कश्मीरी लोग पहुंचे।

### अमेरिका की ट्रैवल कंपनी अंतरिक्ष में डिनर कराएगी

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका की स्पेस ट्रैवल कंपनी स्पेस वीआईपी अगले साल से लोगों को अंतरिक्ष में डिनर का अनुभव कराएगी। 6 घंटे की इस हाई-टेक स्पेस बैलून यात्रा के लिए 6 लोगों का चुनाव होगा, जिन्हें समुद्र तल से 30 किलोमीटर ऊपर ले जाया जाएगा। इसके लिए एक टिकट की कीमत 4.10 करोड़ होगी। कंपनी ने इस यात्रा के लिए एक मिशेलिन स्टार रेस्तरां से नीदरलैंड के शेफ रसमस मंक को हायर भी कर लिया है।

### ब्रिटेन में आम चुनाव को लेकर सुनक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**लंदन।** ब्रिटेन की मुख्य विपक्षी लेबर पार्टी के



कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन किया। वे मई में आम चुनाव कराने की मांग कर रहे थे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री सुनक ने गुरुवार को मई की शुरुआत में आम चुनाव कराने के लिए मना किया था। सुनक के फैसले के लिखाफ लोगों ने सुनका का मुखौटा लगाकर विरोध प्रदर्शन किया।

### सख्ती देख तस्कर ने विमान में ही छोड़ा 2 किलो सोना, जांच जारी

**अमृतसर।** अमृतसर कस्टम (प्रिवेंटिव) टीम ने यात्री विमान में लावारिस दो किलो सोना जब्त किया है। श्री गुरु रामदास जी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मामला उस वक्त सामने आया जब दुबई से आई फ्लाइट में दो किलो सोने की खेप लावारिस हालत में मिली। फिलहाल अमृतसर कस्टम (प्रिवेंटिव) की टीम ने उसे जब्त करके आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस महीने में एयरपोर्ट और आईसीपी अटारी से सोने की बरामदगी की यह छठी घटना है। कस्टम प्रवक्ता के मुताबिक रविवार को दुबई से आई फ्लाइट एयर इंडिया एक्सप्रेस आईएक्स-198 आई। उन्होंने कहा-मामले की टीम जांच करेगी और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# तीसरे विश्व युद्ध से एक कदम दूर रिकॉर्ड जीत के बाद पुतिन की चेतावनी

## पुतिन के 5वें कार्यकाल से चिंतित यूक्रेन, प. देशों ने चुनाव की आलोचना की

मॉस्को, एजेंसी

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को पश्चिमी शक्तियों को चेतावनी दी है। उन्होंने



कहा कि रूस-नाटो संघर्ष तीसरे विश्व युद्ध से महज 'एक कदम दूर' है। 1962 के क्यूबा मिसाइल संकट के बाद से रूस-यूक्रेन युद्ध ने पश्चिम के साथ मॉस्को के संबंधों में सबसे गंभीर तनाव पैदा कर दिया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पुतिन ने अक्सर परमाणु युद्ध के खतरों के संकेत दिए है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया है कि उन्होंने कभी भी यूक्रेन में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करना जरूरी नहीं समझा है। राष्ट्रपति चुनाव की जीत के बाद पुतिन ने पहले संबोधन में कहा कि भविष्य में रूस और नाटो के बीच सीधे टकराव से इनकार नहीं किया जा सकता, हालांकि, इसमें किसी की दिलचस्पी नहीं है। पुतिन ने कहा 'मुझे लगता है कि आधुनिक दुनिया में सब कुछ संभव है। लेकिन, यह पूर्ण पैमाने पर तीसरे विश्व युद्ध से एक कदम दूर होगा। मुझे लगता है कि इसकी संभावना नहीं है। 15-17 मार्च को होने वाले चुनाव से पहले यूक्रेन ने रूस के खिलाफ अपने हमले तेज कर दिए थे। कीव द्वारा सीमा क्षेत्र पर बड़ी संख्या में सैनिक भेजने पर पुतिन ने कहा कि यहां 'कहीं-कहीं 5 हजार तक लोग' मौजूद हैं।

### मिलकर काम करने के लिए तत्पर भारत-रूस

#### पीएम मोदी ने जीत पर दी बधाई



व्लादिमीर पुतिन के पांचवीं बार राष्ट्रपति चुने जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उन्हें बधाई दी है। पीएम मोदी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए लिखा है व्लादिमीर पुतिन को रूसी संघ के राष्ट्रपति के रूप में एक बार फिर निर्वाचित होने के लिए हार्दिक बधाई। आने वाले वर्षों में भारत और रूस के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं।

### चुनाव वोटिंग

| | |
|---|---|
| 1991 | 74.6% |
| 1996 | 69% |
| 2000 | 68.6% |
| 2004 | 64.3% |
| 2008 | 69.7% |
| 2012 | 65.2% |
| 2018 | 67.5% |
| 2024 | 73% |

### दुनिया के देशों ने पुतिन की जीत पर क्या कहा

रूस में संपन्न हुए चुनाव पर दुनियाभर की प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। पश्चिमी देशों ने चुनावों की आलोचना की है। रूस के साथ युद्ध लड़ रहे यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि पुतिन हमेशा के लिए शासन करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'चुनाव की कोई वैधता नहीं है और न ही हो सकती है। अमेरिका ने चुनाव को लेकर कहा कि ये स्पष्ट रूप से न तो स्वतंत्र और न ही निष्पक्ष थे। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा, 'चुनाव स्पष्ट रूप से स्वतंत्र या निष्पक्ष नहीं हैं क्यों पुतिन ने राजनीतिक विरोधियों को कैसे कैद किया और दूसरों को उनके खिलाफ लड़ने से रोका।

# नेपाली संसद के पूर्व अध्यक्ष सोना तस्करी में गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल की संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के पूर्व अध्यक्ष और सत्ताधारी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य कृष्ण बहादुर महरा को सोना तस्करी के मामले में



सोमवार को गिरफ्तार किया गया। उन्हें काठमांडू लाया गया है।

प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड की अगुआई वाली नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी-सेंटर) के उपाध्यक्ष 65 वर्षीय महरा को कपिलवस्तु जिले के पकड़ी से गिरफ्तार किया गया। नेपाल पुलिस ने इसी मामले में पूर्व उपराष्ट्रपति नंद बहादुर पुन के बेटे दिपेश पुन को 15 मार्च को गिरफ्तार किया। दिपेश भी सत्ताधारी सीपीएन (माओवादी सेंटर) के छात्र संगठन का महासचिव है। जबकि महरा के बेटे राहुल को पिछले वर्ष 30 अगस्त को सोना तस्करी में गिरफ्तार किया गया था। काठमांडू पोस्ट समाचारपत्र के अनुसार, उपप्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री रबी लामिछाने ने रविवार को सोना तस्करी पर जांच आयोग की रिपोर्ट लागू करने का आदेश दिया था।

# पाकिस्तान की अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक, 8 लोगों की मौत

इस्लामाबाद, एजेंसी

- आतंकी संगठन टीटीपी के ठिकानों को बनाया निशाना, दोनों देशों के बीच बढ़ा तनाव

पाकिस्तान की एक सैन्य चौकी में दो दिन पहले हुए बम विस्फोट मामले में अब पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को जवाब दिया है। पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान में आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के ठिकानों को निशाना बनाया है।

पाकिस्तान के दो सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को अफगानिस्तान में स्थित पाकिस्तान तालिबान संगठन के कई ठिकानों पर हवाई हमले किए गए हैं। हालांकि, पाकिस्तानी सेना की ओर से इस मामले में कोई बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन तालिबान सरकार ने अफगानिस्तान में किए गए हवाई हमलों की निंदा की है। वहीं, पाकिस्तानी तालिबान संगठन ने एक बयान जारी कर हवाई हमले की पुष्टि की है।


प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने एक बयान में कहा कि पक्तिका के बरमल जिले में पाकिस्तान के हवाई हमले में तीन महिलाएं और तीन बच्चे मारे गए, जबकि खोस्त प्रांत में हुए हमले में दो अन्य महिलाएं मारी गई हैं। बता दें कि दो दिन पहले उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में स्थित एक सैन्य चौकी



आतंकी संगठन द्वारा निशाना बनाया गया था। एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरे ट्रक को उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में एक सैन्य चौकी में घुसा दिया था। इस हमले में सात सैनिकों की मौत हो गई थी।

विश्लेषकों ने कहा कि तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद से पूर्व जनजातीय क्षेत्रों में आतंकवादियों का हौसला बढ़ गया है, टीटीपी सुरक्षा अधिकारियों के खिलाफ बढ़ते अभियान चला रहा है। तालिबान पाकिस्तानी आतंकवादियों को पनाह देने से इनकार करता है। तालिबान अधिकारियों ने कहा कि 2022 में पाकिस्तानी सैन्य हेलीकॉप्टरों ने सीमा के अफगान क्षेत्र में हमले किए जिसमें कम से कम 47 लोग मारे गए।

### भूमि के नीचे लैब...



**बीजिंग :** चीन गुआंगडोंग प्रांत के काईपिंग शहर में जियांगमैन अंडरग्राउंड न्यूट्रिनो लैब (जूनो) बना रहा है। यह न्यूट्रिनो यानी एटम (परमाणु) के आकार से भी छोटे कणों का निरीक्षण करेगी। लैब जमीन से 700 मीटर नीचे 35 मीटर व्यास के गोल आकार वाले डिटेक्टर के रूप में बनाई जा रही है। यह इस साल के अंत तक बना जाएगी। यह दुनिया की पहली न्यूट्रिनो डेटा जुटाने वाली लैब भी होगी। वहीं जापान 2027 और अमेरिका की लैब 2031 में डेटा जुटाना शुरू करेगी। एजेंसी

# भारत की रसमलाई दुनियाभर में दूसरा सबसे स्वादिष्ट चीज डेजर्ट

**जागरेब, एजेंसी।** दुनिया के सबसे स्वादिष्ट चीज डेजर्ट में भारत की रसमलाई ने अपनी जगह बनाई है।



फूड एंड ट्रैवल गाइड प्लेटफॉर्म टेस्ट एटलस ने दुनिया के टॉप 10 चीज डेजर्ट की लिस्ट जारी की है। इसमें रसमलाई ने दूसरा स्थान हासिल किया।

वहीं इसमें सबसे ऊपर पोलैंड की सेर्निक मिठाई है, जो खास तरह के पनीर, अंडे और चीनी से बनती है। इसके अलावा तीसरे स्थान पर ग्रीस की सफाकियानोपिटा है, जो मलाईदार स्थानीय पनीर से भरी एक पाई डिश है। टॉप 10 में अन्य मिठाइयां: 1-सेर्निक, पोलैंड, 2- रस मलाई, भारत, 3- सफाकियानोपिटा, ग्रीस, 4- न्यूयॉर्क स्टाइल चीजकेक, यूएसए, 5- जापानी चीजकेक, जापान, 6- बास्क चीजकेक, स्पेन, 7-राकोस्जी टुरोस, हंगरी, 8- मेलोपिटा, ग्रीस, 9- कासेकुचेन, जर्मनी, 10-मीसा रेज़ी, चेक रिपब्लिक शामिल हैं।

# विधायकों को अयोग्य ठहराने के फैसले पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- हिमाचल प्रदेश विस के अध्यक्ष ने छह विधायकों को किया था अयोग्य घोषित



हिमाचल प्रदेश के बागी विधायकों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष के उस फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष ने बागी विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने बागी विधायकों को वोट देने और विधानसभा की कार्यवाही में शामिल होने की इजाजत भी नहीं दी है।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने दल-बदल विरोधी कानून के तहत कांग्रेस के छह विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया था। अयोग्य घोषित किए गए विधायकों ने पार्टी व्हिप के खिलाफ जाकर 27 फरवरी को हुए राज्यसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान किया। जिन विधायकों को अयोग्य घोषित किया गया, उनमें सुधीर शर्मा, राजेंद्र राणा, देवेंद्र भुट्टो, रवि ठाकुर, इंद्रदत्त लखनपाल, चैतन्य शर्मा का नाम शामिल है। बागी विधायकों की क्रॉस वोटिंग के चलते 40 विधायकों वाली कांग्रेस को 25 सीटों वाली भाजपा के सामने राज्यसभा सीट गंवानी पड़ी थी। बागी विधायकों के खिलाफ विधायी मामलों के मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बागी विधायकों के खिलाफ याचिका दायर कर उन्हें अयोग्य घोषित करने की मांग की थी क्योंकि उन्होंने पार्टी के व्हिप का उल्लंघन किया। फैसले के के खिलाफ विधायक सुप्रीम कोर्ट पहुंचे, जहां से भी उन्हें निराशा हाथ लगी है।

# इजराइली सेना का अल शिफा अस्पताल पर हमला, इमारत ढही

गाजा, एजेंसी

- आतंकियों के छिपे होने का दावा आईडीएफ ने आत्मसमर्पण करने का किया आह्वान

इजराइल ने गाजा के अल शिफा अस्पताल में सैन्य अभियान शुरू किया है। इजराइल ने दावा किया कि हमास के कुछ आतंकी अल शिफा अस्पातल में छिपे हुए हैं। इजराइली रक्षा बल(आईडीएफ) के प्रवक्ता ने सोमवार तड़के कहा कि यह ऑपरेशन एक ठोस खुफिया जानकारी के बाद किया गया।

हमारा मकसद नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के बजाए हमास के आतंकवादियों से मुकाबला करना है। आरएडीएम हगारी ने कहा कि हम जानते हैं कि हमास के वरिष्ठ आतंकवादी अल शिफा अस्पताल के अंदर फिर इकट्ठा हो गए, जिनकी मंशा इजराइल के खिलाफ एक ओर हमला करना था। आतंकवादियों के खात्में के तहत हमने यह कार्रवाई की। हम नागरिक के हितों को ध्यान में रखकर कार्रवाई करते हैं। आईडीएफ ने अस्पताल परिसर में मरीजों की सहायता के लिए अरबी बोलने वालों और चिकित्सा कर्मियों को तैनात किया है। लगातार क्षेत्र में नागरिकों की सहायता के लिए भी हम प्रतिबद्ध है। इजराइली सेना ने हमास के आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने का आह्वान किया। साथ ही इजराइल ने कहा कि आतंकवादी गतिविधियों के लिए चिकित्सा सुविधाओं का कभी भी उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। हमास नियंत्रित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि हम अल शिफा मेडिकल कॉम्प्लेक्स के अंदर मेडिकल स्टाफ, मरीजों और विस्थापित लोगों के जीवन के लिए इस्राइली कब्जे को जिम्मेदार मानते हैं।

**विज्ञान** कल से शुरू होगा वसंत विषुव का आगाज, पृथ्वी का धुरी पर झुकाव वर्ष के समय में अंतर लाता है


# उत्तरी गोलार्ध में अब लंबे होने शुरू होंगे दिन

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** कंही दिन बड़े तो कंही की रातें। बुधवार से उत्तरी गोलार्ध में दिन लंबे होने जा रहे हैं और दक्षिणी गोलार्ध मे रातें । उत्तरी गोलार्ध में वसंत विषुव का आगाज 20 मार्च को होगा यानी दिन व रात की अवधि लगभग बराबर हो जाएगी।

पृथ्वी का अपनी धुरी पर झुकाव वर्ष के समय में अंतर लाता है। अब सूर्य उत्तरी गोलार्ध में आसमान के ऊपर से अपना सफर तय करेगा।

इस वजह से उत्तरी गोलार्ध में वसंत के साथ गर्मी की शुरुआत होने जा रही है। वही दक्षिणी गोलार्ध में पतझड़ के साथ शरद ऋतु की शुरुआत होने जा रही है। भारतीय समय के अनुसार वसंत विषुव 20 मार्च को 8.36 बजे होगा यानी इस समय से सूर्य की किरणें उत्तरी गोलार्ध में अधिक पड़ने लगेंगी। इसका अर्थ उत्तरी गोलार्ध में दिन लंबे होने लगेंगे। इसके विपरित दक्षिणी गोलार्ध में राते लंबी होनी शुरू हो जाएंगी। यह दिन भले ही दक्षिण के लिए शरद व उत्तरी गोलार्ध में वसंत विषुव कहलाता हो, लेकिन वास्तव में यह मार्च विषुव है। यह एक ऐसा समय है, जब पृथ्वी के दोनो गोलार्द्धों में रात व दिन का समय लगभग बराबर हो जाता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम पृथ्वी पर कहां हैं, विषुव हमारे लिए मौसमी प्रभाव लाता है, जो दुनिया भर के प्रकृति प्रेमियों पर विशेष प्रभाव डालता है। अक्सर कहा जाता है कि आज वसंत विषुव को दिन और रात की लंबाई बराबर होती है। दरअसल इक्विनॉक्स शब्द लैटिन के एक्वस (बराबर) और नॉक्स (रात) से आया है। प्राचीनकाल में टाइम कीपिंग आज की तुलना में अधिक सटीक नही थी। जिस कारण कहा जाता था कि वसंत विषुव पर दिन और रात बराबर होते हैं। मगर वास्तविकता यह है कि ऐसा नहीं है, बल्कि दिन व रात की अवधि में क्षणिक मात्र का अंतर होता है।




दिन – रात समय चक्र का चित्र।

### दक्षिणी गोलार्ध पर सीधी तो कभी तिरछी पड़ती है सूर्य की रोशनी

पृथ्वी सीधी परिक्रमा नहीं करती है और यह अपनी धुरी (अक्ष) पर 23.5 डिग्री झुकी हुई है। इसलिए पृथ्वी के उत्तरी और दक्षिणी गोलार्ध मे सूर्य की रोशनी कभी सीधी तो कभी तिरछी पड़ती है। जिस क्षेत्र में सीधी किरणे पड़ेंगी , वहां गर्मी होगी और इसके विपरीत दिशा में ठंड का मौसम होगा। वर्ष में दो बार विषुव होता है, जो मार्च व सितंबर में होता है।

# असम में तीन से पांच लाख लोग सीएए के तहत करेंगे आवेदन

गुवाहाटी, एजेंसी

- मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा- राज्य में बड़े पैमाने पर आवेदन होने की उम्मीद

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में करीब तीन-पांच लाख लोग सीएए के तहत भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करेंगे।

सीएम सरमा ने कहा कि राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के तहत 7 लाख मुसलमानों और 5 लाख हिंदू-बंगालियों को बाहर रखा गया है, जो सीएए के तहत देश में नागरिकता के लिए आवेदन करेंगे। सीएम ने कहा कि कई हिंदू-बंगाली अलग-अलग समय पर भारत आए थे और शरणार्थी शिविरों में रुके थे। उन्होंने कहा कि एनआरसी सूची को जब तैयार किया गया था तो 'प्रतीक हजेला' नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स के असम राज्य समन्वयक ने उनके शिविरों में रहने के प्रमाण के रूप में एक स्टाम्प पेपर को स्वीकार नहीं किया था, जिसके कारण कई हिंदू-बंगालियों के नाम एनआरसी में शामिल नहीं किए गए। सीएम सरमा ने दावा किया कि सीएए के तहत राज्य में आवेदन तीन से पांच लाख होंगे, जिसमें 10 प्रतिशत त्रुटि की संभावना होगी। उन्होंने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर आवेदन होने की उम्मीद नहीं है। सीएम ने कहा कि इतने लंबे समय तक राजनीति में रहने के बाद राज्य पर मेरी पकड़ काफी मजबूत हो गई है। मालूम हो कि सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एनआरसी 31 अगस्त, 2019 को प्रकाशित हुआ। 3.4 करोड़ आवेदकों में से 19 लाख को बाहर कर दिया गया।